दैनिक
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — भाजपा का राम जन्मभूमि दर्शन के साथ...
4 अभिव्यक्ति — नागरिकता पर बड़ा दांव...
9 मनोरंजन/व्यापार — दीपिका पादुकोण के साथ काम करेंगी अनन्या...
11 खेल — नंबर-1 विराट और स्मिथ में फासला...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, मंगलवार 17 दिसम्बर, 2019, पौष कृष्ण पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-245 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

कानून हाथ में नहीं ले सकते छात्र: सीजेआई

जामिया हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज, शांति होगी तभी सुनेंगे

नई दिल्ली ए.। जामिया मामले पर सुप्रीम कोर्ट कल यानी मंगलवार को सुनवाई करेगा। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ जामिया और अलीगढ़ हिंसा मामले पर सीनियर वकील इंदिरा जयसिंह ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। जामिया मामले पर सख्त टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस एसए बोबडे ने कहा कि शांति होगी तभी मामले को सुनेंगे। अगर सड़क पर उतरना है तो हमारे पास नहीं आओ। उन्होंने कहा कि तोड़फोड़ हिंसा जारी रही तो हम कल मामले को नहीं सुनेंगे। दरअसल, सीनियर वकील इंदिरा जयसिंह ने चीफ जस्टिस बोबडे की बेंच को मामले का स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया था। उन्होंने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

60 लोग घायल, इंटरनेट बंद

नागरिकता (संशोधन) कानून का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों की जामिया मिल्लिया इस्लामिया के समीप न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में पुलिस के साथ झड़प हो गई, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने डीटीसी की चार बसों और दो पुलिस वाहनों में आग लगा दी। झड़प में छात्रों, पुलिसकर्मियों और दमकलकर्मी समेत करीब 60 लोग घायल हो गए। साथ ही अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में भी पुलिस के साथ छात्रों की झड़प हुई, जिसमें करीब 60 लोग घायल हो गए। इसके बाद प्रशासन ने आज इंटरनेट पर रोक लगा दी है।

पीएम मोदी ने की अपील

पीएम ने सिलिसिलेवार ट्वीट कर कहा कि नागरिकता कानून पर हिंसात्मक विरोध प्रदर्शन दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। पीएम ने बांटने वालों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि यह कानून हमारे भाईचारे को दर्शाने वाला है। पीएम ने कहा कि बहस, चर्चा और असहमति लोकतंत्र का अहम हिस्सा हैं। लेकिन सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना और सामान्य जनजीवन को नुकसान पहुंचाना हमारा स्वभाव नहीं है।

13 याचिकाओं पर सुनवाई 18 को

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफदायर याचिकाओं की सुनवाई 18 दिसबंर को करेगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने मामले का विशेष उल्लेख मुख्य न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की खंडपीठ के समक्ष किया और त्वरित सुनवाई का उससे अनुरोध ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अफवाह और हिंसा रोकने को दो मोर्चे पर जुटी सरकार

नागरिकता कानून के खिलाफदिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में हिंसक प्रदर्शनों को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने कोशिशें शुरू कर दी हैं। एक तरफगृह मंत्रालय ने हिंसा को रोकने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अडवाइजरी जारी की है तो दूसरी तरफनागरिकता ऐक्ट पर कुछ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छात्र कानून को हाथ में न ले

सुप्रीम कोर्ट के चीफजस्टिस सीए बोबडे ने जामिया हिंसा मामले पर नाराजगी जाहिर की। चीफजस्टिस एसए बोबडे ने कहा कि क्योंकि वे स्टूडेंट्स हैं, इसका मतलब ये नहीं कि वे कानून-व्यवस्था अपने हाथ में ले लेंगे। हिंसा रूक जाएगी, तभी हम इस मामले को सुनेंगे। देश के प्रधान न्यायाधीश शरद अरविंद बोबड़े ने कहा, वे विद्यार्थी हैं, इसका अर्थ यह नहीं है कि वे कानून एवं व्यवस्था अपने हाथ में ले सकते हैं, इस पर सब कुछ शांत होने पर फैसला लेना होगा। इस समय ऐसा माहौल नहीं है, जब हम कुछ तय कर सकें, दंगे रुकने दीजिए।

हिंसा, बंटवारे की जननी बनी मोदी सरकार

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आरोप लगाया है कि सरकार के इशारे पर लोगों को पिटवाकर कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार खुद ही हिंसा तथा बंटवारे की जननी बन गयी है। श्रीमती गांधी ने कहा देशभर में जारी हिंसा के बीच जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ मारपीट की गयी। सरकार का काम शांति एवं सौहार्द्र बनाए रखना, कानून का शासन चलाना एवं संविधान की रक्षा करना है लेकिन मोदी सरकार ने देश तथा देशवासियों पर हमला बोल दिया है।

मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ लड़ेगा देश

नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में असम से दिल्ली तक चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच विपक्ष ने सरकार पर हमले तेज कर दिए हैं। कांग्रेस महासचिव ने सोमवार शाम को इंडिया गेट पर धरना दिया और सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि वह देश की आत्मा पर हमला कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार तानाशाही रवैया दिखा रही है और हम उसके खिलाफ लड़ेंगे।

आज बेबाक

नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ने की जगह विघ्नसंतोषी संड़कों पर उतर कर सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचा रहे है। ऐसा करके वे यदि यह समझते है कि हिंसा करने से उनकी मांग पूरी हो जाएगी तो वे मुगालते में है। हिंसा के जरिए कभी किसी समस्या का समाधान नहीं होता, उलटे देश का नुकसान होता है। लम्हों की खता सदियों तक भुगतनी पड़ती है। इसके लिए जितने दोषी अराजक तत्व है उतनी ही जिम्मेदार अकर्मण्य सरकार भी है। हिंसा पर उतारू ऐसे उपद्रवियों को सीधे ठोक देना चाहिए। लातों के भूत बातों से नहीं मानेंगे।

खास खबर

आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम की विधायकी रद्द

प्रयागराज (ए.)। यूपी के रामपुर से सांसद आजम खान को सोमवार को बड़ा झटका लगा। इलाहबाद हाईकोर्ट ने आजम खान के बेटे और रामपुर की स्वार विधानसभा सीट से विधायक अब्दुल्ला आज़म का निर्वाचन रद्द कर दिया है। सीट से दावेदार रहे नवाब काजिम अली ने अब्दुल्ला के खिलाफयाचिका दायर की थी। काजिम अली ने अब्दुल्ला की उम्र कम होने के कारण निर्वाचन रद्द करने का अनुरोध किया था। चुनाव के समय वह 25 साल के भी नहीं थे इसलिए चुनाव लड़ने के अयोग्य थे।

झारखंड में पांच सीटों पर 56.02% पड़े वोट

रांची (वार्ता)। झारखंड में चौथे चरण की 15 विधानसभा सीटों में से पांच पर आज अपराह्न तीन बजे मतदान समाप्त हो गया और इस दौरान सभी सीटों के लिए कुल 56.02 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य कार्यालय सूत्रों ने यहां बताया कि इन 15 सीट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ।

बंगाल में बवाल, गवर्नर ने ममता को किया तलब

कोलकाता ए.। पश्चिम बंगाल में सीएम ममता बनर्जी और उनकी सरकार के मंत्रियों के नागरिकता संशोधन ऐक्ट के खिलाफ प्रदर्शन करने पर प्रदेश के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है। ममता और उनके मंत्रियों द्वारा नए नागरिकता कानून के खिलाफ निकाले गए जुलूस से नाराज राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने सोमवार को उनसे कहा कि वह असंवैधानिक और भड़काऊ गतिविधियों से दूर रहें। राज्यपाल ने सीएम ममता बनर्जी को राजभवन में बैठक के लिए बुलाया है।

ईओडब्ल्यू में डॉ. रमन के खिलाफ शिकायत

■ **पूर्व सीएम के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच के लिए कांग्रेस नेता नवाज खान ने एसपी को लिखा पत्र**

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के खिलाफ कांग्रेस के राजनांदगांव ग्रामीण जिला अध्यक्ष नवाज खान ने आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) से कथित भ्रष्टाचार के मामले की शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में उन्होंने ईओडब्ल्यू के एसपी को पत्र लिखा है। इसमें मांग की गई है कि डॉ. रमन के विरुद्ध आर्थिक अनियमितता व आय से अधिक संपतित अर्जित करने के मामले की जांच हो।

पत्र में खान की ओर से बताया गया है कि आरटीआई के तहत उन्हें प्राप्त जानकारी के मुताबिक रमन सिंह द्वारा वर्ष 2008, 2013 एवं 2018 के विधानसभा चुनाव में अपने व अपने परिवार के सदस्यों की संपत्ति का जो ब्योरा दिया उससे साफ है कि डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री रहते असीमित संपत्ति अर्जित की।

लिहाजा उनके खिलाफ जांच होनी चाहिए। खान की ओर से उन्हें आरटीआई से प्राप्त डॉ. सिंह व उनके परिवार की संपत्ति का ब्योरा भी पत्र में दिया गया है। जो इस प्रकार है।

विधायक सेंगर दुष्कर्म, अपहरण मामले में दोषी करार

नई दिल्ली, (वार्ता)। दिल्ली की तीस हजारी अदालत ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव बलात्कार एवं अपहरण मामले में सोमवार को फैसला सुनाते हुए भाजपा के निष्कासित विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दोषी ठहराया।

सत्र न्यायाधीश धर्मेश सिंह ने सेंगर को दोषी ठहराते हुए कहा कि इस मामले में सजा के लिए अदालत में बहस 19 दिसंबर को होगी। सेंगर के वकील हालांकि सजा के लिए आज ही बहस चाहते थे। अदालत ने इस मामले में एक अन्य आरोपी महिला शशि सिंह को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। शशि सिंह पर पीड़िता को बहला-फुसला कर विधायक के घर ले जाने का आरोप था।

सेंगर यूपी में उन्नाव जिले की बांगरमऊ विधानसभा सीट से भाजपा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बलात्कार मामलों के लिए समिति गठित

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने बलात्कार के मामलों पर नजर रखने और त्वरित निपटारे के लिए दो सदस्यीय समिति गठित की है। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एस ए बोबडे ने प्रशासनिक स्तर पर निर्णय लेते हुए देश में बलात्कार के प्रत्येक मामले पर निगाह रखने और जल्द से जल्द मामले के निपटारे के लिए सोमवार को दो न्यायाधीशों की एक समिति गठित की है। न्यायमूर्ति बोबडे ने इस समिति में न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एम आर शाह होंगे, जो निचली अदालतों और उच्च न्यायालयों में मामले के त्वरित निपटारे के लिए कदम उठाएंगे।

बारिश: जो किसान धान नहीं बेच पाएंगे उन्हें अगले दिन धान बेचने की सुविधा

नवप्रदेश संवाददाता

■ **धान को भीगने से बचाने ताल पतरी की व्यवस्था**

■ **अब तक 13.93 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी**

रायपुर। प्रदेश के कुछ हिस्सों में आकस्मिक बूंदा-बांदी की वजह से जो किसान आज धान नहीं बेच पाएंगे उनका धान अगले दिन खरीदने के व्यवस्था की गई है। प्रदेश के उपार्जन केन्द्रों में खरीदे गए धान को भीगने से बचाने के लिए पर्याप्त ताल पतरी की व्यवस्था की गई है।

खाद्य विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने बताया कि राज्य में अब तक 13.93 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। धान खरीदी के साथ-साथ पंजीकृत मिलरों द्वारा धान का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मनरेगा में छत्तीसगढ़ को 7 पुरस्कार

■ **पामगढ़ विकासखंड देशभर में दूसरे स्थान**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मनरेगा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए प्रदेश का चयन केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सात पुरस्कारों के लिए किया गया है। इनमें मनरेगा के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए राज्यों को दिए जाने वाले तीन, जिलों और विकासखंडों को दिए जाने वाले ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कृषि मंत्री तोमर 19 को देंगे पुरस्कार

केन्द्रीय ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर 19 दिसम्बर को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर, नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ को ये पुरस्कार प्रदान करेंगे। प्रदेश को मनरेगा के तहत जियो-मनरेगा इनीशिएटिव्ह के क्रियान्वयन में देशभर में दूसरा, कार्यपूर्णता में दूसरा और सुशासन इनीशिएटिव्ह के क्रियान्वयन में दूसरा स्थान मिला है। जिला प्रशासन द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुंगेली का चयन किया गया है।

गरमा-गरम

सराहना — वेस्ट इंडीज के पूर्व कप्तान ड्वेन ब्रावो पहुंचे पाहंदा, नरवा, गरवा, घुरवा, बारी योजना को समझाया अफसरों ने

'आपका काम देखने कैरेबियन द्वीप से आया हूं'

दुनिया महिलाओं की तरक्की से आगे बढ़ेगी। दुनिया को आगे बढ़ाना है तो महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करना होगा। उन्हें ऐसे अवसर उपलब्ध कराने होंगे जिससे वे सशक्त हों।

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। वेस्ट इंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ड्वेन ब्रावो ने सोमवार को दुर्ग जिले के पाटन ब्लाक के पाहंदा की महिलाओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के साथ अपनी मुलाकात का मकसद भी बताया। कहा कि उनका यहां आने का मकसद ऐसी महिलाओं से मिलना था जो अपने पैरों पर खड़ा होने आर्थिक अवसरों की तलाश में घर से निकली हैं। आपसे मिलने मैं इतने दूर अपने वतन से आपके पास आया हूं। आपसे मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई है। आप लोगों ने मेरा इतना अच्छा स्वागत किया, इससे मैं अभिभूत हूं।

महिलाओं ने बताया कैसे गौठान ने किया उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त

ब्रावो ने पाहंदा में के गौठान में स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाओं से चर्चा की। महिलाओं ने ब्रावो को बताया कि किस प्रकार गौठान के माध्यम से उनके लिए आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर खुले हैं। ब्रावो के साथ दुभाषिये भी आए थे, जिनके माध्यम से वे अपनी बात महिलाओं से कर रहे थे। महिलाओं ने बताया कि यहां बड़ी संख्या में पशु आते हैं, जिनके गोबर से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी सोच भी बताई

ब्रावो ने महिलाओं से कहा कि उनकी यह सोच है कि दुनिया महिलाओं की तरक्की से आगे बढ़ेगी। दुनिया को आगे बढ़ाना है तो महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करना होगा। उन्हें ऐसे अवसर उपलब्ध कराने होंगे जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हों। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से सशक्त होने के लिए आजीविकामूलक गतिविधियों को अपनाना होगा।

दिल्ली के बाद नदवा कॉलेज में छात्रों का पथराव

लखनऊ के नदवा कॉलेज में छात्रों का उग्र प्रदर्शन, पुलिस पर पत्थरबाजी, कॉलेज के गेट को किया बंद, भीतर से छात्रों ने पुलिस पर फिर किया पथराव

- **मौके पर बड़ी तादाद में पुलिस वालों को तैनात किया गया है, दमकल की कई गाड़ियां भी पहुंची**
- **जामिया के छात्रों के समर्थन में रविवार रात से ही नदवा कॉलेज के छात्र हैं आक्रोशित**

लखनऊ (वार्ता)। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ जामिया और अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के बाद अब लखनऊ के नदवा कॉलेज में उग्र प्रदर्शन शुरू हो गया है। दारुल उलूम नदवातुल उलामा (नदवा कॉलेज) के गेट पर छात्रों और पुलिस में हिंसक झड़प के हालात बन रहे हैं। पुलिस ने कॉलेज के गेट को बंद कर दिया है। भीतर से सैकड़ों छात्र जामिया के छात्रों के समर्थन में नारेबाजी कर रहे हैं। इसके अलावा छात्र गेट की दूसरी तरफ खड़े पुलिसवालों पर ईंट-पत्थर भी फेंके। कुछ पुलिसवाले भी छात्रों पर जवाबी पत्थरबाजी करते दिखे।

यूपी के डीजीपी ओ. पी. सिंह ने पीटीआई से कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया, 'नदवा कॉलेज के कुछ छात्र पत्थरबाजी कर रहे थे। कोई जख्मी नहीं हुआ है। हालात नियंत्रण में हैं।' डीजीपी ने कहा, 'नदवा के कुछ छात्रों ने विरोध-प्रदर्शन की कोशिश की और अंदर से पत्थर फेंके। उन्हें बाहर आने से रोक लिया गया। किसी को भी कैंपस से बाहर नहीं आने दिया गया।' मौके पर बड़ी तादाद में पुलिस की तैनाती की गई है। इसके अलावा फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों को भी भेजा गया है। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ यूपी के अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में पहले से ही उग्र विरोध-प्रदर्शन हो रहा है। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डीजीपी से हालात के बारे में जानकारी ली।

नदवा कॉलेज में रविवार शाम से ही छात्र जामिया और एमएमयू के छात्रों के साथ एकजुटता का इजहार करने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। कल देर रात करीब 200 से ज्यादा छात्र अपने-अपने हॉस्टलों से बाहर निकलकर सड़कों पर प्रदर्शन किया। छात्रों का विरोध मार्च शुरू होने के 10 मिनट बाद ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और उन्हें कॉलेज परिसर के अंदर जाने को मजबूर कर दिया।

बता दें कि रविवार दोपहर करीब 3 बजे साउथ दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में प्रदर्शनकारियों ने जमकर तांडव मचाया। नागरिकता संशोधन कानून का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने 3 बसों और कुछ अन्य गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया।

इतना ही नहीं, आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियों को भी निशाना बनाया गया। दमकल की एक गाड़ी को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और कई दूसरी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। इस हिंसा के बाद दिल्ली पुलिस जामिया कैंपस में घुस गई। छात्रों का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें कैंपस में घुसकर पीटा।



पुलिस की अपील अफवाहों से बचे

पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना की जानकारी दी। दिल्ली पुलिस के पीआरओ एमएस रंधावा ने कहा, 'इस घटना को लेकर बहुत सी अफवाहें चल रही हैं, मैं सभी से विशेष रूप से छात्रों से अपील करता हूं कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें। इस घटना में जो भी शामिल है, उसके खिलाफकार्रवाई की जाएगी। आप किसी भी अफवाह पर भरोसा न करें। बच्चे चिंता मत करें, घबराएं न और किसी भी बहकावे में न आएं। ऐक्शन उन्हीं के खिलाफलिया जाएगा जो इसमें अवैध रूप से शामिल हैं। हम संदिग्धों की पहचान कर रहे हैं।

छात्रों पर हुई कार्रवाई : जामिया प्रशासन

दिल्ली के प्रतिष्ठित विश्विद्यालय जामिया मिलिया इस्लामिया में पुलिस कार्रवाई और प्रदर्शन पर वीसी डॉक्टर नजमा अख्तर ने अफसोस जताते हुए कहा कि हमारे छात्रों पर जो कार्रवाई हुई है इससे हम आहत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जामिया में हुई हिंसा का नुकसान कैसे होगा। उन्होंने छात्रों से अपील की है कि किसी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। आगजनी की घटना में छात्रों के शामिल होने से भी वीसी ने इनकार किया। यूनिवर्सिटी में पुलिस कार्रवाई के खिलाफशिकायत करने की बात वीसी प्रफेसर अख्तर ने कही। उन्होंने कहा, 'हमारी यूनिवर्सिटी का बहुत नुकसान हुआ है इसकी भरपाई कैसे होगी? इसके साथ ही जो हमारे बच्चों का भावनात्मक नुकसान हुआ है उनके साथ हिंसा हुई है, हम उसके लिए बहुत चिंतित हैं। हम यूनिवर्सिटी के अंदर पुलिस की एंट्री के खिलाफआज एफआईआर दर्ज कराएंगे।'

हिंसा में कोई भी छात्र नहीं हुआ शामिल

उधर, छात्रों का कहना है कि वे इस हिंसा में शामिल नहीं थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों का विरोध प्रदर्शन था जिसको समर्थन देने के लिए वे गए थे। हिंसा से उनका कोई लेनादेना नहीं है। जामिया प्रशासन ने भी हिंसा में किसी भी छात्र के शामिल नहीं होने की बात कही है।

बंगाल में नहीं लागू करूंगी, चाहे तो सरकार बर्खास्त कर दें : ममता

नई दिल्ली (ए.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि मैं पश्चिम बंगाल में संशोधित नागरिकता कानून और एनआरसी को कभी अनुमति नहीं दूंगी। यदि आप मेरी सरकार को बर्खास्त करना चाहते हैं, तो आप कर सकते हैं। कोलकाता में रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में जारी हिंसा के बीच आरोप लगाया कि कुछ लोग भाजपा से पैसे लेकर आगजनी और तोड़फोड़ के कृत्यों को अंजाम देते हैं। ममता बनर्जी ने कहा है कि सिर्फ कुछ ट्रेनों में आग लगाई गई और केन्द्र ने बंगाल के अधिकतर हिस्सों में रेल सेवाएं रोक दी।

रैली को संबोधित करने से पहले तृणमूल सुप्रीमो ने ट्वीट करते हुए लिखा- असंवैधानिक नागरिक संशोधन बिल और एनआरसी को लेकर कोलकाता में बड़ी रैली की जाएगी। यह दोपहर एक बजे रेड रोड के बाबा साहेब अंबेडकर रोड के नजदीक शुरू होगी और जोरसंको ठाकुरबाड़ी पर खत्म होगी। उन्होंने लोगों से कहा कि वे शांतिपूर्व तरीके से रैली में शामिल हों। नागरिकता कानून के विरोध में लगातार चौथे दिन राज्य में प्रदर्शन हुआ और कई जगहों पर रेल और गाड़ियों को रोकने की खबर आई। पश्चिम बंगाल में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफहिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर पांच जिलों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गयी हैं। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार ने खासकर सोशल मीडिया पर अफवाहों और फर्जी खबरों पर रोक लगाने के लिए यह फैसला लिया गया है।

जहां इंटरनेट सेवाएं निलंबित की गई है उसमें मालदा, मुर्शिदाबाद, हावड़ा, उत्तरी 24 परगना में और दक्षिणी 24 परगना के कई हिस्सों में इंटनेट सेवाएं अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। अधिकारी ने कहा, ''बार-बार अनुरोध करने के बावजूद कुछ सांप्रदायकि शक्तियां हिंसक प्रदर्शन कर रही हैं। स्थिति के मद्देनजर प्रशासन ने राज्य के पांच जिलों में इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है।

विपक्षी नेताओं ने मोदी सरकार को घेरा, राष्ट्रपति से मिलेंगे

विपक्षी नेताओं ने साक्षा प्रेस कॉन्फ्रेंस की, आजाद, येचुरी, डी राजा शामिल

विपक्ष ने कहा कि कांग्रेस द्वारा हिंसक विरोध करवाने का दावा झूठा

नई दिल्ली (ए.)। संशोधित नागरिकता कानून पर हिंसा के बाद अब राजनीति तेज हो गई है। सोमवार को विपक्षी नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके केंद्र सरकार को घेरा। पुलिस ऐक्शन पर सवाल उठाते हुए गृह मंत्री अमित शाह को भी घेर-संशोधित नागरिकता कानून पर हिंसा के बाद विपक्ष ने मोदी सरकार को घेरा। इस दौरान कांग्रेस के गुलाम नबी आजाद, सीपीआई के सीताराम येचुरी, डी राजा आदि लोग मौजूद थे। सभी ने इस जामिया यूनिवर्सिटी हिंसा मामले में न्यायिक जांच की मांग की। बता दें कि विपक्षी नेता आज शाम 5 बजे राष्ट्रपति से भी मिलेंगे।

अंधेरे में लड़कियां बचाओ-बचाओ चिल्ला रही थीं

गुलाम नबी आजाद ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस वक्त देशभर में हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसा कोई राज्य नहीं बचा जहां विरोध न हो रहा हो। आजाद ने कहा, पुलिस कैंपस में घुसी, लाइब्रेरी में जाकर, बाथरूम में जाकर छात्रों को पीटा। अंधेरे में वहां छात्र फंस गए थे। लड़कियां बचाओ, बचाओ चिल्ला रही थीं। आजाद ने कहा कि विरोध प्रदर्शन छात्र जीवन का हिस्सा है। जिस यूनिवर्सिटी में विरोध प्रदर्शन नहीं, मैं मानता हूं कि वहां के बच्चे गूंगे समान हैं। आजाद ने यह भी सवाल उठाया कि यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार की इजाजत के बिना पुलिस घुस नहीं सकती फिर क्यों घुसी।

कांग्रेस इतनी ताकतवर होती तो आप सत्ता में नहीं होते

आजाद ने कहा कि सत्ता पक्ष कांग्रेस पर देशभर में प्रदर्शन करवाने का आरोप लगा रहा है। मैं कहता हूं कि अगर कांग्रेस की इतनी ताकत होती कि इतना बड़ा विद्रोह करा सकते तो आप सत्ता में नहीं होते प्रधानमंत्री जी। आजाद ने कहा कि प्रदर्शनों में हर धर्म के बच्चे हिस्सा ले रहे हैं। आजाद के बाद सीताराम येचुरी और डी राजा ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने पूछा कि दिल्ली में पुलिस कार्रवाई के दौरान गृह मंत्री अमित शाह कहां थे? उन्होंने जामिया यूनिवर्सिटी में तोड़फोड़ और हिंसा के लिए जिम्मेदार शख्स को सबके सामने लाने और उसपर ऐक्शन लेने की मांग की।

24 दिसंबर तक जेल में पायल रोहतगी

- **गांधी-नेहरू परिवार पर आपत्तिजनक पोस्ट का मामला**

फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर पर की आपत्तिजनक टिप्पणी

प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव एवं बूंदी निवासी चर्मेश शर्मा ने आपत्तिजनक सामग्री की प्रतियों के साथ एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद अभिनेत्री के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया था। रोहतगी ने छह सितम्बर और 21 सितम्बर को अपने सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की थी।

नई दिल्ली(ए.)। पायल रोहतगी आठ दिनों के लिए सलाखों के पीछे चली गई हैं। गांधी-नेहरू परिवार के खिलाफसोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में गिरफ्तार की गई बॉलीवुड अभिनेत्री पायल रोहतगी को 24 दिसंबर तक जेल भेज दिया गया है। बुंदी कोर्ट ने पायल रोहतगी की जमानत याचिका खारिज कर दी और 24 दिसंबर तक जेल भेज दिया। बता दें कि रविवार को पायल रोहतगी को अहमदाबाद स्थित आवास से हिरासत में ले लिया गया था, हालांकि, बाद में गिरफ्तार कर ली गईं। बूंदी (राजस्थान) पुलिस ने मोतीलाल नेहरु, जवाहरलाल नेहरु, इंदिरा गांधी और गांधी-नेहरू परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री (पोस्ट करने) के लिए अभिनेत्री के खिलाफ 10 अक्टूबर को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कानून के तहत मामला दर्ज किया था। इससे पहले पायल रोहतगी को इस महीने की शुरूआत में एक नोटिस दिया गया था और इस संबंध में जवाब देने के लिए कहा गया था। बुंदी पुलिस ने सोमवार यानी आज पायल रोहतगी को एसीजेएम कोर्ट के सामने पेश किया। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद एसीजेएम हनुमान जाट ने जमानत याचिका खारिज कर दी और पायल रोहतकी को 24 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजे जाने का फैसला सुनाया। रोहतगी ने 13 दिसंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए भी अर्जी दी थी, मगर आज उसकी सुनवाई होनी थी। लेकर उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

शर्मा ने अभिनेत्री के खिलाफ अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि आपत्तिजनक सामग्री से देश की छवि धूमिल हुई, अश्लीलता और धार्मिक घृणा फैली तथा इसके अलावा एक महिला की छवि को नुकसान भी पहुंचा।

अयोध्या में चार महीने में बन जाएगा आसमान छूता राम मंदिर : शाह

पाकुड़ (ए.)। झारखंड के पाकुड़ में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर के निर्माण की अवधि भी तय कर दी। अमित शाह ने कहा कि चार महीनों के अंदर आसमान को छूता हुआ भव्य राम मंदिर अयोध्या में बनने जा रहा है।

अमित शाह ने कहा, 'अभी-अभी सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या के लिए फैसला दिया। सौ वर्षों से दुनियाभर के भारतीयों की मांग थी कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनना चाहिए। अब भव्य राम मंदिर अयोध्या में बनने जा रहा है।

'अटल ने बनाया और पीएम मोदी ने किया विकास'

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, 'वर्षों तक झारखंड के युवा लड़ते रहे लेकिन जबतक कांग्रेस का शासन रहा तबतक झारखंड की रचना नहीं हुई। जब केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की बीजेपी सरकार आई तो उन्होंने झारखंड का निर्माण किया। अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड को बनाया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड को संवारने और यहां विकास करने का काम किया है।'

यह कांग्रेस पार्टी न तो विकास कर सकती है, न देश को सुरक्षित कर सकती है, न देश को सुरक्षित कर सकती है, न देशी की जनता की जनभावनाओं को सम्मान कर सकती है।'

कुलदीप सिंह सेंगर -उन्नाव रेप मामले से कुलदीप सिंह का राजनीतिक करियर खत्म होने की कगार पर

'अर्श से फर्श' तक की कहानी, उन्नाव कांड ने मिटा दिया बाहुबल

- **2017 में एसपी का दामन छोड़ बीजेपी में शामिल हुए सेंगर ने बांगरमऊ से चुनाव लड़ा था**
- **इससे पूर्व 2012 के विधानसभा चुनाव में उन्नाव की ही भगवंतनगर सीट से जीत हासिल की थी**
- **सेंगर के छोटे भाई मनोज सिंह सेंगर की हार्ट अटैक की वजह से मौत हो गई थी**

कानपुर (ए.)। उन्नाव रेप मामला, जिसने पूर्व में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के विधायक रहे कुलदीप सिंह सेंगर को अर्श से फर्श पर पहुंचा दिया। सेंगर को तीस हजारी कोर्ट द्वारा सोमवार को दोषी करार दिया गया है।

इसके साथ ही सेंगर की राजनीतिक पारी पर हो या फिर रुतबे पर, कहीं न कहीं पूर्णविराम लगता हुआ नजर आ रहा है। हाल ही में कुलदीप सिंह सेंगर के छोटे भाई मनोज सिंह सेंगर की हार्ट अटैक की वजह से मौत हो गई थी। कुलदीप अपने भाई का अंतिम संस्कार करने पहुंचे तो वहां भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद साक्षी महाराज ने उन्हें अपने कंधे का सहारा दे दिया। इससे कुलदीप सेंगर की मुश्किलें बढ़ गईं। हाल ही में साक्षी महाराज ने सेंगर को जन्मदिन की बधाई भी दी थी जिस पर फिर विवाद हुआ।

उन्नाव में एक और गैंगरेप की वारदात सामने आई। पीड़िता को आग के हवाले कर दिया गया। आनन-फानन साक्षी महाराज ने अपना ट्वीट डिलीट किया। हालांकि, गौर करने वाली बात यह है कि राजनीति के कई दिग्गजों का कुलदीप सिंह सेंगर से इतनी नजदीकी थी क्यों? इस सवाल का जवाब जानने के लिए जरूरी है सेंगर की पूरी कुंडली जानना।

एसपी से बीजेपी में मारी थी छलांग

उत्तर प्रदेश में 2017 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले समाजवादी पार्टी (एसपी) का दामन छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में शामिल हुए कुलदीप सिंह सेंगर ने बांगरमऊ से चुनाव लड़ा था। न सिर्फ सेंगर ने चुनाव लड़ा बल्कि अपने बाहुबल के साथ जीत भी दर्ज की। सेंगर ने इससे पूर्व 2012 के विधानसभा चुनाव में उन्नाव की ही भगवंतनगर सीट से एसपी के टिकट पर चुनाव लड़कर जीत दर्ज की थी।

मायावती ने कर दिया था बाहर

कुलदीप सिंह सेंगर द्वारा चुनाव से पहले दिए गए ऐफिडेविट में चुनाव के दौरान गड़बड़ी करने का एक मामला दर्ज होने का जिक्र किया गया है। करोड़ों की चल-अचल संपत्ति के मालिक सेंगर मूल रूप से माखी गांव के रहने वाले हैं। कुलदीप सिंह सेंगर ने राजनीति की शुरुआत कांग्रेस से की थी। जब वर्ष 2002 में विधानसभा चुनाव आए तो कुलदीप सिंह कांग्रेस का हाथ छोड़कर बीएसपी के साथ चल दिए।

बांगरमऊ से जीता था मुकाबला

कुलदीप ने चुनावी मैदान में कांग्रेस के प्रत्याशी को बड़े अंतर से मात दे दी। बाहुबली की छवि बनाने की वजह से 2007 से पहले बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की प्रमुख मायावती ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। कुलदीप सिंह सेंगर ने एसपी का दामन थामकर बांगरमऊ से जीत दर्ज की।

'15 वर्षों तक प्रधान रहा सेंगर'

सेंगर के पड़ोसी से एनबीटी ऑनलाइन ने बात की। वह कहते हैं, 'कुलदीप सिंह की राजनीति की शुरुआत माखी ग्रामसभा के प्रधान के रूप में हुई थी। विधायक बनने से पहले वह तकरीबन 15 साल तक प्रधान रहे। माखी कुलदीप सिंह सेंगर का ननिहाल है। बचपन से ही वह यहां रह रहे थे। उनके नाना इससे पहले लंबे वक्त तक प्रधान रहे। फिलहाल, कुलदीप सिंह सेंगर के छोटे भाई अतुल सिंह की पत्नी माखी ग्रामसभा से प्रधान हैं। कुलदीप सिंह सेंगर बहुत कम उम्र में गांव के प्रधान चुने गए थे।'

न्यूज गैलरी

किशोरी से पड़ोसी ने किया छेड़छाड़

रायपुर। बेडमिंटल खेल रही लड़की को कॉक घर के अंदर से लेने की बात कहकर पड़ोसी युवक ने पीछे आकर लड़की का हाथ बाह पकड़कर बेईज्जत करने का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। बोरियाखुर्द निवासी नाबालिग लड़की ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बेडमिंटल खेलते समय कॉक दूसरे के घर के अंदर चले जाने पर युवक ने कॉक घर के अंदर से ले लेने की बात कहकर लड़की के घर के अंदर जाते ही पीछे से हाथ बाह पकड़कर बेईज्जत करने का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी सुधीर पांडे 29 वर्ष पिता कृष्ण कुमार पांडे निवासी आरडीए कॉलोनी के खिलाफ पास्को एक्ट सहित धारा 354 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

घर में सो रही युवती से बेईज्जत करने का प्रयास

रायपुर। घर के अंदर अकेली सो रही युवती के कमरे में प्रवेश कर हाथ बाह पकड़ बेईज्जत करने के प्रयास करने की रिपोर्ट खम्हारडीह थाने दर्ज की गई है। अवंती बिहार खम्हारडीह निवासी युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रविवार की देर रात्रि परेश्वर सोनवानी पिता युधिष्ठर सोनवानी निवासी अमननगर अवंति बिहार ने प्रार्थिया के कमरे में प्रवेश कर अकेले सोते समय हाथ बाह पकड़कर बेईज्जत करने का प्रयास किया। युवती द्वारा चिल्लाने पर आरोपी घर से फरार हो गया।

घर के सामने खड़ी एक्टिवा पार,

रायपुर। सुमेरूमठ प्रोफेसर कॉलोनी से एक्टिवा चोरी हो जाने की रिपोर्ट पुरानी बस्ती थाने दर्ज की गई है। चंदा बाई ऑटा चक्की के पास मठपुरैना निवासी जरिना खान 42 वर्ष पिता नसीर खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुमेरूमठ के पास प्रोफेसर कॉलोनी से प्रार्थियां की एक्टिवा क्र. सीजी 04 एच क्यू 1610 कीमत 30 हजार रूपये को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया गया है।

सायकिल खड़ी करने पर दो पक्ष भीड़े

रायपुर। घर के पास रास्ते में सायकल खड़ी करने के विवाद में दो पक्ष आपस में गाली गलौच कर हाथ मुक्का एवं डंडे से मारपीट किए जाने की रिपोर्ट पुरानी बस्ती थाने दर्ज कराई है। आने जाने के रास्ते में सायकल खड़ी करने के विवाद में ठाकुर देव पारा भाठागांव निवासी कुमार सोनकर 38 वर्ष पिता स्व. मंगतु सोनकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजीव सोनकर, एवं राजेश सोनकर निवासी ठाकुर देव पारा भाठागांव ने गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं डंडे से पिटाई कर दी। इसी तरह राकेश सोनकर 30 वर्ष पिता स्व. खेदूराम सोनकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि घर के सामने सायकिल खड़ी करने के विवाद में अशोक सोनकर एवं कुमार सोनकर निवासी ठाकुर देव पारा भाठागांव ने गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं डंडे से पिटाई किया।

निधन

स. जगजीत सिंह मुद्दड

रायपुर। श्रीनगर निवासी स. जगजीत सिंह मुद्दड़ (50 वर्ष)(दरबार रेस्टोरेंट) (सुपुत्र-स.फ़क़ीर सिंह मुद्दड़) का

आकस्मिक निधन रात 1.00 बजे 16 दिसम्बर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा दिनांक 17 दिसम्बर मंगलवार समय सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान श्रीनगर (गैस गोडाउन) से देवेन्द्र नगर शमशानघाट ले जाई जाएगी। वे ओंकार सिंह मुद्दड़ (मीतनिशा एडवरटाइजिंग एजेंसी) सतनाम सिंह मुद्दड़ के भाई थे।

भाजपा का राम जन्मभूमि दर्शन के साथ 'छत्तीसगढ़ी' पर जोर

नगरीय निकाय चुनाव से 5 दिन पहले भाजपा ने जारी किया घोषणा पत्र

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव के 5 दिन पूर्व भाजपा ने घोषणा पत्र जारी किया है। इसे भाजपा ने संकल्प पत्र का नाम दिया है। सोमवार को एकात्म परिसर में भाजपा ने इसका विमोचन किया। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, अमर अग्रवाल, सच्चिदानंद उपासने ने घोषणापत्र का विमोचन किया। विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि संकल्प पत्र हम जारी कर रहे हैं, इस में 36 बिंदु है, महिला, युवा, स्वास्थ्य, स्मार्ट गवर्नेंस, खेल, विकास, विरासत को प्रमुख रूप से लिया गया है। जनता के 2 वोट के अधिकार को सरकार ने छीनकर 1 वोट किया है। यही एक वोट से जनता सरकार को जवाब देगी।

संकल्प पत्र में हर वर्ग का ध्यान

संकल्प पत्र में हर वर्ग को ध्यान में रखने के अलावा राम मंदिर का मुद्दा राम जन्मभूमि दर्शन यात्रा के जरिए जिंदा रखते हुए प्रदेश में सालभर में बदली फ़िज़ा को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ी पर भी फोकस किया है। इसमें छत्तीसगढ़ी भाषा को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पहल करने, ओपन एयर थिएटर, सांस्कृतिक परिसरों, मुक्तांगन, ऑडिटोरियम का निर्माण कर छत्तीसगढ़ की लोककला, गायन, नृत्य, संस्कृति को बढ़ावा देने के अलावा 'गढ़ कलेवा' की तर्ज पर छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए नये केंद्र स्थापित करने की बात कही गई है।

कांग्रेस सरकार ने जो वादे किए एक भी पूरा नहींकिया। इसे पूरा करने के लिए हम सरकार पर दबाव बनाएंगे। मंत्री धमकी देते हैं कि वोट नही दोगे तो पैसा सुकमा ले जाएंगे। चुनाव के पूर्व ताबड़तोड़ शिलान्यास किए गए लेकिन एक भी पूरा नही किया गया। प्रॉपर्टी टैक्स को अगले वर्ष माफकरवाने के लिए भाजपा अब सरकार को मजबूर करेगी।

घर घर मे नल लगाने का काम भाजपा निकाय जीतने पर करेगी। मृत्यु प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाणपत्र मोबाइल के माध्यम से लोगों को मिले इसके लिए काम किया जाएगा। शहरी गरीब बच्चों के लिए कोचिंग की निःशुल्क व्यवस्था करवाई जाएगी। अभी पूरे देश मे निर्भया मामलों की चर्चा है जितने भी मजनू स्पॉट हैं वहाँ कैमरे लगाए जाएंगे। महिला कमांडो और बच्चियों को जूडो कराटे की ट्रेनिंग आत्मरक्षा के लिए दी जाएगी। निगम की स्कूलों में स्मार्ट रूम आदि की व्यवस्था की जाएगी।

पर्यावरण की चिंता पूरे विश्व मे हो रही है चुने हुए जनप्रतिनिधि सप्ताह में एक बार डीजल पेट्रोल से मुक्त वाहन में चलें इसकी व्यवस्था की जाएगी। वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन, कबाड़ से जुगाड़ की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। शहरों की सड़कों पर मवेशी होने से दुर्घटना और मौत हो रही है इसके किए काम किया जाएगा। छोटे छोटे व्यवसाय सभी वार्डों में छोटी छोटी दुकानें बनाई जाएंगी। तेलीबांधा के जैसा वेंडर जोन घोषित कराया जाएगा। निराश्रित और विधवा पेंशन के लिए कार्ड की व्यवस्था होगी जो एटीएम कार्ड की तर्ज पर होगा। इसके साथ ही अन्य घोषणा भी संकल्प पत्र में शामिल की गई है।

एक साल पूरा होने पर मुख्यमंत्री की प्रेसवार्ता आज

गिनाएंगे सरकार की उपलब्धियां

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार का कल एक साल पूरा हो जाएगा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 17 दिसंबर 2018 को सीएम पद की शपथ लिए थे। इस अवसर पर सीएम भूपेश बघेल कल पत्रकार वार्ता में सरकार की एक साल की उपलब्धियों को बताएंगे। बता दें कि 2003 के बाद 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने वापसी की थी। राज्य में लगातार तीन कार्यकाल तक भाजपा के डॉ रमन सिंह बतौर मुख्यमंत्री राज्य की सत्ता पर काबिज रहे। लेकिन 2018 में परिवर्तन की लहर के सामने भाजपा का विकास फीका पड़ गया और राज्य में कांग्रेस ने जोरदार वापसी की। 90 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस ने 67 सीटें जीत कर इतिहास रच दिया, वहीं 15 साल तक राज करने वाली भाजपा को मात्र 15 सीटों में ही संतोष करना पड़ा था।

निकाय चुनाव में प्रत्याशियों का जनसम्पर्क बढ़ा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगर निगम एवं नगर पालिका चुनाव में अब केवल 6 दिन बचे हैं। 7वें दिन 21 दिसम्बर को शनिवार को मतदान होगा। अपने-अपने पार्टी के एजेंण्डे को लेकर प्रमुख दल कांग्रेस भाजपा, जोगी कांग्रेस, बसपा सहित निर्दलीय प्रत्याशी सुबह 6 बजे से देर रात तक अपने-अपने वार्डों में चुनाव प्रचार कर घर-घर सम्पर्क कर वार्ड के विकास के वादे कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि पिछले 30 वर्षों में शहर के 70 वार्डों में चुने गये पार्षदों द्वारा विकास के लम्बे चौड़े वादे किए गए थे। जो अधिकांश खोखले साबित हुए। इस बार के नगरीय चुनाव में उक्त मुद्दों की चर्चा करते हुए मतदाताओं ने अपना रूख साफ करते हुए कहा कि जो काम करेगा। वहीं चुनाव जीतेगा।

धनबल का असर इस चुनाव में प्रभावी भूमिका नहीं निभा पाएगा। जिस स्लम एरिया के नाम पर अब तक पार्षद चुने जाते रहे हैं। वह भी अब अपनी कीमत समझने लगे हैं। अधिकांश झोपड़पट्टी क्षेत्रों में बरसात के समय घरों में घुसने वाला पानी, कचरों से जाम नालियां कूड़े कचरे का ढेर समय पर पानी नहीं मिलना विशेषकर ग्रीष्म ऋतु में पानी के लिए मारा-मारी इस चुनाव के प्रमुख मुद्दे हैं। जिसपर राजधानी का मतदाता पार्षद चुनाव लड़ने प्रत्याशियों से अपना मत स्पष्ट करने की मंशा रखता है।

सिविल लाइन वार्ड: भाजपा कांग्रेस ने उतारे नए चेहरे

रायपुर। वार्ड क्रमांक 47 सिविल लाइन वार्ड पॉश इलाकों के बीच जहां राज भवन, मुख्यमंत्री निवास, विधानसभा अध्यक्ष निवास से लेकर मंत्रियों का आवास और निजी लोगों के बड़े-बड़े बंगले वहां आरक्षण के कारण दोनों दलों ने नए उम्मीदवारों को मौका दिया है। अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित सीट पर कांग्रेसी नीलम नीलकंठ जगत और भाजपा से सावित्री जगत को टिकट दिया गया है। वैसे भाजपा ने इससे पहले बेदी प्रधान का नाम फाइनल किया था किंतु बीफार्म जगत ने जमा किया। इस वार्ड में बगावत की भी आशंका है। 11286 मतदाताओं के सामने नए उम्मीदवार होने के कारण पार्टियों का चिन्ह देखकर मतदान करना होगा। पिछली बार कांग्रेस के इंद्रजीत सिंह यहां से जीते थे वही संतोष संजना जो कि भाजपा से प्रबल दावेदार थी। वह भी इस वार्ड से निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं। वार्ड के लोगों की माने तो उन्हें वार्ड वासियों का अच्छा समर्थन मिल रहा है।

बेमौसम वर्षा से ठंड में हुआ इजाफा

रायपुर। प. बंगाल की खाड़ी में पैदा हुए चक्रवात के चलते बिहार, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के उत्तरी क्षेत्रों में बेमौसम हो रही वर्षा के चलते ठंड में इजाफा हुआ है। इस वर्षा के कारण जहां फसलों को खासा नुकसान हुआ है वहीं सड़कों पर कीचड़ जमा होने के कारण दो पहिया वाहन चालकों को वाहन चलाने में परेशानी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 48 घंटों तक मौसम उक्त क्षेत्रों में ऐसा ही रहने की संभावना है। पानी रूकते ही मौसम साफ होने के बाद कड़ाके की ठंड छग में पड़ेगी।

सीएम भूपेश ने वरिष्ठ पत्रकार कौशिक के निधन पर जताया दुःख

कहा- उन्होंने हमेशा पत्रकारिता के उंचे मानदण्डों को बनाए रखा

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार रविकांत कौशिक के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संदेश में कहा है कि कौशिक ने हमेशा पत्रकारिता के उंचे मानदण्डों को बनाए रखा। उनकी पहचान खबरों में निष्पक्षता और विश्वसनीयता को लेकर थी। उनका निधन प्रदेश के पत्रकारिता जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से मृतआत्मा की शांति और परिवारजनों को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि अभी अभी सांध्य दैनिक प्रखर समाचार के वरिष्ठ पत्रकार एवं रायपुर प्रेस क्लब कार्यकारिणी सदस्य रविकांत कौशिक जी के आकस्मिक निधन का दुःखद समाचार मिला। उनका जाना मीडिया जगत एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए एक बड़ी क्षति है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

डा. सिंह ने कहा कि पत्रकारिता में कौशिक जी का तेवर, उनकी निष्ठा और ईमानदारी नयी पीढ़ी के लिये प्रेरणा का काम करेगा। वास्तव में उनका जाना प्रदेश की पत्रकारिता के एक विशिष्ट शैली का ख़त्म हो जाना है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता और राजनीति समेत समाज का एक बड़ा वर्ग इनके निधन से मर्माहत है। कौशिक जी अपनी एक अमिट छाप छोड़ कर गए हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि परिवारजनों को इस पीड़ा को सहन करने की ताक़त प्रदान करें।

नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने वरिष्ठ पत्रकार रविकांत कौशिक के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि पत्रकार रविकांत कौशिक समाज की पीड़ा को पत्रकारिता के माध्यम से हम सबके बीच में लाने का कार्य करते थे।

उनका जाना छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता के लिए बहुत बड़ी क्षति: टीएस सिंहदेव

छत्तीसगढ़ राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार रविकांत कौशिक अब हमारे बीच नहीं रहे। उनके आकस्मिक निधन पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कर ट्वीट कर लिखा कि पत्रकार रविकांत कौशिक बेबाक टिप्पणी के लिए जाने जाते रहे हैं। कौशक जी एक ईमानदार सकारात्मक पत्रकारिता की मिसाल रहे हैं। वे मेरे पारिवारिक सदस्य की तरह थे। उनका जाना छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता के लिए बहुत बड़ी क्षति है। मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करे, और शोक संतप्त परिवारजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने जताया शोक

विधानसभा अध्यक्ष मान. डॉ. चरणदास महंत ने सांध्य दैनिक प्रखर समाचार पत्र के रिपोर्टर, वरिष्ठ पत्रकार एवं विधान सभा की पत्रकार दीर्घा सलाहकार समिति के सदस्य श्री रविकांत कौशिक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री कौशिक के कार्य के प्रति समपर्ण, निष्ठा और निर्भीकता के कारण विधान सभा के उत्कृष्टता अलंकरण समारोह में वर्ष 2015 के लिए उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। श्री कौशिक की कार्यशैली नई पीढ़ी की पत्रकारिता के लिए एक प्रेरणा का काम करेगी। श्री कौशिक का निधन छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शोक संतृप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना | 37 सौ किलोमीटर से अधिक लम्बाई की 356 सड़कों का होगा निर्माण

भारत सरकार को भेजे जाएंगे प्रस्ताव

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य के 23 जिलों में तीन हजार 737 किलोमीटर लम्बाई की 356 सड़कों का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया जाएगा। इसमें बालोद जिले में 249.53 किमी की 26 सड़कें, बलौदाबाजार में 187.49 किमी की 18 सड़कें, बलरामपुर में 66.82 किमी की 6 सड़कें, बस्तर में 75.78 किमी की 4 सड़कें, बेमेतरा में 91.24 किमी की 13 सड़कें, बिलासपुर में 254.81 किमी की 29 सड़कें, धमतरी की 108.98 किमी की 13 सड़कें, दुर्ग जिले की 99.75 किमी की 15 सड़कें, गरियाबंद जिले की 111.06 किमी 10 सड़कें, जांजगीर-चांपा की 154.46 किमी की 15 सड़कें, जशपुर जिले की 85.24 किमी की 6 सड़कें, कांकेर जिले की 206.59 किमी की 21 सड़कें, कवर्धा जिले की 200.23 किमी की 18 सड़कें,

कोण्डागांव जिले के 81.10 किमी की 8 सड़कें, कोरबा जिले में 167.15 किमी की 15 सड़कें, कोरिया जिले में 264.97 किमी की 18 सड़कें, महासमुंद के 159.51 किमी की 15 सड़कें, मुंगेली जिले में 125.91 किमी की 12 सड़कें, रायगढ़ में 201.51 किमी की 15 सड़कें, रायपुर में 85.60 किमी की 11 सड़कें, राजनांदगांव में 342.15 किमी की 38 सड़कें, सुरजपुर में 251.03 किमी की 17 सड़कें और सरगुजा में 166.40 किमी की 13 सड़कों का निर्माण किया जाना है। मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की राज्य स्तरीय स्थाई समिति की 26वीं बैठक में सड़कों के निर्माण से संबंधित प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। स्वीकृति के लिए यह प्रस्ताव भारत सरकार ग्रामीण विकास को भेजे जाएंगे। श्री मण्डल ने पूर्व के वर्षो में स्वीकृत सड़कों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्रधानमंत्री सड़क योजना में बनने वाले पुल-पुलियों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए है।

इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट से निपटने रायपुर में चलाया जा रहा क्लीन टू ग्रीन कैम्पेन

■ 27 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों के 38 शहरों में अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रिवर्स लॉजिस्टिक्स ग्रुप (आरएलजी), जो कि रिवर्स लॉजिस्टिक्स समाधानों की अग्रणी वैश्विक सेवा प्रदाता है, ने भारत में अपने प्रमुख अभियान 'क्लीन टू ग्रीन' की दूसरी पारी शुरू करने की घोषणा की। इस अभियान का उद्देश्य जिम्मेदार संगठनों के साथ भागीदारी करके रीसाइक्लिंग के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सुरक्षित प्रथाओं के जिम्मेदार निपटान पर जागरूकता और संवेदनशीलता पैदा करना है।

क्लीन टू ग्रीन अभियान के दूसरे वर्ष के बारे में बोलते हुए सुश्री राधिका कालिया, प्रबंध निदेशक, आरएलजी इंडिया ने कहा, हमें पिछले साल फ्लैगशिप अभियान की सफलता से प्रोत्साहन मिला । वित्त वर्ष 2019-20 में

हम व्यक्तियों और पेशेवरों को यह सुनिश्चित करने के लिए क्लीन टू ग्रीन अभियान की पहुंच का विस्तार करना चाहते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक्स का उचित निपटान और पुनर्चक्रण एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है और जनता के बीच ई-कचरे के जिम्मेदार निपटान के बारे में जागरूकता की कमी गंभीर मुद्दा है। इस अभियान के दूसरे वर्ष के शुभारंभ पर बोलते हुए, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निदेशक डॉ संदीप चटर्जी ने कहा, क्लीन टू ग्रीन अभियान जिम्मेदार निपटान और रीसाइक्लिंग सुनिश्चित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग और कॉर्पोरेट निकायों के साथ सहयोग करना चाहता है।

आरएलजी इंडिया से जुड़े निर्माता / ब्रांड माइक्रोसॉफ्ट, कैनन, एलजी, लेनोवो, गोदरेज, ब्रदर, सीमेंस, हायर, ओनिडा, आईएफबी, टेक्सला विज़न, वीडोटेक्स, तनु, जी मोबाइल्स, एस मोबाइल्स, विज़िन, वोल्टास बेको एंड सोलवीयर, और एक्सपीडिशन हैं।

संपादकीय

अब सावरकर पर संग्राम

पहले सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच कश्मीर से 370 हटाने के मुद्दे को लेकर संग्राम हुआ फिर नागरिकता संशोधन कानून पर पक्ष और विपक्ष के बीच जोर आजमाइश चली और अब वीर सावरकर को लेकर संग्राम शुरू हो गया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत बचाव रैली के दौरान वीर सारवरकर को लेकर जो बयान दिया था कि वे राहुल गांधी है। राहुल सावरकर नहीं। इसके बाद भाजपा आक्रमक हो उठी है राहुल गांधी का कहना था कि वे माफी नहीं मांगेगे। भले ही जान दें देंगे। राहुल गांधी के इस बयान को लेकर महाराष्ट्र में भी सियासी बवाल मच गया है। शिवसेना प्रवक्ता संजय राऊत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ने कहा है कि हम तो गांधी और नेहरू का सम्मान करते है। कांग्रेस को वीर सावरकर का अपमान नहीं करना चाहिए। क्योंकि वीर सावरकर महाराष्ट्र ही नहीं पूरे देश की भगवान के समान है। इसी के साथ महाराष्ट्र में राजनीतिक अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस ने शिवसेना पर निशाना साधते हुए कहा है कि वीर सावरकर के सम्मान में हमेशा अपनी आवाज बुलंद करने वाली शिवसेना आज सत्ता के लालच में कैसे कैसे लोंगा का साथ दे रही हैं। जाहिर है कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के इस बयान के बाद कांग्रेस और शिवसेना के बीच सट्स पैदा हो गई है ऐसी स्थिति में महाराष्ट्र में शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस पार्टी की गठबंधन सरकार के लिए मुश्किल शुरू हो गई है। इस बीच वीर सावरकर के पोते रंजीत सावरकर ने केन्द्र सरकार से मांग की है कि वह राहुल गांधी के खिलाफ अपराधिक कार्रवाई करें। उन्होंने राहुल गांधी के खिलाफ मान हानी का मुकदमा दायर करने की भी बात कहीं है। कुल मिलाकर सावरकर पर की गई। अपनी टिप्पणी से राहुल गांधी चौतरफा घिरते जा रहे हैं। बेहतर होगा कि देश के विभूतियों के खिलाफ इस तरह की विवादास्पद टिप्पणी से राजनेता परहेज करें। ताकि उनके ऐसे बयानों को लेकर पार्टी को नुकसान न उठाना पड़े।

विचार

अब अदालत से ही आशा

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

संसद ने किसी कानून को स्पष्ट बहुमत से पारित किया हो और उसके खिलाफ इतना जबर्दस्त आंदोलन चल पड़ा हो, ऐसा स्वतंत्र भारत के इतिहास में कम ही हुआ है। ये तो नरेंद्र मोदी की किस्मत है कि इस समय देश में कोई अखिल भारतीय नेता नहीं है, वरना इस सरकार को लेने के देने पड़ जाते। इस नए नागरिकता कानून को पिछले हफ्ते तक सिर्फ मुस्लिम-विरोधी बताया जा रहा था लेकिन अब मालूम पड़ रहा है कि बंगाल और पूर्वोत्तर के सभी प्रांतों के हिंदू लोग लट्ठ लेकर इसके पीछे पड़ गए हैं। देश के गैर-भाजपाई राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों ने कह दिया है कि इस कानून को हम अपने प्रदेशों में लागू नहीं करेंगे। देश के 16 प्रांतों में गैर-भाजपाई मुख्यमंत्री हैं। तो क्या केंद्र सरकार इन मुख्यमंत्रियों को बर्खास्त करेगी ? बिहार के नीतीशकुमार की सरकार, जो भाजपा के समर्थन से चल रही है, उसने भी हाथ ऊंचे कर दिए हैं। इस समय देश जिस भयंकर आर्थिक खाई की तरफ बढ़ता जा रहा है, उसका इलाज करने की बजाय केंद्र सरकार ने यह फिजूल का शोशा छोड़ दिया है। देश का सकल उत्पाद (जीडीपी) गिरता जा रहा है, मंहगाई बढ़ती जा रही है, बेरोजगारी बेलगाम हो रही है और सभी पार्टियों के नेता इस फर्जी मुद्दे पर आपस में भिड़ रहे हैं। सरकार ने इस फर्जी मुद्दे को तूल देकर अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश को तो एक मंच पर ला ही दिया है, वह भारत के सभी विरोधी दलों को भी एकजुट होने का बहाना दे रही है। सर्वोच्च न्यायालय में इस नागरिकता कानून को रद्द करवाने के लिए दर्जनों याचिकाएं रोज़ लग रही हैं। यह तो स्पष्ट है कि इस सरकार के पास न तो इतना विवेक है और न ही आत्म-विश्वास कि वह इस कानून को वापस ले ले। इस सरकार की इज्जत बचाने का काम अब सिर्फ न्यायपालिका के जिम्मे है। उसी के हाथ में है कि दल-दल में फंसी भाजपा सरकार को वह किसी तरह से बाहर निकाले। यह कानून ऐसा है, जो भाजपा के माथे पर सांप्रदायिकता का काला टीका तो जड़ ही देता है, भारत को भी बदनाम करता है। यह कानून सिर्फ मुस्लिम-विरोधी होता तो पूर्वोत्तर भारत के हिंदू इसका विरोध क्यों कर रहे हैं ? यह वास्तव में इंसानियत-विरोधी है। कोई भी इंसान किसी भी जाति, धर्म, वंश या रंग का हो और यदि वह पीड़ित है तो उसे शरण देना किसी भी सभ्य देश का कर्तव्य है। लेकिन हर गैर-मुस्लिम को पीड़ित मान लेना कहां की बुद्धिमानी है ?

नागरिकता पर बड़ा दांव

योगेश मिश्र

40 हजार रोहिंग्या घुसपैठ कर भारत में समस्या बने हुए हैं। 2014 में पश्चिम बंगाल के सीरमपुर में नरेंद्र मोदी ने कहा था कि चुनाव के नतीजे आने के साथ ही बांग्लादेशी घुसपैठियों को बोरिया-बिस्तर समेट लेना चाहिए। 1991 में असम में मुस्लिम जनसंख्या 28.42 फीसदी थी जो 2001 के जनगणना के अनुसार बढकर 30.92 फीसदी हो गई। 2011 की जनगणना में यह बढकर 35 फीसदी को पार कर गयी। बांग्लादेशी मुस्लिमों की एक बड़ी आबादी ने देश के कई राज्यों में जनसंख्या असंतुलन को बढ़ाने का काम किया है जिसके कारण देश में कई अप्रिय घटनाएं घटित हुई हैं। भारत में 1951 में 84 फीसदी हिंदू थे और 2011 में वो घटकर 79 फीसदी रह गए। बाकी के देशों में वहां के बहुसंख्यकों की संख्या बढ़ी है। जबकि अल्पसंख्यक घट रहे हैं।

हंगामा है क्यों बरपा? यह सवाल मुल्क इन दिनों अपने तमाम नेताओं से पूछना चाह रहा है। उन नेताओं से खास तौर से जो कश्मीर से धारा 370 एवं 35-ए के प्रावधानों को हटाने, तीन तलाक को प्रतिबंधित करने और नागरिकता संशोधन कानून पर संसद की मुहर लगने पर शोर-शराबा मचाते रहे। उनसे भी पूछना चाह रहा है जो जामिया मिलिया, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और लखनऊ के नदवा कॉलेज में नागरिकता संशोधन कानून को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। इस कानून में भारतीय मुसलमानों के बारे में कुछ भी नहीं कहा गया है। यह कानून नागरिकता देने का है, लेने का नहीं। तो फिर क्या पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के मुसलमानों को लेकर ये सारे कैंपस गर्म हैं। इस गर्मी से पहले, विरोध में उतरने से पहले यह समझना और समझाना ज्यादा जरूरी हो गया है कि नागरिकता कानून को लेकर जो कहा गया है, वह गलत है क्या? पर इस पर कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं है। बस यह रट है कि कानून अल्पसंख्यकों के हितों के खिलाफहै। इस कानून में अल्पसंख्यकों के हित सुरक्षित नहीं हैं। ऐसा क्यों? यह भी कोई नेता और उसकी जमात नहीं बता रहा है। कैंपस से उठ रहे विरोध के स्वर यह बता रहे हैं कि युवा कंधों पर बूढ़ा मन बैठ गया है।

हंगामा करने वाले दो तरह के लोग हैं। एक, वे जो इसे मुस्लिमों के साथ भेदभाव बता रहे हैं क्योंकि बिल में उन्हें नागरिकता देने का प्रावधान नहीं किया गया है। दूसरे, वे हैं जो कह रहे हैं कि घुसपैठिये कोई भी हों, उन्हें नागरिकता नहीं दी जानी चाहिए। पूर्वोत्तर में विरोध की वजह यही है। इस विरोध को जायज भी माना जा सकता है। पर ये मामले भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र के हिस्सा रहे हैं। इस घोषणा पत्र के बाद ही जनता ने भाजपा को केंद्र में दूसरी बार सरकार बनाने का मौका दिया है। 370 पर सांसदों के सवाल का जवाब देते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने साफ कहा था कि जब हम म्युनिसीपैल्टी में भी नहीं थे तब से 370 खत्म करने की बात करते आ रहे हैं। आज दूसरी बार सत्ता में हैं तो क्या उसे न करें।

> 1947 में बांग्लादेश में 22 फीसदी अल्पसंख्यक थे। 2011 में यह आंकड़ा 7.8 फीसदी रह गया है। 1971 में जब बांग्लादेश बना था तो वह धर्मनिरपेक्ष देश था। 1977 में उसका धर्म इस्लाम हो गया। 1950 में दिल्ली में नेहरू और लियाकत समझौता हुआ था, जिसमें कहा गया था कि भारत और पाकिस्तान अपने-अपने अल्पसंख्यकों का ख्याल रखेंगे। पर पाकिस्तान ने ऐसा नहीं किया।

यह जनता के साथ धोखा नहीं होगा? जनता ने घोषणा पत्र में लिखित ऐसी बातों को जांच-समझ कर हमें सरकार बनाने का मौका दिया है।

बिल पर वोटिंग से पहले अमित शाह ने साफ किया कि इस बिल को लेकर देश के मुस्लिमों को तनिक भी डरने की जरूरत नहीं है। इस बिल से उनकी नागरिकता नहीं छीनी जा रही। यह नागरिकता देने का बिल है, नागरिकता लेने का नहीं। बिल में भारतीय मुसलमानों को छुआ तक नहीं गया है। इससे पाकिस्तान, अफगानिस्तान व बांग्लादेश के प्रताड़ित गैर मुस्लिम अल्पसंख्यक हिन्दू, बौद्ध, जैन, सिख, ईसाई और पारसी शरणार्थियों को भारत की नागरिकता मिल सकेगी। असम के लोगों को विरोध इस बात से है कि बांग्लादेश से बड़ी संख्या में पहले से राज्य में घुसे लोग अब नागरिकता पा जाएंगे। इससे असम के लोगों को अपनी पहचान, भाषा और संस्कृति खो जाने का खतरा सता रहा है। पर कांग्रेस के लिए यह याद रखना जरूरी है कि जिस एनआरसी का असम में कांग्रेस विरोध कर रही है। यह व्यवस्था उस असम समझौते में है जो 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने किया था। 26 मई, 2009 को गृहमंत्री रहे पी. चिदंबरम ने एनआरसी जैसी व्यवस्था पूरे देश में लागू करने की मंशा जताई थी। उन्होंनेएनआरसी की तर्ज पर राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर की बात भी कही थी। भारत सरकार के बॉर्डर मैनेजमेंट टास्क फोर्स की वर्ष 2000 की रिपोर्ट के अनुसार 1.5 करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठ कर चुके हैं। लगभग तीन लाख प्रतिवर्ष घुसपैठ कर रहे हैं। हाल के अनुमान के मुताबिक देश में 4 करोड़ घुसपैठिये मौजूद हैं।

1947 में बांग्लादेश में 22 फीसदी अल्पसंख्यक थे। 2011 में यह आंकड़ा 7.8 फीसदी रह गया है। 1971 में जब बांग्लादेश बना था तो वह धर्मनिरपेक्ष देश था। 1977 में उसका धर्म इस्लाम हो गया। 1950 में दिल्ली में नेहरू और लियाकत समझौता हुआ था, जिसमें कहा गया था कि भारत और पाकिस्तान अपने-अपने अल्पसंख्यकों का ख्याल रखेंगे। पर पाकिस्तान ने ऐसा नहीं किया। 1947 में पाकिस्तान में 23 फीसदी अल्पसंख्यक थे। 2011 में यह आंकड़ा घटकर 3.7 फीसदी रह गया है। भारत में 1951 में 9.8 फीसदी मुसलमान थे। आज इनकी संख्या 14.23 फीसदी है। घुसपैठ की इस समस्या का सबसे अधिक शिकार पूर्वोत्तर विशेषकर असम है। वहां के लोगों की आवाज अनसुनी नहीं की जानी चाहिए। लेकिन शेष भारत में विरोध के स्वरों का सीधा सा मतलब उस राजनीति से है जो बांटती है। इस बांटने वाली सियासत के जो लोग भी टूल हैं उन्हें यह समझना चाहिए कि 2014 और 2019 के चुनावी नतीजों में नरेंद्र मोदी ने यह ट्रेंड सेट किया कि 82 फीसदी लोग ही उनके राजनीतिक एजेंडे के केंद्र में हैं। तकरीबन 14 फीसदी लोगों को उन्होंने एजेंडे से बाहर रखा। यह करते हुए उन्होंने लोकतांत्रिक इतिहास में मील का पत्थर गाड़ा। अपने बलबूते पर बहुमत की सरकार बना कर दिखाया। लेकिन अभी भी बहुसंख्यक-अल्पसंख्यक को जोड़कर सियासत करने की जगह बांटो और राज करो पर सत्ता और विपक्ष दोनों चल रहा है। सोनिया गांधी इसे संवैधानिक इतिहास का काला दिन बता रही हैं। मुस्लिम लीग के चार सांसदों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। आईपीएस अधिकारी अब्दुल रहमान ने बिल के विरोध में इस्तीफा दे दिया। इस बिल के आने के बाद से ही कुछ भारतीय नेताओं और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के सुर में सुर मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री प्रदर्शनकारियों के कपड़े देखने की बात कर रहे हैं। इन सब में कोशिश दोनों को दूर रखने की है। इन कोशिशों, इन चालों को समझने का समय है।

भोपाल में नागरिकता कानून के खिलफ जबर्दस्त विरोध

सिंधी समुदाय के अलावा अन्य सभी ने कानून का विरोध किया

एल एस हरदेनिया

मसूद ने अपने एक घंटे के भाषण में मध्य प्रदेश सरकार से राज्य में एनआरसी लागू नहीं करने के लिए कहा। उन्होंने घोषणा की कि अगर ऐसा किया जाता है तो वह विधानसभा छोड़ने में संकोच नहीं करेंगे। बहुत मजबूत भाषा का उपयोग करते हुए एकमात्र मुस्लिम मंत्री आरिफअकील ने घोषणा की, सभी के बुर्जुगो का खून शामिल है इसको बनाने में। तुमारे बाप का हिंदुस्तान नहीं है। कोई हमारा बाल बांका नहीं कर सकता। हम तुम यहीं रहेंगे और मरेंगे भी तो तो यहीं पर।

भोपाल में प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) और नागरिकता (संशोधन) कानून (नासंका) के खिलाफ कई विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 12 दिसंबर को विरोध प्रदर्शनों के के दौरान मूसलाधार बारिश होती रही पर उसका सामना करते हुए एक जनसभा में पाँच हजार से अधिक लोग शामिल हुए। बैठक का आह्वान कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने दिया था। कई संगठनों से संबंधित वक्ताओं ने दोनों को विभाजनकारी बताया, जो देश को धार्मिक और सांप्रदायिक आधार पर ध्रुवीकृत करने की कोशिश करते हैं। वक्ताओं ने अखिल भारतीय धर्मनिरपेक्ष मंच, ज्ञान विज्ञान समिति, सीपीएम, सीपीआई आदि का प्रतिनिधित्व किया। उन सभी ने यह विचार व्यक्त किया कि दोनों संविधान की भावना के विरुद्ध हैं। उन्होंने सवाल किया कि नागरिकता अधिनियम ने श्रीलंका, म्यांमार और यहां तक कि नेपाल को कवर नहीं किया है। यह बेहतर होता, यह कहा जाता, अगर नागरिकता अधिनियम का आधार धार्मिक के बजाय राजनीतिक उत्पीड़न होता। वक्ताओं ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य हिंदू राष्ट्र के निर्माण को सुविधाजनक बनाना है। सरकार के इन दोनों निर्णयों के खिलाफ लोगों में कितना अधिक गुस्सा है, यह इस तथ्य से स्पष्ट होता है कि लोगों ने मूसलाधार बारिश के बावजूद भाषण सुनना जारी रखा और खुद को कुर्सियों से ढकते रहे।

मसूद ने अपने एक घंटे के भाषण में मध्य प्रदेश सरकार से राज्य में एनआरसी लागू नहीं करने के लिए कहा। उन्होंने घोषणा की कि अगर ऐसा किया जाता है तो वह विधानसभा छोड़ने में संकोच नहीं करेंगे। बहुत मजबूत भाषा का उपयोग करते हुए एकमात्र मुस्लिम मंत्री आरिफ अकील ने घोषणा की, ÷सभी के बुर्जुगो का खून शामिल

है इसको बनाने में। तुमारे बाप का हिंदुस्तान नहीं है। कोई हमारा बाल बांका नहीं कर सकता। हम तुम यहीं रहेंगे और मरेंगे भी तो तो यहीं पर। उन्हें कानून बनाने दें।'' हालाँकि, सिंधी समुदाय के सदस्यों ने नागरिकता संशोधन अधिनियम के पारित होने का जश्न मनाया, उन्होंने कहा कि अब वे बाहरी लोगों के बजाय नागरिकों की तरह महसूस करते हैं। हम विधेयक को पारित करने के लिए सरकार के बहुत आभारी हैं। पूरे सिंधी समुदाय को इससे फायदा होगा। हमारी पहचान पर अब सवाल नहीं उठाया जाएगा, सिंधी समुदाय के अध्यक्ष और पूर्व नौकरशाह भगवान देव इसरानी ने कहा। समुदाय का मानना है कि यह कानून बनने के साथ ही अदालतों में चल रहे नागरिकता से संबंधित सभी मामलों का भी निपटारा हो जाएगा, जिससे उन्हें भारतीय कहलाने का अधिकार मिल जाएगा।

जश्न मनाने के लिए सिंधी समुदाय के लोग रोशनपुरा चैक पर एकत्रित हुए। ÷मप्र में अदालतों में चल रहे प्रवासियों द्वारा संपत्ति और वाहनों की नागरिकता और स्वामित्व के बारे में 5,000 मामले हैं। इन सभी मामलों का निपटारा किया जाएगा और नागरिकों को अपनी संपत्ति, वाहन, अपने परिवार और बच्चों को नागरिकों की तरह रहने का अधिकार दिया जाएगा, बजाय इस डर के कि वे अपने अधिकारों से वंचित रहेंगे क्योंकि उन्हें नागरिकों के रूप में मान्यता नहीं दी गई है। यह बहुत अच्छी खबर है और हम सरकार के आभारी हैं।'' यह अधिनियम उन्हें पासपोर्ट और अन्य दस्तावेजों को फिर से जारी करने, या खो जाने पर नए बनाने का अधिकार प्रदान करता है। सिंधी समुदाय के सदस्यों ने कहा। सीएबी की धारा 6 डी अप्रवासियों को अपने दस्तावेजों को नए सिरे से प्राप्त करने या डुप्लिकेट के लिए आवेदन करने का अधिकार देती है। यह कई लोगों के लिए उचित पहचान पत्र और दस्तावेज नहीं होने की समस्या को हल करेगा, जो कई साल पहले भारत आ गए थे और दंगों या दुर्घटनाओं में अपने दस्तावेजों को खो चुके हैं। उन सभी लोगों को अंततः नए दस्तावेजों के लिए आवेदन करने और भारत के नागरिकों के रूप में पहचाने जाने में सक्षम होना चाहिए, बजाय अवैध प्रवासियों या शरणार्थियों की तरह व्यवहार किए जाने के लिए, इसरानी ने कहा। *(संवाद)*

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कस्तूरी को महकने के लिये चंदन न चाहिय

कस्तूरी को महकने के लिये चंदन न चाहिये। हीरे को चमकने के लिये, सूरज न चाहिये फूलो को महकने से भला रोक सका कोई हुनर है तो निखरने के लिये शिफारिश न चाहिये। **शिखा लाहिरी**

बसें जलाना, तोड़फोड़ करना, सरकारी

बसें जलाना, तोड़फोड़ करना, सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाना, सबको परेशान करना, फिर भी खुद को डरा हुआ और शांतिदूत बताना - इन्ही सांपो को कुचलने के लिए @narendramodi और @AmitShah #CAB लाये हैं। आज जनता को सरकार की नहीं,सरकार को जनता की आवश्यकता है। **धीरज सिंह धीरू**

ख़ास पाती | मनुष्य कितना भी खुद को पाक

मनुष्य कितना भी खुद को पाक साफबोले होता तो स्वार्थ का पुतला है,आज आप को कोई याद किया समझ लीजिए कोई काम है।भले ही वो कितना ही छल कपट दिखाए की आप की याद आ रही थी,या बहुत दिन हुऐ आप का हाल चाल नही पता चला,या आप से मिलने की इच्छा हो रही।क्यो सच बोला न। **रितु दुबे**

नीति वो अनीति देशद्रोही राजनीति

नीति वो अनीति देशद्रोही राजनीति नही राष्ट्रहित हेतु आप? नाम पे करो भइया काम जो भी हो रहा है देश की भलाई मे तो राजनीति नही? उस काम पे करो भइया तोड़ रहे फोड़ रहे भारत? के साधनो को थोड़ा तो विचार अंजाम पे करो भइया भारत बचाने? की जो रैली करनी ही है तो दिल्ली मे नही? जी? आसाम पे करो भइया देशविरोधी ताकते दूर रहे।

नरेन्द्र गुप्ता कवि

पिछले कुछ दिनों से देख रहा हूँ

पिछले कुछ दिनों से देख रहा हूँ कि टोपी लगाए हुए, एड़ियों तक पायजामे चढ़ाए हुए लोग (जिनमें 8-10 साल के बच्चे भी शामिल हैं) यात्री रेलगाड़ियाँ रोक रहे हैं, उन पर पत्थर बरसा रहे हैं, आगजनी कर रहे हैं। कितनी विचित्र बात है कि वह यह सब इस देश के नागरिक तो कहलाना चाहते हैं लेकिन इस देश के संविधान के प्रति उनकी कोई आस्था या विश्वास नहीं है. क्या यह लोग किसी भी तरह के समाज का हिस्सा बनने लायक हैं ? **अमित कुमार नेमा**

अहसासों के घने कोहासे मद्धम

अहसासों के घने कोहासे मद्धम मद्धम थी धड़कन सिहरा सिहरा अन्तस् था थी बारिश बूंदों रिमझिम बादल के पट खुले अधखुले इह झाँके था क्या उस पार तनमन अनभिग लहर उठे थी बोलो ना क्या यह ही है प्यार। **प्रियंवदा अवस्थी**

चाय और मैं जैसे धूप और छाँव

चाय और मैं जैसे धूप और छाँव जैसे जमीन और आसमान जैसे दिन और रात जैसे सुख और दुख जैसे सूरज और चाँद जैसे मैं.. और फेसबुक और जैसे...... पति पत्नी का रिश्ता चाय के बिना मेरा, मेरे बिना चाय का कोई अस्तित्व नहीं.......!!!!!! **डॉ. अर्चना खण्डेलवाल**

दिल्ली को डराने वाले, गुंडों को पकड़कर

दिल्ली को डराने वाले, गुंडों को पकड़कर शीघ्र इन पागलों को उपचार दीजिए! जिनको चढ़ा बुखार, उपद्रव करने का उनके सिरों से ज्वर को उतार दीजिए! सड़कों पे भीड़ से जो दंगे करवा रहे है ऐसे राजनेता को जूतें हजार दीजिए ! जामिया हो या बंगाल जहाँ देशद्रोही दिखे उनको पकड़ सीधे गोली मार दीजिए!! **कवि सुनिल शर्मा नील**

सुनों हमारी बांग बहादुर जब

सुनों हमारी बांग बहादुर जब भी मिलते चौराहे पर तुमनें हमसे देश काल की बातें की थी कभी नहीं की बातें तुमनें बलात्कार की क्या अपनी सरकार नहीं थी। जाति धर्म के ऊपर भी है मानवता भी क्या इसकी दरकार नहीं थी सुनों हमारी बांग बहादुर जब भी मिलते चौराहे पर तुमनें हमसे देश काल की बातें की थी। **प्रतिमा शर्मा**

लघु कथा

खोई हुई संपदा

एक हास्यव्यंग सबने सुना होगा, हँसी किसी को नहीं आई, एक आदमी का एक सिक्का रेत मे गिर गया, अंधेरा था, बड़ी मुश्किल हो गई, वह छलनी लेकर आया, स्थान चिंहित नहीं किया, कुछ दूर रोशनी देखकर, रातभर रेत छानने लगा, सुबह हो गई, सिक्का नहीं मिला, सुबह पप्पू जो काफी समझदार था, पप्पू ने पूछा, सिक्का कहाँ गिरा था, आदमी ने बताया, सिक्का तो वहाँ गिरा था, पप्पू ने उत्सुकता से पूछा यहाँ क्यों खोज़ रहे हो, कहने लगा यहाँ उजाला था, इसीलिये ज.बात हँसने जैसी बिलकुल नहीं है. सीखने जैसी है, यही हाल मेरे देश में हो रहा है, सम्पूर्ण, सम्पन्न, धर्मनिरपेक्ष, संप्रभुता, अखंडता लेकिन सिक्के वहीं खोजने है जहाँ पर उजाला है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1398 -तैमूरलंग ने दिल्ली पर कब्जा किया। 1645 - मुगल सम्राट जहांगीर की पत्नी नूरजहां बेगम का निधन। 1777 - फ्रांस ने अमेरिकी स्वतंत्रता को मान्यता दी। 1779 - मराठों और पुर्तग़ालियों के बीच लंबे संघर्ष के बाद मराठा सरकार ने मित्रता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रदेश के कुछ गांवों को 12,000 रुपये राजस्व क्षतिपूर्ति के तौर पर पुर्तग़ालियों को सौंपा। 1807 - फ्रांस के तानाशाह नेपोलियन बोनापार्ट ने मिलान का ऐतिहासिक आदेश जारी किया। 1903 - राइट बंधुओं ने 'द फ्लायर' नामक विमान पहली बार उड़ाया था। 12 सेकेंड की इस उड़ान ने दुनिया में क्रांति ला दी थी। 1907 - उग्येन वांगचुक भूटान के पहले वंशानुगत राजा बने। 1914 - पोलैंड के लिमानोव में ऑस्ट्रिया की सेना ने रूसी सेना को पराजित किया। 1925 - तत्कालीन सोवियत संघ (अब रूस) और तुर्की ने एक दूसरे पर हमला न करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये।

कोनी में शुरू हुई दो दिवसीय प्रदर्शनी, हजारों बच्चों ने जानी इसरो की जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । डॉ.विक्रम साराभाई शताब्दी कार्यक्रम के अंतर्गत नेशनल रिमोट सेंसिंग सेन्टर (इसरो) हैदराबाद और छत्तीसगढ़ विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर तथा गुरूघासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में 16 एवं 17 दिसंबर को दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन आज कलेक्टर डॉ.संजय अलंग की उपस्थिति में किया गया। प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम में गुरूघासीदास विश्वविद्यालय की कुलपति सुश्री अंजीला गुप्ता, प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार, डॉ.राजश्री भोसले, जी एम हैदराबाद, श्री एम सी राव कुलपति छत्तीसगढ़ विज्ञान परिषद, डॉ.पारिजात ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. आर. एन. हीराधर आदि उपस्थित थे। इस प्रदर्शनी में बिलासपुर नगर के

महर्षि उच्चतर माध्यमिक शाला, लोयला पब्लिक स्कूल, ड्रीम लैण्ड उ.मा.शाला कैरियर पाइंट उ.मा.शाला बिलासपुर शाला बहतराई, शा.उ.मा.शाला कोनी, विभिन्न शालाओं के हजारों बच्चों ने उपस्थित होकर लाभ उठाया। नेशनल रिमोट सेंसिंग सेन्टर (इसरो) हैदराबाद, छत्तीसगढ़ विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के द्वारा बच्चों और आम जनों के लिये अंतरिक्ष विज्ञान की विभिन्न प्रकार की सूक्ष्म जानकारियां को बड़ी ही सहज और सरल भाषा में आमजनों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। गुरूघासीदास विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के पास स्थित रजत जयंती सभागार में विभिन्न कक्षों में भारत द्वारा प्रक्षेपित विभिन्न राकेट के अलग-अलग मॉडल रखे गये हैं। चंद्र मिशन, मंगल मिशन एवं विभिन्न प्रकार के अलग-अलग मौसम, पर्यावरण, सूचना प्रौद्योगिकी, सुरक्षा और अन्य प्रयोजनों हेतु उपयोग की जाने वाली तकनीकियों और बारिकियों को इस दो दिवसीय आयोजन में बताया जायेगा।

35 हजार करोड़ का प्रॉफिट के बाद भी फंड का रोना

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। गेवरा परियोजना में कार्यरत कर्मियों को आठ माह से समय पर वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है। बीते वर्ष 35 हजार करोड़ प्रॉफिट अर्जित करने वाले इसे क्षेत्र में फंड की कमी बता कर वेतन रोके जाने से कर्मियों में नाराजगी व्याप्त है। संयुक्त श्रमिक संघ ने आपत्ति जताते हुए समय पर भुगतान करने कहा है।

एसईसीएल में कार्यरत मंथली रेटेड कर्मियों को प्रत्येक माह की एक तारीख तथा डेली रेटेड कर्मियों को तीन तारीख को वेतन भुगतान किए जाने का प्रावधान है। इसके लिए मंथली रेटेड में 15 तारीख तथा डेली रेटेड में 20 तक हाजिरी की गणना की जाती है। तदुपरांत गणना कर वेतन भुगतान किया जाता है, पर सर्वाधिक प्रोडक्शन करने वाली गेवरा परियोजना में कर्मियों को समय पर वेतन भुगतान नहीं हो रहा है। इस संबंध में संयुक्त श्रम संघ के प्रतिनिधियों ने महाप्रबंधक उत्खनन को पत्र सौंपकर चर्चा की, तब वित्त मैनेजर ने फंड का अभाव बताते हुए वेतन भुगतान में विलंब होने की बात कही। इस पर श्रमिक नेताओं ने महाप्रबंधक गेवरा के समक्ष प्रस्ताव रखते हुए वित्त मैनेजर ने फंड का अभाव होने की जानकारी दी। महाप्रबंधक ने तत्काल कर्मियों के खाते में राशि डालने आदेश दिए जाने के बाद भुगतान हो सका।

श्रमिक नेताओं ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में गेवरा ने 42.25 एमटी कोयला उत्पादन कर 35 हजार करोड़ रुपये का प्रॉफिट अर्जित किया था, इसके बावजूद वित्त मैनेजर का फंड का अभाव बता कर वेतन भुगतान में विलंब करना समझ से परे है। आइआर तथा जेसीसी बैठक में इस प्रस्ताव को कई बार रखा गया, पर हर बार वित्त मैनेजर की ओर से यही तर्क दिया जाता रहा। उन्होंने कहा कि वेतन भुगतान में विलंब होने से कर्मियों को परेशानी झेलनी पड़ती है, क्योंकि कई कर्मियों के बच्चे बाहर पढ़ते हैं, जिन्हें राशि भेजनी पड़ती है। कुछ लोगों ने लोन लेकर चेक दिया हुआ है और राशि नहीं होने पर चेक बाउंस होने का खतरा बना रहता है।

जानकारों का कहना है कि वित्त विभाग वेतन का करोड़ों रुपये रोक कर बैंक में ब्याज बनाता है, ताकि कंपनी को राशि दिखाकर अपना सीआर बेहतर बनाया जा सके। गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक से संयुक्त श्रमिक संघ की ओर से एचएमएस के सचिव एससी मंसूरी, सीटू से अजय प्रताप सिंह, बीएमएस से हरनारायण केशरवानी व एटक से रविंद्र कुमार सिंह ने मुलाकात कर कहा है कि अनावश्यक वेतन भुगतान में विलंब किया जाता है तो आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा।

कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए मंत्री अग्रवाल ने किया ताबड़तोड़ दौरा

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल कोरबा नगर पालिक निगम में कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों को जीताने के लिए ताबड़तोड़ दौरा कर रहे हैं। वार्ड के कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों द्वारा आयोजित जनसभाओं में पहुंचकर राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं और कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी के लिए वोट मांग रहे हैं। 13 दिसम्बर से मैदान में उतर चुके राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बालको के वार्ड क्र. 35 व 38 व दर्री के वार्ड क्र. 45, 46 व 47का कार्यालय उद्घाटन कर कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों के लिए प्रचार प्रसार शुरू कर दिया है। 14 दिसम्बर को कोरबा क्षेत्र के वार्ड क्र. 11, 19, 29, 20, 21, 31, 26, व 33 में जनसभाओं को संबोधित किया। 15 दिसम्बर को उनके प्रभार जिला कोरिया में सांसद ज्योत्सना महंत के साथ जनसभाओं को संबोधित कर वार्ड प्रत्याशियों को जीत दिलाने कांग्रेस के पक्ष में मतदान के लिए अपील किया और आज सोमवार को वार्ड क्र. 10, 24, 9, 7, 8, 31, 1, 13, 15, 16 व 14 में ताबड़तोड़ तुफानी दौरा कर जनसभाओं के साथ साथ वार्ड वासियों से मुलाकात कर कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं से वोट अपील किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफ किया गया। 05 डिसमील तक के जमीनों के रजिस्ट्री पर लगी रोक को हटाया गया। बीपीएल परिवार के अलावा एपीएल परिवार वालों को भी कम मुल्य पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकारी भूमि पर काबीज लोगों को पट्टा दिया जा रहा है।

मध्यप्रदेश में मिली मरवाही से लापता हुई महिला

बिलासपुर। 23 दिनों से लापता महिला को पुलिस ने रतलाम से किया बरामद, रोगी कल्याण समीति ने उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया था । मिली जानकारी के अनुसार मरवाही थाना क्षेत्र के कोटा की रहने वाली गनेशिया बाई 22 नवम्बर को अपनी बेटी के घर जाने बस से निकली थी, जब वह तय समय के बाद भी घर नही पहुँची तो परिजनों ने मरवाही थाने में गुम इंसान की शिकायत दर्ज कराई, जिन्हें रतलाम मध्यप्रदेश की रोगी कल्याण समिति के प्रयासों से मरवाही पुलिस ने 23 दिनों बाद बरामद कर लिया है। दरअसल कुछ दिनों बाद मरवाही थाने में रतलाम की एक रोगी कल्याण समिति से कॉल आया और बताया गया कि यहां के हॉस्पिटल में लोहारी की गनेशिया नामक महिला भर्ती है, जिसके बाद मरवाही थाना प्रभारी प्रदीप आर्य ने इस बात की तस्दीक की व बात सही पाया, मरवाही थाना प्रभारी ने इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक बिलासपुर प्रशांत अग्रवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पेंड्रा रोड प्रतिभा पांडे व एसडीओपी पेंड्रा रोड अशोक वाडेगावकर को दी ।

रतनपुर क्षेत्र में फिर अवैध धान जप्त

- लावारिस खड़े दो पिकअप से 126 बोरी धान मिला

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। प्रदेश में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी जारी है लेकिन इस बार पंजीकृत किसानों से सीमित मात्रा में धान खरीदी किए जाने के कारण अवैध रूप से धान की बिक्री जारी है। इसी कड़ी में रतनपुर क्षेत्र में एक बार फिर अवैध धान की बड़ी खेप पकड़ी गई । रतनपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रतनपुर हाई स्कूल के पास 2 पिकअप में संदिग्ध धान लोड किया गया है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची तो उन्हें वहां दो पिकअप लावारिस हालत में मिले। पिकअप क्रमांक सीजी 10 सी 2163 में 66 बोरी और सीजी 10 × 2358 में 60 बोरी धान मिली है । कुल 126 बोरी धान मय पिकअप जप्त कर पुलिस रतनपुर थाना ले आई है जहां वाहन रजिस्ट्रेशन के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है। एक पिकअप में साहू किराना स्टोर भाड़ी लिखा हुआ है । यह पहला मामला नहीं है जब रतनपुर में इस तरह अवैध धान की जब्ती हुई है। क्षेत्र में लगातार अवैध रूप से धान की खरीदी बिक्री की जा रही है लेकिन सरकार इस मामले में पूरी तरह सख्त है और शासन के निर्देशानुसार लगातार अवैध थान की जब्ती की जा रही है और संबंधित पर कार्यवाही भी जारी है। फिलहाल रतनपुर पुलिस 126 बोरी धान जप्त कर आरोपी की तलाश कर रही है।

आईजी और एसपी रात 3 बजे निकले तफरी पर

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। पुलिस महानिरीक्षक ने देर रात शहर की पुलिसिंग और थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया इस दौरान एसपी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर के नगर पुलिस अधीक्षक भी उपस्थित रहे ।

शहर की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने और वर्तमान हालत से रूबरू होने एसपी प्रशांत अग्रवाल ने क्षेत्र के विभिन्न थाना एवं संवेदनशील क्षेत्रों का मुआयना किया था वही अब संभाग के पुलिस महानिरिक्षक प्रदीप गुप्ता ने कल एसपी के साथ मौकाए मुआयना में निकल पड़े इस दौरान शहर के सरकंडा और तारबाहर थाना का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया । साथ ही साफ-सफाई एवं सुरक्षा संबधी निर्देश दिये । थानों में महिलाओं की फरियाद सुनने खोला गया संवेदन संवेदना एवं महिला डेस्क में महिला पुलिस कर्मियों को जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने की निर्देश दिया या संबंधित आवश्यक दोनों थाने के द्वारा संधारित किए जा रहे रजिस्टर एवं संरक्षित माल खानों के संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए, निरीक्षण के दौरान मिले पुलिस कर्मचारियों को निर्धारित वेशभूषा में रहने की हिदायत दी,दोनों थाना की नव निर्माण भवन का भी निरीक्षण किया, सुनसान क्षेत्रों को चिन्हित कर विशेष निगाह रखकर पेट्रोलिंग करने की हिदायतें दी,थानों में अकारण रखे गए माल की नष्टी एवं निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पुलिस की आंख और कान बनें ऑटो चालक : एसपी

- ऑटो चालकों के मेधावी बच्चों का जिला पुलिस ने किया सम्मान
- स्वास्थ्य परीक्षण के लिए लगाए शिविर में उठाया लाभ

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। जिला पुलिस की विशेष पहल ने जिले में दशकों से ऑटो रिक्शा का संचालन कर रहे चालकों और उनके परिजनों को भाव विभोर कर दिया। यह पहला मौका रहा जब खाकी वर्दी के अफसरों ने खाकी वर्दी वाले ऑटो चालकों के मेधावी बच्चों को सम्मानित व पुरस्कृत किया। आयोजन की जिला ऑटो संघ ने न सिर्फ सराहना की है बल्कि पुलिस अधिकारियों द्वारा की गई अपील और कानून का पालन करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की है।

जिला पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के द्वारा विशेष पहल के तहत रविवार को गीतांजलि भवन सभागार में पुलिस जनमित्र कार्यक्रम का आयोजन ऑटो चालक परिवारों के लिए किया गया। ऑटो चालकों से इस तरह के आयोजन के जरिए रूबरू होने का यह पहला समारोहपूर्वक आयोजन रहा जिसमें शामिल हुए ऑटो चालक और उनके परिवार गदगद नजर आए। जिला ऑटो संघ के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने कहा कि समाज में होने वाले तरह-तरह के अपराधों की रोकथाम, नियंत्रण और किसी अपराध के घटित होने या किसी भी तरह की संदेहास्पद जानकारी अथवा संदिग्ध मुसाफिर के बारे में सूचना पुलिस तक पहुंचाकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका ऑटो चालक निभा सकते हैं। पुलिस भी खाकी वर्दी पहनकर समाज के लोगों की रक्षा करती है और ऑटो चालकों की वर्दी भी खाकी रंग की है और पुलिस से जुड़कर दोनों खाकी मिलकर सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर सामंजस्य से निर्वहन कर सकते हैं। हाल-फिलहाल देश के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं से संबंधित हुई घटनाओं पर चिंता व्यक्त कर एसपी ने महिलाओं, बच्चों की सुरक्षा के प्रति सजग रहने की अपील ऑटो चालकों से की। एक तरह से पुलिस के आंख और कान के तौर पर सहयोगी की भूमिका निभाने का आह्वान ऑटो चालकों से किया गया। अपील की गई कि सभी ऑटो चालक नियमित खाकी वर्दी धारण करते हुए यात्रियों को बेहतर यातायात सुविधा मुहैया कराएं और उनके साथ शालीन व्यवहार प्रदर्शित करते हुए कोरबा जिले में बेहतर सत्कार के उदाहरण भी प्रस्तुत करें। इस अवसर पर जिला पुलिस की ओर से ऑटो चालक परिवारों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया जिसका लाभ अनेक परिवारों ने उठाया। ऑटो चालकों के लगभग 100 मेधावी बच्चों को शैक्षणिक सामग्रियां स्कूल बैग, डायरी, पेन, कम्पास आदि के साथ-साथ उज्जवल भविष्य की कामनाओं सहित प्रमाण पत्र भी प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी मुख्यालय रामगोपाल करियारे, नगर पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, कोतवाली टीआई निरीक्षक दुर्गेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

वार्डों में बैनर, पोस्टर और फ्लेक्स की बाढ़

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। नगर निगम के सभी 67 वार्डों में पार्षद चुनाव का माहौल बन गया है। राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी भी पूरे दमखम से चुनाव लड़ रहे हैं। वार्डों में इन दिनों पोस्टर वार छिड़ा हुआ है। खुद को दमदार दिखाने उम्मीदवार के बीच अधिक से अधिक बैनर-पोस्टर लगाने की होड़ मची हुई है। इस वजह से वार्डों में बैनर-पोस्टर और फ्लैक्स की बाढ़ आ गई है। निर्दलीय उम्मीदवार भी पोस्टर और फ्लैक्स लगाने के मामले में पीछे नहीं है। इस बार नगर निगम कोरबा के वार्डों में पार्षद पद का कांग्रेस, भाजपा, बसपा, राकांपा, सपा, सीपीआइ, आप और जकांछ के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। 37 वार्डों में कांग्रेस-भाजपा के बीच सीधी टक्कर है। 30 वार्डों में कांग्रेस-भाजपा के अलावा निर्दलीय अथवा अन्य दलों के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। सभी वार्डों में जगह-जगह बैनर, पोस्टर और झंडे नजर आ रहे हैं। राजनीतिक दलों के झंडों के अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपने चुनाव चिन्ह के साथ जगह-जगह झंडे लगा रखे हैं। राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने वार्डों में चुनाव कार्यालय खोला है। उनकी तर्ज पर निर्दलीय उम्मीदवार भी बाकायदा कार्यालय खोलकर चुनाव प्रक्रिया संचालित कर रहे हैं। अभी रैलियों और भीड़ के साथ प्रचार का दौर शुरू नहीं हुआ हैं। राजनीतिक दलों के उम्मीदवार भी कुछ समर्थकों को लेकर डोर टू डोर संपर्क कर रहे हैं। निर्दलीय उम्मीदवार घर-घर दस्तक देकर वोट मांग रहे हैं।

अपना-अपना घोषणा पत्र

घोषणा पत्र जारी करने के मामले में निर्दलीय उम्मीदवार कांग्रेस-भाजपा व अन्य राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों से दो कदम आगे चल रहे हैं।

निकाय चुनाव: मतगणना के लिये दिया गहन प्रशिक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । नगर पालिका आम निर्वाचन 2019 अंतर्गत नगरीय निकायों के निर्वाचन हेतु मतगणना के लिये आज सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, गणना पर्यवेक्षकों, गणना सहायकों, मास्टर ट्रेनरों को गहना प्रशिक्षण दिया गया।

प्रार्थना सभा भवन जल संसाधन परिसर में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री शैलेष कुमार पाण्डेय ने प्रशिक्षण दिया। निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों की गणना, मतपेटी में पड़े मतों की गणना, किन परिस्थितियों में मतपत्र खारिज होता है इस बारे में प्रशिक्षण में बताया गया। निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों की गणना रिटर्निंग अधिकारी के टेबल पर होगी। यह वार्ड वार पृथक-पृथक होगी। प्रत्येक टेबल पर अभ्यर्थी अपना गणना एजेंट नियुक्त कर सकेगा। सबसे पहले बाहरी बड़े लिफाफे 19 ख को खोलकर प्रारूप 19 ग में मतदाता द्वारा की गई घोषणा को संवीक्षा की जाएगी। यदि हस्ताक्षर, हस्ताक्षर का अभिप्रमाणन एवं मतपत्र का क्रमांक सही पाया जाएगा तो ऐसी घोषणा को अलग सील कर दिया जाएगा। मतपत्र वाले लिफाफे 19 क को खोलकर मतपत्र की संवीक्षा उपरांत गणना की जाएगी। यदि प्रारूप 19 ग घोषणा सम्यक रूप से भरी हुई नही पाई जाती है तो प्रारूप 19 क मतपत्र के लिफाफे को न तो खोला जाएगा न ही उसकी गणना की जाएगी। निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों को अभ्यर्थीवार प्रारूप-20 में एंट्री किया जाएगा तथा उम्मीदवारों को मिले मतों की संख्या की घोषणा की जाएगी। मतपेटी में पड़े मतों की गणना के लिये प्रत्येक वार्ड के लिए पृथक गणना मेज होगी, जिसमें क्रम संख्या अंकित होगी तथा प्रत्येक टेबल पर एक गणना पर्यवेक्षक तथा 02 गणना सहायक तैनात किये जायेंगे। सील्ड मतपेटियों को गणना एजेंट को दिखाया जाएगा कि सभी सील सही लगी है।

महापौर चुनाव के लिए पारित अधिसूचना को नहीं कानून को चुनौती दें

बिलासपुर। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में महापौर का चुनाव जनता से सीधे कराए जाने के बजाय निर्वाचित पार्षदो से कराए जाने के निर्णय को चुनौती देते हुए दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा है कि वे सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के बजाय बनाये गए कानून को चुनौती दें। महापौर का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी करते हुए..प्रस्ताव विधानसभा में प्रस्तुत किया था।और विधानसभा में प्रस्ताव पारित होने के बाद उसे कानून का दर्जा मिल गया था। जिसको लेकर छजका विधायक धर्मजीत सिह समेत 5 लोगो ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार से जवाब तलब किया था।

दो माह से ग्रामीणों को नही मिला राशन

बिलासपुर। कोटा विकासखंड के ग्राम पंचायत तेंदुभाटा, सिरसहा, नगोई और सलका के ग्रामीणों को विगत नवम्बर और दिसंबर महीने का राशन वितरित नही किया गया है, जिसकी वजह से उन्हें अपने जीवन यापन में समस्या हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि किसी भी हितग्राही को राशन नही मिला है, जिसकी शिकायत राशन दुकान संचालक से की गई तो उन्होंने शासन से ही राशन नही मिलने की बात कही गई।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

क्रमांक 37/ले.शा./लो.स्वा.यां./2019-20 दिनांक 13.12.2019

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म-ए में निम्नलिखित कार्य हेतु मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र आवेदन की अंतिम तिथि 23.12.2019 शाम 5.30 बजे

ग्रु	ग्राम का नाम	विकासखण्ड	कार्य का नाम एवं मात्रा	ठेके की संभावित राशि(अनु. लागत) लाख में	धरोहर राशि
1	2	3	4	5	6
1	टेमर	सक्ती	जल वितरण प्रणाली का कार्य - 110mm UPVC 6kg-1514 mtr, 160 mm PUVC 6kg-84 mtr	9.61	7200/-
2	टुण्ड्री	डभरा	जल वितरण प्रणाली का कार्य - 110mm UPVC 6kg-1514 mtr, 160 mm PUVC 6kg-84 mtr	5.37	5000/-
3	कंवली	डभरा	जल वितरण प्रणाली का कार्य - 110mm UPVC 6kg-1514 mtr, 160 mm PUVC 6kg-84 mtr	3.02	3000/-

यह निविदा सूचना मूल निविदा का एक अंग है। विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी इस कार्यालय में कार्यालयीन समय से दिनांक 23.12.2019 तक देखी जा सकती है।

जी-75803/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पुसौर, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 12/बी-121/2019-20
ग्राम छोटेभण्डार प.ह.नं. 23
तहसील पुसौर, जिला रायगढ़

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम छोटेभण्डार को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स रायगढ़ एनर्जी जनरेशन लिमिटेड (पूर्व का नाम कोरबा वेस्ट पॉवर कंपनी लिमिटेड) ग्राम छोटेभण्डार, तहसील पुसौर, जिला रायगढ़ छ.ग. द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया गया है कि ग्राम छोटेभण्डार, बड़ेभण्डार, अमलीभौना और सरवानी प.ह.नं. 23 तहसील पुसौर जिला रायगढ़ छ.ग. में 600 मेगावाट का ताप विद्युत संयंत्र स्थापित करने के लिए सीधे क्रय भूमि जो ग्राम छोटेभण्डार, बड़ेभण्डार, अमलीभौना और सरवानी में स्थित है। यह भूमि आवेदक की भूमिस्वामी हक की भूमि है ग्रामवार रकबा छोटेभण्डार-143.30 एकड़, बड़ेभण्डार-240.41, अमलीभौना-24.41, सरवानी-10.89 कुल रकबा 418.51 एकड़ स्थित है। कंपनी का नाम कोरबा वेस्ट पावर कंपनी लिमिटेड से बदलकर रायगढ़ एनर्जी जनरेशन लिमिटेड किया गया है। इस प्रकार भू-अभिलेखों में उपरोक्तानुसार नामांतरण किए जाने हेतु निवेदन किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 2.1.2020 को नियत किया गया है। जिस संबंध में जिस किसी आम जनता को कोई उजर आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 2.1.2020 तक पेश कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त उजर आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 4.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
पुसौर

पार्षद प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार पकड़ रहा है जोर

■ वार्ड 09 में मतदाताओं की टिकी निगाहें

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। निकाय चुनावों के मतदान की तारीख नजदीक आते ही चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है। चुनावी समर में उतरे प्रत्याशी हर मतदाता तक पहुचने के लिए अपना पूरा जोर लगा रहे हैं। ऐसा ही कुछ नजारा नपा कसडोल के वार्ड 01, 04, 06 और 09 में देखने को मिल रहा है। सोमवार को भाजपा प्रत्याशी गुनिराम साहू ने तूफानी जनसम्पर्क किया और हर मतदाता से व्यक्तिगत रूप से पहुँचने के लिए चुनाव प्रचार में पूरा दम लगा दिया। प्रत्याशी गुनिराम साहू के साथ उनके मित्र लोकनाथ (पिंटू) साहू ने भी अपनी अलग टोली लेकर गुनिराम का प्रचार कर रहे है। जिससे प्रत्याशी को अधिक से अधिक वोट मिल सके। भाजपा प्रत्याशी गुनिराम साहू अपने यूथ क्लब के सदस्यों के साथ भी क्षेत्र में जनसम्पर्क कर रहें है। जनसम्पर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी को जनता का समर्थन मिल रहा है। सोमवार को वार्ड 01 की कचरा बाई बंजारे और रविवार को निर्दलीय प्रत्याशी प्रमीला भारती वार्ड 1 के विद्या नगर में सघन जनसंपर्क किया इसके साथ ही वार्ड 06 से भाजपा प्रत्याशी चंद्रिका विमल वैष्णव ने पारस नगर सहित वार्ड 06 के अन्य जगहों पर प्रचार किया। जनसम्पर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी गुनिराम साहू के साथ पुनीराम साहू (पूर्व पार्षद), विष्णु यादव (पूर्व एल्डर मेन), राजेन्द्र श्रीवास (वरिष्ट भाजपा नेता), नागेस्वर साहू (उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग), गोपाल साहू, लोकनाथ साहू (पिंटू साहू), बजरंग यादव सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

वार्ड 4 में कांग्रेस-भाजपा के बीच सीधी टक्कर

नपा कसडोल में इस बार के चुनाव में नगर के चौक चौराहों पर वार्ड क्रमांक 4 की चर्चा हो रही है क्योंकि इस वार्ड से कांग्रेस ने ऋषि कुमार श्रीवास को चुनाव मैदान में है तो भाजपा ने निर्वतमान वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद प्रदीप मिश्रा को उतारा है। भाजपा से वार्ड क्रमांक 4 के निवासी दिलहरण साहू, उमाशंकर साहू, पूरन साहू, भूपेन्द्र पाण्डेय तथा लक्ष्मण मिश्रा भी टिकट की दौड़ में थे लेकिन वार्ड वासियों को टिकट नहीं देने से भूपेन्द्र पाण्डेय को छोड़कर भाजपा टिकट के चारों दावेदार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। जिसमें निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मण मिश्रा के साथ राजेश कन्नौजे भी राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों को मात दे रहे है। हालांकि वार्ड 04 के कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार ऋषि श्रीवास के साथ लीलक राम साहू, फगुवा राम साहू, रामेश्वर साहू, हीरालाल साहू, धनेश साहू, सुकृत साहू, नागेश श्रीवास, राजेश श्रीवास, नूतन लाल सेन, सोन सिंह कैवर्त्य, सरजू कैवर्त्य, संतोष पैंकरा, राजू सिंह राजपूत, राजेश्वर पटेल, संतोष निषाद सहित अन्य सदस्य प्रचार में जुटे हुये हैं।

■ न्यूज गैलरी

नीट 2020 के लिए आवेदन आमंत्रित

महासमुंद। नेशनल एलिजिबलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) 2020 के लिए आवेदन प्रक्रिया इसी माह के दो तारीख से शुरू हो गई है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर है। अभ्यर्थी वेबसाइट से परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अगले साल से नीट के जरिए ही सभी एम्स व देशभर के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस में दाखिला होगा।

सर्पदंश से वृद्ध की मौत

महासमुंद। सर्पदंश के शिकार वृद्ध ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम दलालखार निवासी गणेश पिता धीरसाय (60) को 8 सितंबर को सांप ने काट लिया था। उन्हे उपचार के लिए एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

निर्वाचन व्यय लेखा निरीक्षण आज

महासमुंद। नगरपालिका परिषद् महासमुन्द, बागबाहरा एवं नगर पंचायत तुमगांव के पार्षद पद के प्रत्याशियों का निर्वाचन व्ययों के दिन-प्रतिदिन के लेखा का द्वितीय निरीक्षण निर्वाचन व्यय संपरीक्षकों द्वारा 16 एवं 17 दिसंबर को प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक पूर्व निर्धारित स्थानों में किया जाएगा। नगरपालिका परिषद महासमुन्द के सहायक व्यय प्रेक्षक एसआर बेलदार ने बताया कि लेखा निरीक्षण में निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्रद्वा थवाईत उपस्थित रहेंगी।

शराब बेचते ढाबा मालिक पकड़ाया

महासमुंद। बसना के आरंगी चौक स्थित ढाबा से पुलिस ने वृद्ध के कब्जे से सवा दो लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस ने बताया कि शनिवार दोपहर पौने तीन बजे ढाबा से हल्कोदादर निवासी निराकर पटेल पिता गेंदलाल (61) के कब्जे से शराब बरामद की। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

चारागाह से 6 मवेशियों की चोरी

महासमुंद। चारागाह में छोड़े 6 मवेशियों को अज्ञात ने चोरी कर ली। घटना पिछले दिनों की बताई जा रही है। चिंगरौद निवासी प्रार्थी नीलकंठ यादव के अनुसार उन्होने भैंस समेत 6 मवेशी चरने के लिए चारागाह में छोड़ दिया था। जिसे अज्ञात चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

नि:शुल्क दंत रोग एवं चिकित्सा शिविर 18 को

महासमुंद। श्री शांति विजय सेवा समिति द्वारा बुधवार 18 दिसंबर को कॉलेज रोड स्थित महावीर भवन में सुबह साढ़े 9 से 1 बजे तक और दोपहर ढाई से 4 बजे तक निःशुल्क दंत रोग एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें दंत वैद्य श्रीमती सरोज बैन जोशी अहमदाबाद, डॉ रत्नेश जायसवाल एवं डॉ माया पगाड़े भिलाई अपनी सेवाएं देंगे।

अनियमित कर्मचारी महासंघ की हुई बैठक

महासमुंद। छत्तीसगढ संयुक्त और अनियमित प्रगतिशील कर्मचारी महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 15 दिसंबर को दोपहर 12 बजे स्थानीय टाउनहाल गार्डन में बैठक आहूत की गई। जिसमें प्रदेशभर के शासकीय विभागों, निगम मंडल, ठेका और स्वशासी विभागों में कार्यरत अनियमित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। एक दिवसीय बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रणनीति बनाई गई।

हाफ मैराथन स्पर्धा में 35 मिनट में 5 किलोमीटर दौड़े कमिश्नर

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। राजनांदगांव में आयोजित हाफ मैराथन स्पर्धा में कमिश्नर दिलीप वासनीकर ने भी 5 किलोमीटर की स्पर्धा पूरी की। इस मौके पर प्रदेश भर से स्पर्धा में भाग लेने आए प्रतिभागी आये थे। श्री वासनिकर ने 5 किलोमीटर वर्ग में अपनी दौड़ पूरी की। श्री वासनीकर ने इस दौड़ के लिए 35 मिनट का समय लगाया। श्री वासनीकर के साथ ही दुर्ग रेंज के आईजी विवेकानंद सिन्हा भी इस अवसर पर उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि श्री वासनीकर लंबे समय से मैराथन दौड़ में हिस्सा लेते आए हैं। पिछली बार रायपुर में आयोजित हाफ मैराथन स्पर्धा में भी उन्होंने 5 किलोमीटर वर्ग में हिस्सा लिया था।

समाज शिक्षित होने से तरक्की को कोई नहीं रोक सकता : मुरलीधर सिन्हा

नवप्रदेश संवाददाता

■ ग्राम कसेरू में सहस्त्रबाहु भगवान की जयन्ती मनाई गई

गरियाबंद। विगत दिनों तहसील गरियाबन्द के ग्राम कसेरू में डड़सेना कलार समाज के ईष्टदेव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जिसमें मुख्यअतिथि डड़सेना कलार समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष मुरलीधर सिन्हा अध्यक्षता तहसील गरियाबन्द मण्डलेश्वर नन्दकुमार सिन्हा विशिष्ट अतिथि तहसील राजिम मण्डलेश्वर रामलाल सिन्हा थे। कार्यक्रम की शूरूवात बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा करते हुये नगर भ्रमण किया गया तदोपरांत भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा अर्चना के पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि सिन्हा कलार समाज में अब गरीबी दूर हो गई है, हमें अपने नई पीढ़ी को शिक्षित करने में जोर देना चाहिये, क्योंकि शिक्षित समाज को तरक्की से कोई नहीं रोक सकता है, इसलिये कलार समाज को शिक्षा पर जोर देना है, कोई भी बच्चे उच्च शिक्षा से दूर नहीं रहे, यदि आर्थिक समस्या आती है तो समाज मदद करेगी। मंडलेश्वर गरियाबन्द के नन्दकुमार सिन्हा ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि हमें रूढ़िवादी विचारों और कुरीतियों को दूर करना है तभी समाज आगे बढ़ेगी।

राज्य शौर्य पुरस्कार के लिए 20 तक आवेदन आमंत्रित

गरियाबंद। जिले के 18 वर्ष तक आयु के बालक-बालिकाओं से राज्य शौर्य पुरस्कार हेतु आवेदन 20 दिसम्बर 2019 सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित किया गया है। पुरस्कार हेतु बालिक-बालिकाओं द्वारा अपनी जान की परवाह किये बिना दूसरे की जान बचाने हेतु किया गया वीरता का कार्य, जो 1 जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2019 के मध्य का हो, शामिल किया जायेगा। आवेदन के साथ एफआई.आर. अथवा पुलिस डायरी की छायाप्रति व समाचार पत्रों की कतरनें संलग्न करना होगा, साथ ही वर्तमान छः रंगीन पासपोर्ट साईज के फोटो, घटना का विस्तृत विवरण एवं दो प्रतियों में निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन जमा करना होगा। सभी दस्तावेज सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।

बंद प्लांट में चोरी, सात को किया गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। तुमगांव स्थित बंद पड़े कालिंद्री पावर एंड स्टील लिमिटेड प्लांट में चोरी करते हुए छह आरोपी एवं चोरी का सामान खरीदने वाले एक व्यापारी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी प्रदीप मिंज ने बताया कि कालिंद्री पावर प्लांट में चोरी करते हुए सोनडोंगरी कबीर नगर रायपुर निवासी मुन्नालाल निषाद पिता प्रभुसाय (44), वार्ड1 हीरापुर रायपुर निवासी राजेन्द्र पिता मंगलू यादव (38), रंजीत सिंह पिता ओमप्रकाश सिंह (29), करण पिता श्रीराम साहू (39), गुढियारी रायपुर निवासी खिलावन पिता श्रीराम साहू (30), दिनेश पिता श्याम लाल बघेल (19) एवं चोरी के सामान खरीदने के आरोप में महोबा बाजार रायपुर निवासी मनोज पंचरिया पिता राधाकृष्ण को गिरफ्तार किया है। 12 दिसंबर को प्लांट के कर्मचारी लखन किल्लेकर ने थाने में आवेदन दिया था कि प्लांट में चोरी हो गई है और लगातार वहां अज्ञात चोर वहां घुसकर चोरी कर रहे हैं। शिकायत दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश में थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

खड़े ट्रैक्टर से टकराई बाइक एक की मौत एक गंभीर

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बरोली के पास रविवार देर रात बाइक सवार खड़ी ट्रैक्टर से टकरा गए। घटना में एक की मौके पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक आमापाली निवासी हरिराम चौहान पिता श्याम चौहान(27) रिश्तेदार कौशल चौहान के साथ बाइक से आमापाली जा रहा था। इसी दौरान बरोली संस्कार स्कूल के पास पंक्चर होने के कारण ईंट से लदी खड़ी बिना नंबर की ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया। घटना में बाइक चालक हरिराम चौहान की मौत हो गई वहीं कौशल चौहान गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया और मृतक के शव को पीएम के लिए भेज दिया। आज सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 337, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

अज्ञात वाहन की चपेट से युवक की मौत

राजनांदगांव। शहर से लगे ग्राम गठुला में बीती रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई है। घटना रात करीब साढे 11 बजे की है जब तिलई निवासी 20 वर्षीय पिगेश्वर पिता सियाराम देवांगन अपनी मोसा सीजी 09-एडी 7027 से राजनांदगांव से अपने घर वापस जा रहा था। इसी दरमियान गढला पहुंचने पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिससे मौके पर ही पिगेश्वर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पिगेश्वर राजनांदगांव अपने किसी परिचित से मिलने आया था। जिसके बाद वह वापस अपने घर लौट रहा था। इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने पिगेश्वर को अपनी चपेट में ले लिया। अभी तक वाहन की शिनाख्त नही की जा सकी है। पुलिस मामले पर मर्ग कायम कर घटना के जांच में जुट गई है।

गुरु घासीदास जयंती पर दीपों से जगमगाएगा खरोरा

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। ग्राम पंचायत खरोरा में गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर को प्रत्येक घरों में दीये जलाकर जयंती मनाई जाएगी। साथ ही भोग भंडारा का आयोजन सतनामी समाज की ओर से रखा गया है। सामाजिक एकता की मिसाल कायम करते हुए खरोरावासियों ने एक साथ गुरु पर्व मनाने का निर्णय लिया है। सभी ग्रामवासी भंडारा का आनंद लेंगे। साथ ही गांव के सभी घरों पर रंगोली बनाई जाएगी। दीपक जलाए जाएंगे। मनखे-मनखे एक समान का संदेश देने वाले बाबा गुरुघासीदास के संदेश का पालन होता ग्राम खरोरा में 18 दिसंबर को देखा जाएगा। सभी समाज के रहवासी इस पर्व में सहभागिता दिखाएंगे। मुकेश चंद्राकर ने बताया कि गांव में 19 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती मनाई जाएगी। इसमें राजेंद्र रंगीला का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि विधायक विनोद चंद्राकर होंगे।



विवाद के बाद कुल्हाड़ी से हमला, जुर्म दर्ज

राजनांदगांव। खैरागढ के सोनेसरार में आपसी मतभेद के बाद कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने का मामला आया है। घटना सुबह की है जब गांव के ही मुन्ना जोशी व धनेश जोशी के बीच विवाद हो गया जिसके बाद धनेश के बेटे अनोज ने मुन्ना पर टंगिया से वार कियाए जिससे मुन्ना के हाथ में चोट आई है। मुन्ना ने आरोप लगाया है कि वह कुत्ते को मारने के लिए पत्थर मार रहा था लेकिन पडोसी धनेश जोशी ने उसे अपने में लेते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी जिसके बाद विवाद बढ़ गया व धनेश का लड़का अनोज ऊर्फ अनूज जोशी टंगिया से प्राणघातक हमला किया।अनोज ने काउंटर केस दाखिल करते हुए मुन्ना पर आरोप लगाया है कि मुन्ना उसके पिता को खपरा से फेंककर मार रहा था। जिसके बाद दोनों के बीच गाली गलौच हुई व मुन्ना और उसके लड़के ने राजेंद्र जोशी ने उनपर डंडे से मारपीट की इसके बाद ही उसने अपनी रक्षा के लिए हाथ चलाया है।

सेहत के प्रति जागरूकता लाने हॉफ मैराथन का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। आम लोगों में सेहत के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से राजनांदगांव में सुबह हॉफ मैराथन का आयोजन किया गया। हॉफ मैराथन पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम परिसर से सुबह 6 बजे प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए वापस इसी में समाप्त हुई। हॉफ मैराथन में धावकों ने 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर की तीन अलग-अलग श्रेणियों में दौड़ लगाई। इसमें बच्चों-महिलाओं सहित सभी वर्ग के लोगों ने उत्साह से हिस्सा लिया। दूसरे शहरों से भी धावक हॉफ मैराथन में भाग लेने पहुंचे। इस अवसर पर आईजी दुर्ग विवेकानंद सिन्हा ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर जय प्रकाश मौर्य ने कहा कि मैराथन आयोजन से लोग स्वास्थ्य के प्रति सजग होंगे। हर व्यक्ति के लिए बेहतर स्वास्थ्य बेहतर पूंजी के समान होता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा तो मन भी प्रसन्न रहेगा। उन्होंने मैराथन में हिस्सा लेने वाले धावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

गणतंत्र दिवस परेड के लिए ढलेश्वरी का चयन

महासमुंद। एमवीपीजी कॉलेज के रासेयो महिला इकाई की स्वयंसेवक ढलेश्वरी साहू का चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न विश्वविद्यालयों से 30 स्वयंसेवकों का चयन कर प्रशिक्षण शिविर के लिए ग्वालियर रवाना किया गया। जिसमें मार्चपास्ट के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां, वादन आदि मापदंडों के आधार पर चयन किया गया। 10 दिवसीय इस प्रशिक्षण के बाद क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल में छत्तीसगढ़ की छह स्वयंसेवकों का चयन सूची जारी किया गया। जिसमें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवक शामिल हैं। इनमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्वयंसेवक ढलेश्वरी साहू का चयन हुआ है।

नि:शुल्क आयुर्वेद होम्योपैथी शिविर में दिखा उत्साह

नवप्रदेश संवाददाता

राजनादगांव। ब्लॉक स्तरीय आयुर्वेद होम्योपैथी शिविर का आयोजन 12 दिसम्बर को शांति नगर ग्राम पंचायत डोंगरगांव, अंबागढ़ चौकी में आयोजित किया गया जिसमें ग्रामीणों द्वारा बढ़-चढ़कर स्वास्थ्य सेवा का लाभ लिया।

शिविर में वात रोग, चर्म रोग, उदर रोगों की समस्या का मरीज ज्यादातर देखे गए। शिविर में आंखों की जांच की व्यवस्था भी की गई। शिविर प्रभारी डॉक्टर मोहम्मद इकबाल हुसैन ने उच्च रक्तचाप मधुमेह इत्यादि रोगों के बचाओ संबंधित जन जागरूकता लोगों को बताया गया शिविर में डॉक्टर यामिनी शर्मा, डॉक्टर हर्ष चौरसिया, डॉक्टर सुनील भोई, डॉक्टर नरोत्तम नेताम अपनी सेवाएं दी। ग्राम पंचायत के सभी सरपंच सचिव युवा ग्रामीण का पूरा सहयोग मिला शिविर में कुल लाभार्थी 550 मरीज का उपचार एवं दवा वितरण किया गया।

धान खरीदी | अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन रोकने 58 प्रकरण दर्ज, किसानों को एक अरब 9 करोड़ की राशि का भुगतान

दो सप्ताह में 16 हजार 141 किसानों ने बेचा समर्थन मूल्य पर धान

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। एक दिसम्बर 2019 से 16 दिसम्बर 2019 अर्थात दूसरे सप्ताह तक 16 हजार 141 किसानों से 6 लाख 3 हजार 430 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। खाद्य अधिकारी एच के डड़सेना ने बताया कि जिले के पंजीकृत 72 हजार वास्तविक कृषकों से धान खरीदी सुनिश्चित करने के लिए अवैध धान खपाने की कोशिशों पर लगाम कसने की प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है। कलेक्टर श्याम धावड़े द्वारा प्रत्येक उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की सतत् निगरानी और समस्या के समाधान के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई है। ओडिसा सीमा से लगे गांवों और अन्य संदिग्ध रास्तों पर 13 चेकपोस्ट स्थापित किये गये है, जहां राजस्व, पुलिस, मंडी, खाद्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सतत् मॉनिटरिंग कर रहे हैं। दूसरे प्रदेशों से आने वाले अवैध धान परिवहन पर अभी तक 7 प्रकरण दर्ज किये गये है। वहीं कोचियों व बिचैलियों पर 51 प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई है। 16 दिसम्बर 2019 की स्थिति में कुल 58 प्रकरणों में 17 हजार 127 क्विंटल धान जप्ती की गई है। इन प्रकरणों में 7 वाहनों पर जप्ती की कार्यवाही की गई है। ज्ञात है कि शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में धान खरीदी 15 फरवरी 2020 तक की जाएगी और आवश्यतकता पड़ने पर आगे भी धान खरीदी की जायेगी। धान की खरीदी के लिए छोटे-बड़े सभी किसानों से उनके पंजीकृत रकबे के अनुसार प्रति एकड़ 15 क्विंटल की दर से धान खरीदी सुनिश्चित की गई है एवं धान खरीदी के लिए प्रत्येक किसान को अपनी उपज बेचने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। उपार्जन केन्द्रों में धान का स्टेकिंग और बारदानों में स्टेम्पिंग का कार्य भी निर्देशानुसार किया जा रहा है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं VEENA D/O D R SONBOIR निवासी MAKAN NO. 104, WARD NO. 07, MONGRAPALI , MAHASAMUND, TENDUKONA (C.G) 493449 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम VEENA SAHU W/O REVENDRA SAHU रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम VEENA SAHU W/O REVENDRA SAHU से ही जाना पहचाना जावे।

VEENA SAHU
MAKAN NO. 104,
WARD NO. 07, MONGRAPALI
MAHASAMUND,
TENDUKONA (C.G) 493449

पोल्ट्री फार्म से पनप रही गांव में बीमारियां

- डामर फेक्ट्री से गॉव का वातावरण हो रहा दूषित
- पोल्ट्रीफार्म और डामर कारखाना को बंद करने
- सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। कांकेर विकासखंड से महज 7 किमी दूर ग्राम पंचायत कोकपुर के दर्जनों ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट आकर बस्ती के अंदर चल रहे पोल्ट्रीफार्म और डामर कारखाना को बंद करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ।ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हमारे ग्राम कोकपुर के नेतामपारा एवं डोंगरी पारा के बीच में ग्राम के मनोज जायसवाल के द्वारा पोल्ट्रीफार्म खोला गया है । पोल्ट्री फार्म में पर्याप्त साफसफाई नहीं होने के कारण आसपास का वातावरण बदबूदार हो गया है । पोल्ट्री फार्म से निकलने वाली गंदगी में मोटे मोटे कीड़े व बड़ी बड़ी मच्छर ,मक्खियां पनप रही है, जिसके कारण गांव के लोगों में तमाम तरह की बिमारियां फैल रही है । पोल्ट्री फार्म सडक़ किनारे होने के कारण आने जाने वाले राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है । पोल्ट्री फार्म संचालक तो सिर्फ मोटी कमाई में लगा हूआ है ग्रामीणों की समस्या उसे नहीं दिखाई दे रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि कोकपुर के नेताम पारा और डोंगरी पारा के मध्य ग्राम के राजकिशोर शर्मा को कृषि कार्य हेतु आबादी भूमि करीब 1.50 एकड़ भूमि ग्रामवासियों के सहमति से दान किया गया था । लेकिन उक्त व्यक्ति के द्वारा कृषि कार्य करने के बजाया वहां पर डामर कारखाना खोला गया है। उक्त कारखाना से निकलने वाले गंदगी और वायुप्रदुषण पुरा गांव को अपनी चपेट में ले रहा है ।

गांव के लोगों को स्वांस से सम्बधित कई प्रकार की बिमारियों का सामना करना पड़ सकता है । इस कारखाना को बंद करने के लिए पुरे ग्रामवासी के द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है। इस दौरान ग्राम के फत्तेसिंग, हरिशंकर सिन्हा, भुनेश्वर, राजेन्द्र कुमार यादव, सकुउराम योगेश कुमार, सगनु राम, तिलक जैन, लोचनराम सिन्हा, सराधुराम , भिखारी मंडावी, संतोष कुमार, पवन नेताम, दायलु, सुकमन नेताम, भागबती कोड़ोपी, पीलुराम, सुखदेव, मयाराम आंचला, गिरवर राम आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

धान मिंजाई के दौरान थ्रेसर में कटने से युवक की मौत

कांकेर/अंतागढ़। अंतागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम एटेबालका में शनिवार को दोपहर करीब 3 बजे थ्रेसर में धान मिंजाई के दौरान युवक का एक पैर मशीन में कट जाने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई । घटना के बाद परिजन सदमें में हैं और किसी से कोई बातचीत नहीं कर पा रहें हैं ।वर्तमान परिवेश में लोगों के पास अब इतना समय नहीं रह गया कि कोई अपने कार्य को वह बहूत दिनों तक करते हूए अपने समय को बर्बाद करे । वर्तमान युग मशीनों का युग है अपने कार्य करने के लिए हमें मशीनों का सहारा लेना ही पड़ता है । किसी भी मशीन का प्रयोग करते समय थोड़ी सी सावधानी रखना बहूत ही आवश्यक है नहीं तो हमें उसका दुष्प्रभाव भुगतना पड़ता है । ऐसा ही एक मामला अंतागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम एटेबालका में शनिवार को लापरवाही के कारण धान मिंजाई करने के मशीन में पैर फंस जाने से एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई । जानकारी के अनुसार ग्राम एटेबालका निवासी लख्खुराम आंचला ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शनिवार को दोपहर करीब 3 बजे मेरा बेटा अनिल कुमार आंचला(27) धान मिंजाई करने के लिए शंकर आंचला के कोठार में गया हूआ था । थ्रेसर मशीन से धान मिंजाई का कार्य करते हुए मेरा बेटा मशीन में धान भारा भरते हुए मशीन के उपर चढ़ गया था उसी समय उसका पैर फिसला और एक पैर मशीन में धान मिंजाई करने के मशीन में गंभीर रूप से फंस गया ।यह घटना इतना जल्दी हो गया कि किसी को कुछ समझ नहीं आया और जब तक मशीन को बंद करते तब तक युवक की पैर मशीन में कट गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । बताया गया कि मृतक की कुछ ही वर्षों पहले शादी हूई थी और उसके छोटे छोटे दो बच्चें हैं । घटना की खबर से पुरा गांव सदमें हैं वहीं पर परिजनों पर दुख का पहाड़ टुटा हूआ है । ग्रामीणों ने कहा कि धान मिंजाई के मशीन में रफ्तार अधिक होने के कारण खतरा बना रहता है थोड़ी से लापरवाही से युवक का पुरा परिवार बिखर गया । रिपोर्ट के आधार पर घटना स्थल पर पहूंची पुलिस ने मृत शव को अपने कब्जे में लेकर मर्ग कायम करते हुए शव को पोस्टमार्टम पर भेज मामले कि विवेचना में जूट गई है ।

सोहगांव में आत्मरक्षा के दिए गए टिप्स

कांकेर। जिले में गठित महिला रक्षा संवेदना टीम के द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को थाना पखांजूर क्षेत्र शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोहगांव में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर श्री राजेंद्र जायसवाल के दिशा निर्देश एवं एसडीओपी पखांजूर श्री मयंक तिवारी के नेतृत्व में महिला आरक्षक जागेश्वरी सलाम, ममता मंडावी, अन्नपूर्णा नाग, रेवती पोया, सुभद्रा शोरी, उमेश्वरी मानिकपुर के द्वारा उक्त स्कूल की छात्राओं को पास्को एक्ट, एटीएम फ्रॉड, मोबाइल फ्रॉड, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, लैंगिक अपराध, यौन शोषण आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। उक्त कार्यशाला में स्कूल स्टॉप सम्मिलित हुए जिन्होंने कांकेर पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा की है।

सरपंच सचिव पर लगे आरोप को ग्रामीणों ने बताया झूठा

- अतिक्रमण और जमीन की खरीद फरोख्त के समर्थन में उतरे सैकड़ों ग्रामीण
- कहा सरपंच और सचिव पर लगे आरोप फर्जी
- ग्राम पंचायत चारभांठा का मामला

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। चारामा विकासखंड के ग्राम पंचायत चारभांठा के ग्रामीणों ने कुछ दिन पहले कलेक्ट्रेट आकर सरपंच, सचिव व ग्राम प्रमुखों पर आरोप लगाते हुए कहा था कि ग्राम के करीब 35 एकड़ शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा जमाते हुए उसे ग्राम व अन्य गांव के लोगों को बेच कर मोटी कमाई में लगे हूए हैं। जिसके जवाब में ग्राम चारभांठा के सैकड़ों ग्रामीण सोमवार को कलेक्टर पहूंच कर फर्जी आरोप लगाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने ज्ञापन सौंपे है। ग्राम चारभांठा ठाकुर पारा के सैकड़ों ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि 13 दिसम्बर को ग्राम के कुछ ग्रामीणों ने कलेक्टर आकर ग्राम सरपंच, सचिव व ग्राम प्रमुखों पर फर्जी आरोप लगाते हुए शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने व उक्त भूमि को मोटी रकम पर बेचने का आरोप लगाया गया था । जिसके जवाब में ग्राम के ठाकुर पारा के सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्टर में आकर ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि हम ग्रामवासी बेघर परिवार से है हमारे पास निवास करने के लिए घर नहीं था, जिसके वजह से अपने आवासीय व्यवस्था के लिए विगत 7-8 वर्षों से छोटा मोटा टिन टप्पर व खपरैल का घर बनाकर निवास कर रहे हैं । उक्त जमीन को ग्रामवासियों ने ही हम लोगों को दिया है जिसमें किसी प्रकार का पैसों का कोई लेनदेन नहीं हूआ है । ग्राम के कुछ असामाजिक तत्व छगन साहू, दुर्गेश साहू, विरेन्द्र देवांगन, भूपेन्द्र साहू, प्रवीण नेताम, दिनेश टांडिया, सोनसाय कश्यप, कंवल देवांगन, जय राम, भीमराज साहू, भूपेन्द्र साहू, ईश्वर साहू, फूलसिंग सिन्हा, योगेश कावड़े का अधिकतर हमारे बस्ती में आना जाना लगा रहता है हमे संदेह है कि इनके पास खतरनाक हथियार भी हैं जिससे हमारे जान को खतरा बना हूआ है । इन लोगों के द्वारा पिछले पंचायत चुनाव के समय में भी परेशान किया जा रहा था अब फिर से चुनाव का समय आ गया ।

विद्यार्थियों में खेल भावना व अनुशासन जरूरी : अग्रवाल

नवप्रदेश संवाददाता

चांपा। स्थानीय लायंस इंग्लिष हायर सेकेण्डरी स्कूल में शनिवार 14 दिसंबर को वार्षिक खेल समारोह का समापन लायंस क्लब अध्यक्ष लायन राजेष अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। समारोह में लायंस षिक्षण समिति के चेयरमेन लायन एस. एन. गर्ग, सचिव लायन रमेष देवांगन, लायंस क्लब सचिव लायन संतोष सोनी, लायंस षिक्षण समिति के खेल प्रभारी लायन विनोद अग्रवाल, वरिष्ठ लायन सदस्य के. सी. अग्रवाल एवं लायन गिरधारी लाल अग्रवाल भी मंचस्थ थे। समारोह को संबोधित करते हुए लायन राजेष अग्रवाल ने कहा कि स्कूल के वार्षिक खेल समारोह में सभी विद्यार्थियों को पूरे अनुषासन एवं खेल भावना के साथ अपनी खेल प्रतिभा को प्रदर्षित करना चाहिए। उन्होंने छात्र - छात्राओं को अच्छे खेल प्रदर्षन के लिए अपनी शुभकामनाएॅ दी। समारोह को इसके अलावा लायंस षिक्षण समिति के चेयरमेन लायन एस. एन. गर्ग, सचिव लायन रमेष देवांगन तथा खेल प्रभारी लायन विनोद अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि इस त्रिदिवसीय खेल समारोह में स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी पूरी क्षमता के साथ उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्षन किया होगा।

लॉकर सहित चोर ले भागे 65 हजार

कोरबा। पसान के अंग्रेजी शराब दुकान में सेंधमारी कर चोर दुकान में रखे लॉकर समेत शराब के बोतल ले भागे।चोर की सारी करतूत दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है

पसान की अंग्रेजी शराब दुकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। चोर दुकान के पिछले हिस्से में सेंघमार कर घटना को अंजाम दिया है।दुकान के सुपरवाइजर संतोष कुमार जायसवाल ने बताया की रात 10 बजे दुकान बंद होने के बाद वो अपने घर चला गया। सुरक्षाकर्मी अपने कमरे में सो रहे थे जिसका कुंडी बाहर से चोरों ने बन्द कर कर दिया। देर रात लगभग 1 बजे चौकीदार का फोन आया है कि दुकान में चोरी हो गई है ! जब वो मौके पर पहुचा तो दुकान के पीछे हिस्से से चोर सेंधमार कर दुकान में रखे लॉकर, 2 प्रिंटर,सेहुद्ध रिसीवर, और शराब के बोतल ले भागे। बैंक शनिवार और रविवार दो दिनो तक बंद होने कारण 65 हजार बिक्री रकम लॉकर में रखे थे। जिसे वो लॉकर समेत ले भागे।चोरो की सारी करतूत दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। सुपरवाइजर ने घटना की सूचना पुलिस को दी।पसान थाना प्रभारी लीलाधर राठौर पुलिस स्टाफके साथ मौके पर पहुंचे और जांच कार्यवाही शुरू की।पुलिस की माने तो चोर की सारी करतूत दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है और बहुत जल्द पुलिस के हत्थे चढ़ जाएगा।शराब दुकान पर सुरक्षाकर्मी के अलावा 4 स्टॉफ काम करते है।जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।

जिस तरह से चोरी की घटना अंजाम दिया गया है उससे ऐसा लगता हैं कि कोई जानकार ही है।

बीस हितग्राहियों को हुआ नोटिस जारी

कोरबा। जिला कोरबा अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित द्वारा राष्ट्रीय निगमों की स्वरोजगार योजनाओं में वितरीत ऋण की वसूली के लिये लगभग बीस हितग्राहियों को नोटिस जारी किया गया है। इन हितग्राहियों ने वसूली के लिये चेक समिति में जमा किये थे, परन्तु बैंक में चेक प्रस्तुत करने पर चेक बाउंस हो गये हैं। इस आधार पर अंत्यावसायी विकास समिति कार्यालय द्वारा हितग्राहियों को नोटिस जारी कर पन्द्रह दिनों के भीतर राषि जमा करने के निर्देष दिये गये हैं। बकायेदार हितग्राहियों में लालशंकर सिंह, ग्राम-गजराबस्ती, राकेश कुमार कंवर, ग्राम-गजरा बस्ती, फूलसिंह राठिया, ग्राम-केरवांद्वारी, राजेन्द्र कुमार तंवर, ग्राम-कोरबी, अर्जुन सिंह, ग्राम-पत्थरफोड़, जोहन सिंह, ग्राम-मांगामार, पेशीलाल, ग्राम-ढोढ़ातराई, रामकुमार, ग्राम-भदरापारा, हीरा राम उरांव, ग्राम-पंडरीपानी, दशरथ सिंह मरकाम, ग्राम-गुरूद्वारा, संतोष कुमार मरकाम, ग्राम-लखनपुर, सुखलाल पच्ची, ग्राम-रामपुर, राजकुमार, ग्राम-बतरा, चन्द्रभुषण, ग्राम-बनखेता, लवीभुषण, ग्राम-केशलपुर, अशोक कुमार, ग्राम-अमहवा, चैन सिंह, ग्राम-रानीगढ़ी, मनमोहन सिंह, ग्राम-साडामार मोहन सिंह, अंशुमन सिंह, ग्राम-गढ़उपरोड़ा शामिल हैं।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर से 178 लाभान्वित

नवप्रदेश संवाददाता

चांपा। अंतराष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब्स इंटरनेषनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा अपनी सेवा गतिविधियों के तहत रविवार 15 दिसंबर को ग्राम पचपेड़ी (सोहागपुर) में निःषुल्क स्वास्थ्य परीक्षण षिविर का आयोजन ग्राम के स्कूल भवन परिसर में किया गया।

दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक चले इस षिविर में चिकित्सकों ने कुल 178 ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवष्यक परामर्ष तथा दवाएं प्रदान की। इस दौरान क्लब द्वारा ग्राम के 20 जरूरतमंदों को कंबल का वितरण ठंड के मौसम से बचाने के लिए किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए लायंस क्लब अध्यक्ष लायन राजेष अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब चांपा द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के लिए समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किये जाते है। इसी कड़ी में आज ग्राम पचपेड़ी में शिविर का आयोजन किया गया है।

शिक्षार्थियों को ऑनलाईन सेवा के लिये बनायेंगे सक्षम- पाण्डेय

कोरबा। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल षिक्षा विभाग का नवाचारी कार्यक्रम मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम ''गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़'' के सफल क्रियान्वयन के लिये मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी एवं राज्य साक्षरता मिषन प्राधिकरण रायपुर के सहायक संचालक प्रषांत कुमार पाण्डेय ने ई-साक्षरता केन्द्र का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी श्री पाण्डेय ने बताया कि ई-साक्षरता केन्द्र को आकर्षक बनाया जा रहा है। शिक्षाकर्मियों को ऑनलाईन सेवा के लिये सक्षम बनाया जायेगा। देष में अलग तरह का यह एक ऐसा कार्यक्रम हैं, जिसमें 30 दिनी पाठ्यक्रम में कम्प्यूटर की बुनियादी जानकारी साथ वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, चुनावी साक्षरता, कौशल विकास, व्यक्तित्व विकास, श्रेष्ठ पालकत्व, अच्छे नागरिक, ऑनलाईन भुगतान, समय प्रबंधन, आत्मरक्षा सहित सोषल मीडिया का ज्ञान भी कराया जाता है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना जरूरी : आयुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जागव बोटर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की कड़ी में आयोजित महिला मतदाता जागृति शिविर को संबोधित करते हुए आयुक्त श्री राहुल देव ने आज कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान नितांत आवश्यक है, हम सभी को अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। उन्होने आगे कहा कि महिलाएं समाज की धुरी हैं तथा समाज को दिशा देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती, अतः नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 में मतदान दिवस को महिला मतदाता अपने परिवार के सभी मतदाता सदस्यों के साथ अनिवार्य रूप से मतदान करें तथा मजबूत लोकतंत्र के स्थापना में अपना योगदान दे।

टीएलबी संवर्ग के व्याख्याताओं की वरिष्ठता सूची जारी

कोरबा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा टीएलबी व्याख्याताओं के वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। एक अप्रैल 2019 की स्थिति में जारी इस वरिष्ठता सूची को स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट ईडीयू पोर्टल डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर अपलोड किया गया है। प्रकाशित की गई वरिष्ठता सूची में यदि किसी टीएलबी व्याख्याता (स्नातकोत्तर) का नाम छूट गया हो या त्रुटि पायी जाती है तो 4 दिन के भीतर सुधार हेतु आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजे जा सकते हैं। समयावधि में आवेदन प्राप्त नहीं होने तथा पुष्टिकारक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये जाने पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

कोरबा में मनाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल की 69वीं पुण्यतिथि

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 69वीं पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में मनाई गई। यहां कांग्रेसजनों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हे शत् शत् नमन किया। भारत की आजादी के बाद विभिन्न रियासतों के भारत में विलय कराने की प्रक्रिया के साहसिक फैसले का स्मरण करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सत्येन्द्र वासन ने सरदार पटेल की निर्णय क्षमता को अद्भुत बताया। उन्होने बताया कि भारत के हित में काफी अच्छे कार्य सरदार पटेल की ओर से किये गये। इसी के आधार पर इन्हे लौह पुरूष की उपाधि हासिल हुई। वे अपने कार्यों के जरिए सदियों तक भारतीयों के मन मस्तिष्क में बसे रहेंगे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्रीकांत बुधिया ने कहा कि इतिहास में कई महापुरूष हुए हैं जिनमे वल्लभभाई पटेल का नाम लिया जाता है।

आयोजन | नाबालिग बच्ची को शारीरिक शोषण से बचाने वाली तिवारी दंपत्ति का कलेक्टर एवं एसपी ने किया सम्मान

तिवारी दंपत्ति का कार्य सराहनीय, अनुकरणीय और प्रेरणादायक : कलेक्टर पाठक

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। दुष्कर्म के उद्देश्य से मोटर सायकल से बलात ले जा रहे नाबालिग बच्ची को उनके रिश्तेदार के चंगुल से मुक्त कराने वाली तिवारी दंपत्ति का आज सीटी कोटवाली में समारोह आयोजित कर कलेक्टर और एसपी द्वारा सम्मानित किया गया।

कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक ने इस अवसर पर कहा कि एक ओर हम अपनी संस्कृति व सभ्यता पर गर्व करते हैं, वहीं दूसरी ओर आज महिलाओं व बच्चियों के यौन उत्पीड़न की अनेक घटनाएं घटित हो रही है। ऐसी घटनाओं से सभ्य समाज शर्मसार हो रहा है। ऐसे माहौल में महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सरोज तिवारी और उसके पति विनोद तिवारी का एक नाबालिग बच्ची को उसके ही करीबी रिश्तेदार के द्वारा बलात ले जाने और यौन उत्पीड़न घटना से पूर्व बच्ची को उसके चंगुल से छुड़ाने का साहसिक कार्य किया जाना एक अनुकरणीय कार्य है। उन्होंने कहा कि तिवारी दंपत्ति का यह कार्य बहादुरी का अनुपम उदाहरण है। कलेक्टर ने कहा कि श्रीमती सरोज तिवारी एक शासकीय अधिकारी है, उन्होंने अपने नागरिक व नैतिक जिम्मेदारियों का सराहनीय निर्वहन कर समाज के सामने एक उदाहरण पेश किया है। कलेक्टर ने तिवारी दंपत्ति के लिए अधिक साहस, शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की, ताकि वे भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने पूरी ताकत लगा सके। कलेक्टर ने कहा कि आज उन्हें असीमित आत्मीक खुशी और गर्व का अनुभव हो रहा है। उन्हें ऐसी बहादुर दंपत्ति को सम्मनित करने का अवसर मिला। आत्म चिंतन की जरूरतः- एसपी श्रीमती पारूल माथुर ने कहा कि अपनी ही साली से दुष्कर्म के कृत्य का प्रयास यौन अपराध है जो हमे परिवार समाज को आत्म चिन्तन के लिए विवश करता है। एसपी श्रीमती माथुर ने कहा कि परिवार के बड़े सदस्य द्वारा ही मासूम बच्ची का दैहिक शोषण नैतिक पतन का प्रतीक है।

उन्होंने उक्त घटना को समाज परिवार के लिए एक विडम्बना निरूपित करते हुए आत्म विश्लेषण करने और नैतिकता के विकास पर जोर दिया। उन्होंने तिवारी दंपत्ति की बहादुरी और प्रत्युत्पन्नमति से त्वरित कार्यवाही कर मासूम बच्ची को चंगुल से छुड़ाने के कार्य की मुक्त कण्ठ से प्रसंशा की।

पुलिस का सहयोग प्रसंशनीय - पर्यवेक्षक श्रीमती तिवारी ने इस घटना के आरोपी के खिलाफ कार्रवाइ में और उनका हौसला आफ्जाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक श्रीमती पारूल माथुर की प्रशंसा की। श्रीमती सरोज तिवारी ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि इस घटना की शिकायत और उसके बाद संभावित परेशानी की आशंका के कारण पहले उसके मन में भय था। किंतु जांजगीर पुलिस से मिलने के बाद उनका भय व आशंका समाप्त हो गया। पुलिस ने इस घटना की कार्रवाई में ना केवल उनका भ्रम दूर किया बल्कि उनको प्रोत्साहित भी किया। इसके लिए पुलिस प्रशासन के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीती खोखर चखियार, जिला शिक्षा अधिकारी, पुलिस प्रशासन एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी, पत्रकार व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

निकाय चुनाव में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जहॉ कुछ दिन ही शेष रह गये है वही चुनाव प्रचार पुर उफान भर है वार्ड स्तर पर हो चुनाव में महिलायें घर-घर पहुचकर अपने पक्ष में होटरों को लुभाने में लगी हुये है। नगरीय निकाय के चुनाव के लिए वोटर्स को लुभाने प्रत्याशीयों के द्वारा नये-नये हथकडे अपनाये जा रहे है, नगर के 22 वार्डो के लिए कुल 73 अभ्यार्थी मैदान पर इनके भाग्यों का फैसला 25890 मतदाताओं के द्वारा किया जायेगा, जिनमें से 12998 पुरूष तथा 12892 महिला मतदाता है, इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में चुनाव आयोग के द्वारा नयी पहल चालू की गयी थी जिसके तहत सभी प्रत्याशीयों को ऑनलाईन पंजीयन कराये जाना था, जिसपर कुछ हद तक सफलता भी मिली है।

नगरीय निकाय चुनाव में जहॉ कुछ ही दिन से और शेष रह गये है ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टीयों के प्रत्यार्शी अपने-अपने वार्डो में घर-घर मतदाता तक पहॅुच कर समर्थन मांग रहे है। साथ ही प्रत्यार्शियों के द्वारा चुनाव प्रचार के लिए नये-नये हथकडे भी अपना रहे है। प्रलोभन के साथ-साथ सामाग्री वितरण मे भी कोई कोताही नही छोड रहे है। कुछ प्रत्याशियों के द्वारा कुछ अजीबों गरीब तरीके भी अपना रहे है वोट जुटाने के लिए नये-नये हथकडे भी अपना रहे है। एक कांग्रेस प्रत्याशी के द्वारा जादूगर को सहारा लिया गया है , जो वार्ड़ के अलग -अलग जगहों पर जादू दिखा कर लोगों से वोट का अपील कर रहा है इस अनोखे प्रचार पर प्रत्याशी का मानना है कि जादूगर बच्चे को प्रभावित करते है और बच्चों से परिजन भी प्रभावित होते है इस भरोसे जादूगरी का तरीका अपना रहे है। वही भाजपा के लिए स्थानिय विधायक पुन्नूलाल मोहले मे प्रचार-प्रसार का जिम्मा सभालते हुये प्रत्यार्शीयों के वोट का अपील कर रहे है। फिलहाल ये वक्त ही बताएगाा कि इस चुनाव में जादूगर प्रभाव डालते है या राजनीति के जादूगर विधायक असर डालते है।

आर्नॅलाईन भरे गये नामांकन- चुनाव आयोग के ,द्वारा इस वर्ष पहली बार प्रत्याशीयों को आर्नॅलाईन पंजीयन के लिए प्रोत्साहीत किया गया ,जिसके तहत पूरे जिले में लगभग 259 आर्नॅलाईन नामांकन किये गये, जिसमें से 248 वैध पाये गये ,34 लोगों केनाम वापसी के पश्चात जिले मे कुल 214 अभ्यार्थि अपने भाग्य अपनाने मैदान पर है जिनमें से सरगॉव से 44 ,पथरिया से 38 ,लोरमी से 59 तथा जिले के नगर पालिका से 73 प्रत्याशी मैदान में अपना भाग्य अजमाने उतरे है।

नेशनल लोक अदालत आयोजित

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर में किया गया। जिसमें न्यायालय के समक्ष लंबित 407 प्रकरण में से 89 प्रकरण का निराकरण किया गया। प्री लिटिमेशन के 29 प्रकरण निराकृत हुए। इस प्रकार लंबित एवं निराकृत कुल 2009 प्रकरणों में 118 में 30 लाख 55 हजार 7 रूपए का अवार्ड किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पक्षकार के साथ समन्वय स्थापित कर जिला न्यायाधीश

के मार्गदर्शन में अधिक से अधिक प्रकरण निराकृत करने का प्रयास किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ जिला न्यायाधीश श्रीमती कांता मार्टिन द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीश श्रीमती नीलिमा बघेल, सुषमा लकड़ा, मात्रे सहित न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण, पक्षकारगण, न्यायिक कर्मचारी ने नेशनल लोक अदालत में सम्पूर्ण सहभागिता के साथ आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

बच्चों के मनमोहक नृत्य से झूम उठे नगरवासी

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। व्यापार मेला के तीसरे दिन सीनियर ग्रुप विद्यालयीन, और महाविद्यालयीन के बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक वेस्टर्न स्टाइल डांस से दर्शक झुमते रहे। सीनियर ग्रुप डांस मे प्रथम स्थान एस डी ए डांस ग्रुप तथा दूसरा स्थान एम जे फाईव ग्रुप को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। रात्रि कालीन सांस्कृतिक के अतिथि के रूप में जिले के पत्रकार आमंत्रित रहे। सर्वप्रथम स्वागत भाषण अध्यक्ष महावीर सिंह ने दिया। तत्पश्चात स्टार्स आफ टूमारो वेलफेयर सोसायटी के संयोजक रामपाल सिंह ने आयोजन के उद्देश्य और 2014 से अब तक किये गये कार्यो पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सहसंयोजक रामशरण यादव ने किया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष व कार्यक्रम अतिथि अनिल सोनी ने कहा कि स्टार्स आफ टूमारो के इस आयोजन का इंतजार रहता है।यह टीम केवल मेला तक सीमित नहीं है अपितु हरियर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रशंसनीय कार्य कर रहे है। मै बधाई देता हूँ, आप इसी तरह नगर का नाम रोशन करते रहे। प्रेस क्लब सचिव ने कहा कि पहले नगर के लोगों को इस तरह के आयोजन के लिए दूसरे शहर तक जाना पड़ता था। किंतु अब इस आयोजन ने इस कमी को भी पूरा कर दिया है। मुंगेली व्यापार मेला के तीसरे दिन उपस्थित सभी पत्रकारों का सम्मान किया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रम (सीनियर ग्रुप डांस) में लगभग 25 नृत्य प्रस्तुत हुआ। सम्मलित विद्यालयों द्वारा बहुत ही मेहनत से तैयारी किया गया था। वेस्टर्न डांस बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रथम स्थान एस डी ए डांस ग्रुप ,दूसरा स्थान एम जे फाईव ग्रुपएवं तीसरा स्थान एडी डांस ग्रुप ने प्राप्त किया सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी सतपाल मक्कड़, आशीष सोनी, अनुराग सिंह एवं सूरज मंगलानी को बेहतर तैयारी के लिए बधाई दिया गया।

जिले में लगेगी सैनेटरी पैड बनाने वाली पहली मशीन

मुंगेली। जिले में सी.एस.सी. ई गर्वनरल सर्विस इडिया लिमिटेड की सहायता से महिला सशक्ति करण को बढावा देने के उदेश्य से महिलाओं को अपने पैरों पर खडा होने के लिए जिले में पहला सैनेटरी पैड बनाने की मशीन मॉ शक्ति स्व सहायता समूह के द्वारा लगाया जा रहा है, जिले के कलेक्टर अधिकारी के द्वारा इस सैनेटरी पैड का शुभारंभ 17 दिसबंर दिन मंगलवार को किया जायेगा, एव इनके अलावा जिले के ,एस डी एम, जिला पंचायत, सीईओ, ईडीएम, डीईओ, एवं महिला जिला आयोजना अधिकारी गण भी उपस्थित रहेगें। सी.एस.सी. ई गर्वनरल सर्विस इडिया लिमिटेड की सहायता से महिला सशक्ति करण को बढावा देने के उदेश्य से महिलाओं को अपने पैरों पर खडा होने के लिए जिले में पहला सैनेटरी पैड बनाने की मशीन मॉ शक्ति स्व सहायता समूह के द्वारा लगाया जा रहा है।

स्माल स्टेप फाउंडेशन लोगों को पहुंचा रहा लाभ

- प्रयास करती है लोगों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर
- वनांचल में बैगा आदिवासियों के लिए देती है गरम कपड़े

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। प्रयास और स्माल स्टेप फाउंडेशन सोसायटी अपने सामाजिक सरोकार के चलते लोगों के बीच परिचय का मोहताज नहीं रहा। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में संस्था द्वारा किए गए कार्य से लोगों के बीच अच्छा संदेश गया है।

जिससे संस्था ने लोगों के बीच अच्छा विश्वास अर्जित किया है और इसका परिणाम क्षेत्र की दानदाता संस्था से जुड़कर अपने सामाजिक दायित्व को समझते हुए लोगों की सहयोग के लिए सामने आने लगे हैं। उक्त बातें ग्राम मौहा मड़वा में शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों को गर्म कपड़े और जूता वितरण कार्यक्रम के

दौरान मुख्य अतिथि डीएसपी मोनिका परिहार ने कही। उन्होंने कहा कि प्रयास संस्था गरीब परिवार के लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा ,दूरस्थ वनांचल ग्रामों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर , जाड़े के दिनों में वनांचल बैगा आदिवासी लोगों को गरम कपड़ा (साल , स्वेटर , कंबल) वितरण कर लोगों की सेवा कर अपने उद्देश्य की ओर की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है। जिस तरह शासकिय एंड्रूज वार्ड प्राथमिक स्कूल को गोद लेकर स्कूल को 4 लैपटॉप ,1स्मार्ट टी.वी. और संस्था अपनी व्यय से शिक्षक की व्यवस्था कर निजी स्कूल के बराबरी में शासकीय स्कूल को लाकर खड़ा कर दिया है । यह प्रयास संस्था का सराहनीय पहल है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष जनपद पंचायत के सीईओ राधेश्याम नायक ने कहा कि सक्षम लोगों को इसी तरह आगे बढ़कर सहयोग करने की जरूरत है । अनेक कारणों से कुछ लोग शासन की योजना से वंचित रह जाते हैं । जिनका सहयोग करना हमारा दायित्व है । इसी कड़ी में आज ग्राम लालाकापा निवासी विपिन सिंह ने प्रयास संस्था की ओर से ग्राम मौहा मड़वा के प्राथमिक शाला के सभी 86 बच्चों को निःशुल्क जूता , मोजा और स्वेटर वितरण कर एक बार फिर संस्था के उद्देश्य को पूर्ति करते हुए लोगो के प्रति अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया है । इस अवसर पर जनपद पंचायत के सीईओ राधेश्याम नायक ने स्कूल के बच्चों के लिए खेल मैदान और स्कूल के लिए बाउन्ड्री वाल बनवाने का आश्वासन दिए । साथ ही संस्था का धन्यवाद करते हुए कहा कि जिस तरह से प्रयास स्माल स्टेप फाउंडेशन संस्था काम कर रहा है । नाम के अनुरूप छोटा नही एक बड़ा कदम है । और हम सब को ऐसे कार्यों के लिए संस्था की मदद करना चाहिए ।

इस अवसर पर डीएसपी मोनिका परिहार ,जनपद पंचायत जिले की सीईओ राधेश्याम नायक सहित बड़ी संख्या में ग्राम मौहा मड़वा के गणमान्य नागरिक और स्कूली बच्चे तथा प्रयास संस्था के सदस्य उपस्थित रहे ।

अपराधों के प्रभावी रोकथाम और नियंत्रण के लिए पुलिस विभाग सतर्क

नवप्रदेश संवाददाता

पखांजूर। कांकेर जिला में महिलाओं एवं नाबालिग बालिकाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों के प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक कांकेर , श्री भोजराम पटेल द्वारा जिले के सभी अनुविभाग स्तर पर गठित महिला रक्षा संवेदना टीम के द्वारा जिले में जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत आज दिनांक 13.12.2019 को थाना गोण्डाहुर क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक कांकेर श्री भोजराम पटेल(भापुसे) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर श्री राजेंद्र जायसवाल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पखांजूर श्री मयंक तिवारी के मार्गदर्शन में महिला रक्षा टीम के द्वारा महिलाओं एवं

छात्राओं को आत्मरक्षा टिप्स, गुड टच बैड टच, पास्को एक्ट, एटीएम फ्रॉड, मोबाइल फ्रॉड, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ एवं मानव तस्करी के संबंध में विस्तृत जानकारी दिए। उक्त कार्यक्रम मे थाना गोण्डाहुर क्षेत्र की महिलाएं एवं बच्चे लगभग 200 की संख्या मे सम्मिलित हुए जिन्होंने पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे अभियान को सराहा है।

विधायक अनूप नाग ने ली पंचायत प्रत्याशी बैठक

पखांजूर। पखांजुर नगर पंचायत अंतागढ़ क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय अनूप नाग जी ने नगर पंचायत के सभी कांग्रेस प्रत्याशियों की बैठक लिया साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त किए गए सभी वार्ड प्रभारियों को उनके ज़िम्मेदारियों से अवगत कराते हुए आने वाले चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए रणनीति भी बनाते हुए पिछले 10 सालो से नगर में भ्रष्टाचारी कमीशनखोरी करने वाले भाजपा की

सरकार को उखाड़ फेंकने एवं नगर में कांग्रेस सरकार बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का हौसला अफजाई किया आज के इस बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रजीत बिस्वास जी,नगर पंचायत अध्यक्ष पद के दावेदार बप्पा गांगुली ,प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस सुप्रकाश मल्लिक ,जिला महा मंत्री अनिमेष चक्रवर्ती ,वरिष्ठ कांग्रेसी संतोष कीर्तनिया ,जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस राजदीप हालदार ,ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस सूरज बिस्वास ,विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस अमर मंडल , हरिदास सरकार ,हर्षित मृद्धा, नलिनी बिस्वास ,सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,महिला कांग्रेस कमेटी,एवं युवा कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुलिस लाइन में हुआ अय्यप्पा स्वामी के भंडारे का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। दिनांक 14 दिसम्बर को सीआरपीएफ 230 बटालियन पुलिस लाइन बचेली में श्री श्री अय्यपा स्वामी की पूजा के अवसर पर कैंप में स्थित श्री अय्यप्पा मंदिर में अन्नदानम (भंडारे) का आयोजन किया गया। सबसे पहले मंदिर पुजारी द्वारा श्री डब्ल्यू आर जोसुआ सीनियर कमांडेंट के द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। पूजा अर्चना के दौरान श्री एवं श्रीमती चंद्रशेखर कमांडेंट,श्री अरविंद कुमार कमांडेंट,एवं श्रीमती निशांत कुमार चौधरी उप कमांडेंट ,प्रिंसिपल केंद्रीय विद्यालय बचेली,पत्रकार बंधु, एनएमडीसी कार्मिक विभाग के

अधिकारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक काफी संख्या में उपस्थित रहे। पूजा अर्चना के पश्चात सैकड़ों की संख्या में आए हुए श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर एनएमडीसी परियोजना के अधिशासी निदेशक श्री टीएस चेरियन भी उपस्थित रहे। इस भंडारे के संयोजक श्री चन्द्रशेखर कमांडेंट सीआरपीएफने बताया की विगत 5 वर्षो से आज ही के दिन बचेली में भंडारे का आयोजन किया जाता रहा है। इस आयोजन में बटालियन के सभी जवानों द्वारा भरपूर सहयोग प्रदान किया जाता है। आपको बता दे की इस भंडारे में दक्षिण भारतीय स्वादिष्ट पकवान बनाये जाते है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

मनरेगा में छत्तीसगढ़...

एक-एक और ग्राम पंचायतों के लिए दो पुरस्कार शामिल हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने दी बधाई

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने मनरेगा में लगातार अच्छे कार्यों के लिए पूर्व विभागीय अपर मुख्य सचिव एवं वर्तमान मुख्य सचिव आर.पी. मंडल, प्रमुख सचिव सुब्रत साहू और मनरेगा आयुक्त टी.सी. महावर सहित इसके क्रियान्वयन मे लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई दी है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर दिए जाने वाले इन पुरस्कारों में जगह बनाने के लिए मुंगेली के कलेक्टर और जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, पामगढ़ जनपद पंचायत में मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी सौरभ शुक्ला तथा ग्राम पंचायत पोड़ी की सरपंच श्रीमती प्रेमा बाई और धोतीमटोला की सरपंच श्रीमती विद्या रावते को खासतौर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

पामगढ़ विकासखंड देशभर में दूसरे स्थान

जियो-मनरेगा इनीशिएटिव्ह के तहत जी.आई.एस. संपत्ति पर्यवेक्षण क्रियान्वयन में जांजगीर-चांपा जिले का पामगढ़ विकासखंड देशभर में दूसरे स्थान पर है। वाटर हार्वेस्टिंग हेतु संरचना निर्माण के लिए कोरिया जिले के पोड़ी ग्राम पंचायत (विकासखंड सोनहत) को देशभर में दूसरा तथा मनरेगा कार्यों के क्रियान्वयन में उत्कृष्टता के लिए बालोद जिले के धोतीमटोला (विकासखंड डौंडी) को तीसरा स्थान मिला है।

आपका काम देखने...

वे कंपोस्ट खाद का निर्माण कर रही हैं।

ब्रावो ने सराहा महिलाओं का कामः ब्रावो ने कहा कि दुनिया भर में जैविक खेती के लिए लोग आगे बढ़ रहे हैं। आप लोग यहां इसे अपना रहे हैं यह बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि आप लोग ऐसे संसाधनों के साथ काम कर रहे हैं जो आपके बीच से ही हैं।

अफसरों ने समझाई नरवा, गरवा, घुरुवा, बाड़ी योजनाः इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ कुंदन कुमार भी उपस्थित थे। उन्होंने ब्रावो को पाहंदा स्थित गौठान के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यह गौठान छत्तीसगढ़ सरकार की नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी योजना अंतर्गत बनाया गया है। इस योजना के माध्यम से गोवंश के संवर्धन के लिए कार्य किया जा रहा है ताकि पशुधन के उचित दोहन के माध्यम से किसानों की आय भी बढ़ाई जा सके। साथ ही प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते हुए अपनी आय बढ़ा सकें।

बारिशः जो धान...

उठाव निरंतर किया जा रहा है और नान में चावल भी जमा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा पंजीकृत किसानों की धान निर्धारित पात्रका अनुसार खरीदी की समुचित व्यवस्था की गई है। किसान अपना धान खरीदी केन्द्रों में लाकर विक्रय कर रहे हैं।

कानून हाथ में ...

कहा कि यह मानव अधिकार हनन का गंभीर मामला है। गौरतलब है कि जामिया में हिंसा के बाद यूनिवर्सिटी को पांच जनवरी तक के लिए बंद कर दिया गया है।

दिल्ली पुलिस ने दर्ज किए दो मामलेः इधर, दिल्ली पुलिस ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया में हिंसा के संबंध में रविवार को दो मामले दर्ज किए। वहीं, दिल्ली उच्च न्यायालय ने जामिया विश्वविद्यालय में छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में दाखिल याचिका को सुनवाई के लिए तुरंत सूचीबद्ध करने से इनकार किया। गौरतलब है कि नागरिकता संशोधन कानून के जामिया विश्वविद्यालय और उसके आस-पास के इलाकों रविवार को भी प्रदर्शन जारी रहा।

अफवाहों से बचें, किसी छात्र की मौत नहीं हुई : वाइस चांसलर

नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफप्रदर्शन के दौरान जामिया में हिंसा मामले पर यूनिवर्सिटी की वाइसचांसलर नजमा अख्तर का बड़ा बयान आया है। नजमा अख्तर ने उन सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें कहा जा रहा था कि पुलिस की कार्रवाई में दो छात्रों की मौत हो गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वीसी नजमा अख्तर ने कहा कि ऐसी अफवाह है कि दो छात्रों की मौत हो गई है, मगर हम इसका पुरजोर तरीके से खंडन करते हैं। हमारे किसी भी विद्यार्थी की मौत नहीं हुई है। करीब 200 लोग इसमें घायल हुए हैं, जिनमें से बहुत से हमारे विद्यार्थी थे।

बाहर के लोग थे शामिल, अफवाहों से बचें : दिल्ली पुलिस

दिल्ली पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सफाई दी कि दिल्ली पुलिस की विरोध प्रदर्शन में जामिया के छात्रों के साथ-साथ आसपास के लोगों के शामिल होने की बात कही। उन्होंने बताया कि पुलिस की तरफसे कोई गोली नहीं चली है न ही किसी की हिंसा की वजह से जान गई है। रंधावा ने अफवाहों से बचने की भी सावधान रहने की बात कही। रंधावा ने बताया कि 13 दिसंबर से यह विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ था। फिर 14 दिसंबर को भी प्रदर्शन हुआ लेकिन जब स्थिति पुलिस की कंट्रोल में थी। इसके बाद रविवार को 2 से 4 बजे के बीच प्रदर्शनकारी माता मंदिर मार्ग इलाके तक आ गए। फिर बसों में आग लगा दी गई। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को जामिया नगर की तरफ खदेड़ना शुरू किया। पीआरओ के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर बल्ब, ट्यूबलाइट और बोतलें फेंकी। रास्ते में एक हॉस्पिटल पर भी पथराव हुआ। पुलिस के मुताबिक, 4 डीटीसी बस, पुलिस मोटरसाइकिल के साथ-साथ 100 से ज्यादा निजी वाहनों को फूंका गया।

13 योजनाओं पर...

किया। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि वह बुधवार (18 दिसंबर) को मामलों की सुनवाई करेंगे। इस कानून के खिलाफशीर्ष अदालत में कुल 13 याचिकाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस सांसद जयराम रमेश और तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा शामिल हैं। विभिन्न संगठनों ने नागरिकता संशोधन कानून की वैधता को चुनौती देते हुए याचिकायें दायर की है। इन सभी याचिकाओं में कहा गया है कि नागरिकता कानून में संशोधन संविधान के बुनियादी ढांचे और समता के अधिकार सहित मौलिक अधिकारों का हनन करता है।

अपवाह और हिंसा...

भ्रमों को भी दूर करने की कोशिश की है। गृह मंत्रालय के एक सीनियर अफसर ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आने वाले हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी शरणार्थियों को स्वतः भारतीय नागरिकता नहीं मिल जाएगी। उन्हें जरूरी मानदंड पूरा करने के बाद ही भारतीय नागरिक बनने का अधिकार होगा। संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफदेश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन के बीच होम मिनिस्ट्री ने यह स्पष्टीकरण जारी किया है।

विधायक सेंगर ...

के टिकट पर जीते थे। उनके खिलाफबलात्कार और अपहरण के मामले की सुनवाई यहां की तीस हजारी अदालत में चल रही थी। इसके अलावा सेंगर पर केंद्रीय जांच ब्यूरो(सीबीआई) की विशेष अदालत में तीन मामले चल रहे हैं। यह मामला 2017 का है जिसमें सेंगर के विरुद्ध पीड़िता के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया था। सीबीआई को यह मामला 2018 में हस्तांतरित किया गया था। तीस हजारी अदालत में पांच अगस्त को इस मामले की सुनवाई शुरू हुई थी, दोनों आरोपियों के विरुद्ध नौ अगस्त को आरोप तय किए गए थे। इस मामले में चार माह से अधिक सुनवाई चली। अदालत ने दुष्कर्म पीड़िता को नाबालिग माना है। सेंगर पर आरोप था कि नौकरी देने का वादा करके उसने अपने आवास पर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म भी किया गया।

अदालत के फैसला सुनाने के बाद वहां मौजूद सेंगर बिलख-बिलख कर रोने लगा जबकि दूसरी आरोपी शशि सिंह फैसले के बाद बेहोश हो गई। पीड़िता और उसकी मां के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के लखनऊ स्थित आवास के बाहर आत्मदाह करने की कोशिश के बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया। इसके बाद उच्चतम न्यायालय के आदेश से उन्नाव कांड की जांच लखनऊ से दिल्ली स्थानांतरित की गई थी।

सार्वजनिक स्थलों में नशाखोरी, पुलिस ने शुरू की कार्यवाही

कोरबा। सार्वजनिक स्थलों में नशाखोरी लगातार बढ़ती जा रही है। इसकी शिकायत नगरवासियों ने पाली थाना में की है। जिसके बाद से पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राजेश पटेल ने ऐसे सभी सार्वजनिक स्थलों में कड़ी कार्रवाई करने का संकेत दिया है। सप्ताह भर से लगातार शराबियों के खिलाफ कार्रवाई व समझाइश के बाद छोड़ दिया जाता था, लेकिन कई हठधर्मिता दिखाने वालों एवं दुर्व्यवहार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मंशा पुलिस ने बनाई है। नगर में क्रिके ट स्टेडियम, आइटीआइ चौक, रंगोले जंगल, शराब भट्ठी जंगलए मुक्तिधाम स्टेडियम, हाईस्कूल खेल मैदान, गार्डन, कॉलेज चौकए कोसाबाड़ी, छिंदपारा रोड, अलगीडांड़ रोड, सराईपाली रोड, रंगोले रोड, मरघटिया भाटा आदि स्थानों पर रोजाना शाम ढलते ही मदिरा प्रेमियों का जमघट लग जाता है। इन स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग मॉर्निंग वॉक के लिए भी जाते हैं। सुबह बड़ी संख्या में चखना सामग्री के अवशेष, खाली बोतलें, डिस्पोजल आदि बिखरे रहते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2017-2019, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878



सलमान नहीं रणदीप बनने वाले थे चुलबुल

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान का कहना है कि फिल्म दबंग के लिये रणदीप हुड्डा का नाम फायनल किया गया था। सलमान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म दबंग-3 के प्रमोशन में बिजी हैं। सलमान ने बताया कि दबंग में पहले चुलबुल पांडे का किरदार उन्हें नहीं किसी और एक्टर को ऑफर हुआ था। सलमान ने बताया कि दबंग के चुलबुल पांडे का किरदार पहले उन्हें ऑफर नहीं हुआ था। इसके लिए पहले रणदीप का नाम फाइनल किया गया था। फिल्म में अरबाज और रणदीप की जोड़ी आने वाली थी। सलमान ने बताया,÷यह बहुत छोटी फिल्म थी जो दो करोड़ के बजट में शूट हुई थी। तब इसमें रणदीप और अरबाज थे। अरबाज ने मुझे इसके लिए अप्रोच किया था और ये सुनने में अच्छा लगा। सलमान ने कहा, छह से आठ महीने बीत जाने के बाद मैंने पूरी कहानी

दीपिका पादुकोण के साथ काम करेंगी अनन्या पांडे!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। चंकी पांडे की पुत्री अनन्या ने 'स्टूडेंट ऑफ द इयर 2' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद उनकी हालिया रिलीज हुई फिल्म 'पति पत्नी और वो' ने भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया है। फिल्म में अनन्या की परफॉर्मेंस की काफी तारीफ की जा रही है। चर्चा है कि अनन्या, दीपिका और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ शकुन बत्रा की अगली फिल्म में दिखाई दे सकती हैं। अभी तक इस फिल्म का नाम फाइनल नहीं हुआ है और इसे करण जौहर प्रोड्यूस करेंगे। कहा जा रहा है कि अनन्या इस फिल्म में सेकंड लीड में होंगी। बताया जा रहा है कि यह फिल्म मॉर्डन डेज की रोमांटिक कॉमिडी होगी जो रिलेशनशिप्स पर होगी। शकुन और करण को अनन्या के ऑपोजिट किसी ऐक्टर को कास्ट करना है।

QUIZ TIME

1) किस मुगल शासक के धर्म निरपेक्ष आदेशों के सार-संग्रह को जवाबित-ए-आलमगिरी कहा जाता है? (बाबर / औरंगजेब)
2) यूनानी मिथक में कौन ट्रॉजन राजकुमारी एक भविष्यवाणी से अभिशप्त हो गई थी, जिस पर कोई विश्वास नहीं करेगा?
3) 'टीचर' के लिए जापानी शब्द क्या है?
(क) सेनसेई (ख) मेनसेई (ग) जेनसेई
4) अलाउद्दीन खिलजी के दरबारी संगीतज्ञ आमिर खुसरो ने 14वीं शताब्दी में भारत के लिए भक्तिमय या धार्मिक गायन के किस राग को प्रारंभ किया था?
5) वर्ष 1922 में द प्रिंस ऑफवेल्स म्यूजियम प्रारंभ हुआ था, तो इसके सदस्यों के कला संग्रह का प्रथम मुख्य अधिग्रहण किस व्यवसायी घराने ने किया था?

Ramaquiz



उत्तरमाला- (1) औरंगजेब (2) कैसेंड्रा (3) सेनसेई (4) कव्वाली (5) टाटा

अब साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू करेंगी जाह्नवी कपूर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रहीं हैं। जाह्नवी ने वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म धड़क से अपने करियर की शुरुआत की। बॉलीवुड के बाद अब जाह्नवी साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। वह साउथ के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। कहा जा रहा है कि पुरी जगन्नाथ की फिल्म में जाह्नवी और विजय रोमांस करते नजर आएंगे। फिलहाल फिल्म का नाम फाइटर रखा गया है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए जाह्नवी पहली पसंद नहीं थीं। उनसे पहले कियारा आडवाणी और आलिया भट्ट को ये रोल करने के लिए दिया गया था लेकिन दोनों ने फिल्म में काम करने से मना कर दिया था। इसके बाद करण जौहर ने फिल्म में काम करने के लिए जाह्नवी के नाम का सुझाव दिया। माना जा रहा है कि वह फरवरी 2020 से इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकती हैं।

माचो मैन के तौर पर पहचान बनायी जॉन ने

मुंबई (वार्ता)। बतौर मॉडल अपने करियर की शुरूआत करने वाले जॉन अब्राहम का नाम बॉलीवुड में एक ऐसी शख्सियत के रूप में लिया जाता है जिन्होंने न सिर्फ अभिनय से बल्कि फिल्म निर्माता के रूप में भी अपनी खास पहचान बनायी है। केरल में 17 दिसंबर 1972 को जन्में जॉन अब्राहम ने अपने करियर की शुरूआत मॉडलिंग से की। इसके बाद उन्होंने कुछ विज्ञापन फिल्मों में भी काम किया। बतौर अभिनेता जॉन ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म जिस्म से की। इस फिल्म में उनका किरदार ग्रे शेड्स लिये हुये था बावजूद वह दर्शकों की सहानुभूति पाने में सफल रहे। महेश भट्ट निर्मित फिल्म जिस्म-2 में जॉन की जोड़ी विपाशा बसु के साथ काफी पसंद की गयी। फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी। इसके साथ हीं जॉन को सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेता के लिये फिल्म फेयर द्वारा नामांकित किया गया। वर्ष 2004 में जॉन और विपाशा की जोड़ी वाली फिल्म एतबार प्रदर्शित हुयी लेकिन दर्शकों द्वारा नकार दी गयी। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म धूम जॉन के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शामिल है। यश राज बैनर तले बनी इस फिल्म में जॉन ने एक बार फिर से नेगेटिव किरदार निभाया। इस फिल्म में जॉन ने जबरदस्त बाइक स्टंट दृश्य कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी साथ हीं उन्हें सर्वश्रेष्ठ नेगेटिव किरदार के लिये फिल्म फेयर की ओर से नामांकित भी किया गया। वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म गरम मसाला में जॉन अब्राहम और अक्षय कुमार की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद

नव प्रदेश
व्यापार

पूनावाला फाइनेंस ने एक हजार करोड़ का एयूएम किया पार

नई दिल्ली (वार्ता)। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी पूनावाला फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने इस वर्ष नवंबर में 1000 करोड़ रुपए के एयूएम (संपदा प्रबंधन) को पार कर लिया है। कंपनी ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कि उसने आठ महीने में यह उपलब्धि हासिल की है, जो इसे कई मायनों में खास बनाती है। रिटेल श्रेणी में फाइनेंस उत्पादों और प्रौद्योगिकी-संचालित ऋण सॉल्युशन प्रदान करने वाली कंपनी ने उन लोगों की वित्तीय आवश्यकताओं के लिए आसान समाधान प्रस्तुत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं, जिन्हें अब तक सुविधाओं तक पहुंच उपलब्ध नहीं थी। पूनावाला फाइनेंस सायरस पूनावाला ग्रुप का एक हिस्सा है, जिसकी कुल संपत्ति 8.4 अरब डॉलर है। उसने कहा कि डेटा एनालिटिक्स, डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के मिश्रण से ग्राहकों की क्रेडिट का आकलन करने, त्वरित क्रेडिट निर्णय सुनिश्चित करने और कम से कम समय में ऋण उपलब्ध करने के लिए लेंडिंग इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है।

सुपरटेक सुपरनोवा की विला परियोजना

नई दिल्ली (वार्ता)। सुपरटेक सुपरनोवा ने 80 मंजिल की गगनचुंबी लक्जरी विला परियोजना लांच की है जिसमें कीमत साढ़े सात करोड़ रुपए से प्रारंभ होगी। परियोजना की परामर्शदाता इन्वेस्टर्स क्लिनिक के संस्थापक हनी कात्याल ने सोमवार को बताया कि इस लक्जरी विला टावर को लेकर ग्राहकों से काफी उम्मीदें हैं । इस आवासीय परिसर में अत्याधुनिक तकनीक के साथ बेहतरीन आरामदायक और आलीशान सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कात्याल ने कहा कि यह देश का दूसरा सबसे ऊंचा टावर होगा जिसमें सिम्प्लेकस और डुप्लेक्स विकल्प उपलब्ध होगें। अस्सी मंजिल के इस टावर में 4800 वर्गफुट से लेकर 8000 वर्गफुट के स्काई विला उपलब्ध होंगे जिनकी शुरुआत 59 वीं मंजिल से होगी।

एसआरएनटीएच के लिए पंजीयन शुरू

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने की चाहत रखने वाले छात्रों को इससे संबंधित प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराने में मदद के उद्देश्य से सेंचुरियन डिफेंस एकेडमी ने शिशिर रामेश्वरम राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (एसआरएनटीएच) 2020 के लिए पंजीयन की शुरुआत की है। संस्थान ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कि एसआरएनटीएच एक राष्ट्रीय स्तर का स्कॉलरशिप प्रोग्राम है, जो भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने की क्षमता रखने वाले श्रेष्ठ उम्मीदवारों की तलाश करता है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने रेट कट का दिया संकेत

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने रीपो रेट में कटौती का संकेत दिया है। उन्होंने कहा है कि आने वाले समय में मौका आने पर रीपो रेट में कटौती जरूर की जाएगी।

मुंबई (वार्ता)। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आने वाले समय में रीपो रेट में फिर कटौती का संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि रेट कट में कटौती के सिलसिले पर दिसंबर में इसलिए रोक लगाई गई, क्योंकि आरबीआई इसके लिए सही मौके का इंतजार कर रहा है। दास ने कहा कि कॉरपोरेट्स, नॉन-बैंकिंग फाइनैंस कंपनीज तथा बैंक मौजूदा समय में अपने बैलेंस शीट को साफ-सुथरा करने की प्रक्रिया में हैं, जिससे भविष्य में ग्रोथ सुनिश्चित होगा। टाइम्स नेटवर्क द्वारा आयोजित इंडिया इकनॉमिक कॉन्क्लेव के उदघाटन के दौरान उन्होंने कहा कि गैर-निष्पादित संपत्तियों के निपटारे में तेजी आ रही है। उन्होंने कहा, 'एस्सार स्टील मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने रिजॉल्यूशन से जुड़े एक बड़े मुद्दे का समाधान किया है, जो काफी समय से लंबित था।'

समन्वित नीति की कमी

गवर्नर ने कहा कि एक तरफ जब दुनिया के एक बड़े हिस्से में अर्थव्यवस्था में सुस्ती देखी जा रही है, ऐसे में विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक समन्वित नीति की कमी महसूस की गई है, जो वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान दिखी थी। दास ने कहा, 'वैश्विक आर्थिक संकट के 10 साल बाद जब वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती देखी जा रही है, ऐसे में बहुपक्षवाद जैसी कोई चीज नहीं दिख रही है। आज की तारीख में द्विपक्षवाद ने बहुपक्षवाद की जगह ले ली है।' बता दें कि आर्थिक सुस्ती को लेकर बढ़ती चिंता के बावजूद रिजर्व बैंक ने महंगाई को देखते हुए दिसंबर में नीतिगत ब्याज दरें नहीं घटाईं। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि हम 5 बार में 1.35 पर्सेंट रिपो रेट घटा चुके हैं, लेकिन बैंकों ने लोन सस्ते नहीं किए। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए देश की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है।

जियो के टावर ऐसेट्स को 25,215 करोड़ रुपये में ब्रुकफील्ड को बेचेगी रिलायंस

रिलायंस की सब्सिडियरी कंपनी इसकी सह-प्रायोजक होगी लेकिन उसके पास कोई हिस्सेदारी नहीं होगी। यह एक भारतीय बुनियादी ढांचा कंपनी में सबसे बड़ा सिंगल एफडीआई है।

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सोमवार को कहा कि वह जियो के टेलिकॉम टावर ऐसेट्स को कनाडा की ब्रुकफील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स एलपी को 25,215 करोड़ रुपये में बेचेगी। RIL ने कहा कि उसकी इकाई रिलायंस इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स ऐंड होल्डिंग्स लिमिटेड ने ब्रुकफील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स एलपी और उसके साझेदारों के साथ टावर कारोबार सौदे के लिए बाध्यकारी समझौता किया है। ब्रुकफील्ड टावर कंपनी की 100 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी खरीदेगी।

कंपनी ने बयान में कहा कि RIIHL ने 'ब्रुकफील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स एलपी और उसके संस्थागत साझेदारों के साथ समझौता किया है। इसके तहत ब्रूकफील्ड, टावर इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट की ओर से जारी यूनिट (शेयर) में 25,215 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।' इस सौदे के तहत, टावर इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट की प्रायोजक RIIHL ब्रुकफील्ड से संबद्ध बीआईएफ-चार जारविस इंडिया और कुछ अन्य सह निवेशकों के लिए ट्रस्ट में शेयर जारी करेगी। सौदा पूरा होने के बाद, ब्रूकफील्ड और उसके अन्य भागीदार ट्रस्ट के प्रायोजक बन जाएंगे और उनके पास भारत की सबसे बड़ी दूरसंचार टॉवर कंपनी में उनकी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। टावर इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट के पास 130,000 टॉवर हैं। रिलायंस की सब्सिडियरी कंपनी इसकी सह-प्रायोजक होगी लेकिन उसके पास कोई हिस्सेदारी नहीं होगी। यह एक भारतीय बुनियादी ढांचा कंपनी में सबसे बड़ा सिंगल एफडीआई है। ब्रूकफील्ड के निवेश और दीर्घ-अवधि ऋण से प्राप्त राशि का उपयोग रिलायंस जियो इंफ्राटेल प्राइवेट लिमिटेज की मौजूदा वित्तीय देनदारियों को चुकाने में किया जाएगा। रिलायंस जियो इंफ्राटेल पर 12,000 करोड़ रुपए का ऋण बकाया है। RJIPL के पास करीब 130,000 टावरों का पोर्टफोलियो है जो रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड के दूरसंचार नेटवर्क के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण करता है और इसे बढ़कर 175,000 टावरों तक करने की योजना है। जियो 30 साल के समझौते के तहत इसके टावर पोर्टफोलियो का सबसे बड़ा किरायेदार है। RIL के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि ब्रूकफील्ड के साथ इस दीर्घावधि और रणनीतिक साझेदारी से हम काफी रोमांचित हैं।

खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव से रैडिको खेतान की साझेदारी

खजुराहो अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव से रैडिको खेतना ने साझेदारी की घोषणा करते हुये कहा कि सात दिवसीय यह महोत्सव कल से विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो में शुरू हो रहा है।

नई दिल्ली (वार्ता)। कंपनी के अध्यक्ष डॉ ललित खेतान ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कि उनकी कंपनी अपनी सीएसआर गतिविधियों का विस्तार करते हुये कला , संस्कृतिक एवं साहित्य से जुड़े क्षेत्रों को इसमें जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के मंच भारत की समृद्ध संस्कृति और विरासत की पहुंच को फैलाने के उनकी कंपनी के उद्देश्यों को पूरा करने में मदद करते हैं। ये व्यावसायिक परिदृश्य हजारों अनसुने नायक पैदा करते हैं जिनकी विरासत को आकांक्षाओं द्वारा आगे ले जाया जाना चाहिए। रैडिको ने घरेलू बाजारों के लिए सबसे उपयुक्त ब्रांडों का निर्माण किया है और विश्व स्तरीय स्वदेशी कलाकारों, शिल्पकारों, फिल्मों को सशक्त बनाने में भागीदारी की है। इस तरह के प्लेटफॉर्म का समर्थन करके उनकी कंपनी न केवल इन क्षेत्रों में सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देती है बल्कि भारतीय उप-महाद्वीप की भाषाओं, साहित्य और विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए खुद को समर्पित करती है। उन्होंने कहा कि खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का यह चौथा संस्करण एक सप्ताह तक चलेगा जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा का प्रदर्शन किया जायेगा।

बजट पर सरकार ने मांगी आम लोगों की राय

नई दिल्ली (वार्ता)। अगले वित्त वर्ष के लिए बजट बनाने की तैयारी कर रही सरकार ने आम लोगों से सुझाव आमंत्रित किये हैं जो 20 जनवरी 2020 तक दिये जा सकते हैं।

वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि आम बजट 2020-21 के लिए यदि किसी व्यक्ति के पास आइडिया या सुझाव है तो उसे 20 जनवरी 2020 तक माईजीओवीडॉटइन के माध्यम से मंत्रालय के साथ साझा किया जा सकता है। मंत्रालय आम लोगों के सुझावों को बजट में शामिल कर सकता है। मंत्रालय ने आयकर, वित्त, किसान, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, जल संरक्षण, जीएसटी, रोजगार, उद्यमशीलता, रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर और अन्य विषयों पर सुझाव माँगे हैं।

सोना 100 रुपये चमका, चांदी 310 रुपये उछली

नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में तेजी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 100 रुपये की बढ़त के साथ डेढ़ सप्ताह के उच्चतम स्तर 39,270 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गया। चाँदी भी 310 रुपये चमककर लगभग दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 45,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। सोने-चाँदी के दाम लगातार दूसरे दिन बढ़े हैं। विदेशों में सोने में रही तेजी से भी स्थानीय बाजार में इसे समर्थन मिला। लंदन तथा न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर 1.40 डॉलर चमककर 1,476.75 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। हालाँकि फरवरी का अमेरिकी सोना वायदा 1.90 डॉलर की गिरावट में 1,479.30 डॉलर प्रति औंस बोल गया। बाजाार विश्लेषकों ने बताया कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध समाप्त होने की उम्मीद में सोने में शुरुआती नरमी रही, हालाँकि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर पड़ने से बाद में इसमें थोड़ी बढ़त देखी गयी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चाँदी हाजिर भी 0.10 डॉलर की तेजी के साथ 17 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गयी। स्थानीय बाजार में सोना स्टैंडर्ड 100 रुपये की बढ़त के साथ 39,270 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गया।

न्यूज गैलरी

पाहुरनार में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

दंतेवाड़ा। जिले के गीदम ब्लॉक अंतर्गत इन्द्रावती नदी पार स्थित दूरस्थ ग्राम पाहुरनार में कल 17 दिसम्बर को मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें क्षेत्र के ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करायी जायेगी। उक्त स्वास्थ्य शिविर में मेडिसिन विशेषज्ञ, सर्जरी, शिशु रोग, स्त्री रोग, मनोरोग, चर्म रोग, अस्थि रोग, नेत्र रोग सहित नाक-कान एवं गला रोग विशेषज्ञ और दन्त रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवायें मुहैया करायी जायेगी।

अभ्यर्थियों का प्रथम निर्वाचन व्यय लेखा रिपोर्ट प्रस्तुत

कांकेर। नगर पालिका आम निर्वाचन 2019 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद कांकेर और नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजूर के अभ्यर्थियों का प्रथम निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया। नगर पालिका परिषद कांकेर के 21 वार्डों के 72 अभ्यर्थियों में से 70 अभ्यर्थियों ने प्रथम निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर जांच हेतु प्रस्तुत किये तथा दो अभ्यर्थियों ने प्रस्तुत नहीं किये।

शिकायत प्रकोष्ठ गठित

कांकेर। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरपालिका आम निर्वाचन को सुचारू, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न कराने तथा आदर्श आचार संहिता का पालन कराये जाने हेतु जिला स्तर पर शिकायत प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, जिसके प्रभारी अधिकारी संयुक्त कलेक्टर श्री सी.एल. मार्कण्डेय को बनाया गया है। निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु शिकायत प्रकोष्ठ नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 07868-241126 पर संपर्क किया जा सकता है।

व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने वाले 16 अभ्यर्थियों को नोटिस जारी

दंतेवाड़ा। नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत जिले के नगरीय निकायों के पार्षद पद के अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा पुस्तिका की प्रथम निरीक्षण के लिये 13 दिसम्बर को उपस्थित होने कहा गया था। उक्त प्रथम निरीक्षण में व्यय लेखा पुस्तिका प्रस्तुत नहीं करने वाले 16 अभ्यर्थियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिसमें नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा के 4,नगर पालिका परिषद बड़ेबचेली के 6,नगर पालिका परिषद किरन्दुल के 4 तथा नगर पंचायत बारसूर के 2 अभ्यर्थियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

धान खरीदी पर सतत निगरानी रखी जाये- वर्मा

दंतेवाड़ा। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की नियमित रूप से सतत निगरानी रखी जाये। नोडल अधिकारियों और उड़नदस्ता दलों के द्वारा इन धान खरीदी केन्द्रों का लगातार निरीक्षण किया जाये और पंजीकृत वास्तविक किसानों के धान खरीदी हेतु आवश्यक पहल किया जाये। धान खरीदी केन्द्रों पर किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराया जाये और धान खरीदी में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं हो, इसे सुनिश्चित किया जाये।

मतगणना के लिए शुष्क दिवस घोषित

कांकेर। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री के.एल. चैहान द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों एवं आयोग की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कांकेर जिले के विदेशी मदिरा दुकान बंद रखने के लिए शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

नपा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की साख दांव पर, वोटरों की चुप्पी ने बढ़ाई बैचेनी

- तरशेम सिंह ने जिस वार्ड से लड़ था राजनीति का पहला चुनाव उसी वार्ड में खेल रहे दुबारा दांव
- नही चलेगा पट्टे का जादू जनता मांग रही 5 साल का हिसाब

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागॉव। शहर के हृदय स्थल में बसा विकास नगर जिस की बसाहट शहर एवं टॉउन प्लानिंग के हिसाब से व्यवस्थित है, वार्ड में कुल 1077 वोटर है जिनमें महिला 535 व पुरुष 542 मतदाता वाले वार्ड की स्थिती आज नगरपालिका व पूर्व पार्षदों के अनदेखी के चलते बदतर होता जा रहा।

गौरव पथ की नालियां ही कचरे से जाम पड़ी है : शहर को गौरवान्वित करने के लिए करोडो रुपये खर्च कर गौरव पथ बनाया गया था,पर आज यह गौरवपथ वार्ड ही नही शहर की बदहाल व्यवस्था का गौरव बढ़ा रहा है,इस गौरव पथ से आम नागरिकों के अलावा वीआईपी,प्रशासनिक अधिकारी रोजाना गुजरते है पर इस बदहाल व्यवस्था को नजर अंदाज कर जाते है वहीं विकास नगर के रहवासी अपने वार्ड से होकर गुजरी इस गौरव पथ की दुर्दशा को देख कर शर्मिंदगी महसूस करते है।

नही चलेगा पट्टे का जादू जनता मांग रही 5 साल का हिसाब : नगरीय निकाय के चुनाव में कांग्रेस पट्टा वितरण का ट्रमकार्ड खेल रही है पर, नियमो के अनुरूप बसे विकास नगर में बिछे सियाशी बिसात में कांग्रेस का ट्रमकार्ड नही चल पाएगा

वार्ड में स्टेडियम होने के चलते होती है केवल15 अगस्त व 26 जनवरी को सफाई : वार्ड वासियों का आरोप है कि 15 अगस्त 26 जनवरी या किसी खास मौकों पर वीआईपी के आने पर ही वार्ड की सफाई होती है पर आयोजन के बाद गंदगी पसर जाती है, वार्ड की निशा पांडेय व निशा शर्मा ने कहा कि वार्ड में सुध लेने वाला कोई नही होता वार्ड वाशियों को अपने खर्च से सफाई करवानी पड़ती है।वहीं पूर्व पार्षद पर कहा कि वे अपने पार्षद को पहचानते तक नही है। वार्ड की गीता राय कहती है कि पार्षद ऐसा हो जो वार्ड का विकास करे व कम से कम महीने में 2 बार वार्ड में पहुंच अपने वार्ड वासियों की सुध ले।

विकास नगर के दंगल में भाजपा कांग्रेस व सीपीआई के प्रत्यासी ठोक रहे है ताल : पालिका के 22 वार्डो मे से वार्ड क्रमांक 08 विकास नहर पर पूरे सहर की नजर टिकी है, नगर पालिका अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनावी दंगल में उतरने से यह वार्ड हाई प्रोफाइल हो गया है और इसमें पहली बार पालिका चुनाव लड़ रही सीपीआई ने अपने उम्मीदवार को मैदान में उतारा है भाजपा से तरशेम सिंह तो कांग्रेस से मनीष श्रीवास्तव तो वहीं सीपीआई से सुरंजन आचार्य आपस मे जोर आजमाईश कर रहे हैं पर वार्ड की जनता ने विकास की बात कहते हुए चुप्पी साध ली है। बहरहाल वार्डवासी किस प्रत्यासी पर भरोसा करते है यह तो 24 दिसम्बर को ही पता चलेगा।

कलेक्टर-एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनक प्रसाद पाठक और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पारूल माथुर ने आज नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 के तहत चुनाव कार्य संपन्न कराने पेण्ड्री (जांजगीर) स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतपेटियों को सुरक्षित रखने बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

उन्होंने मतपेटियों की सुरक्षा के मद्दे नजर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पॉलिटेक्निक भवन में उन्होंने मतदान सामाग्री वितरण की व्यवस्था की भी जायजा लिया। कलेक्टर ने पॉलिटेक्निक भवन में बनाए गए दो मतगणना हाल का भी अवलोकन किया। मतगणना कक्ष क्रमांक एक में वार्ड क्रमांक एक से 13 तथा कक्ष क्रमांक दो मे वार्ड क्रमांक 14 से 25 की गणना की जाएगी।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। पखांजूर की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म कर 10 माह से फरार आरोपी युवक को पुलिस ने आंध्रप्रदेश के तेलांगना से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं। पखांजूर की नाबालिग युवती के परिजनों ने 19 जनवरी 2018 को थाना पखांजूर में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराया था । जानकारी के अनुसार पखांजूर का आरोपी युवक सुब्रत मंडल पिता सतीश मंडल उम्र 24 वर्ष निवासी पिव्ही 70 थाना पखांजूर पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया है। तथा आरोपी ने पीड़िता को इसके बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दिया है।पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना पखांजूर में अपराध क्रमांक 08/18 धारा 376,506 भादवि 04,06 पाक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी ।इसी बीच थाने में में रिपोर्ट दर्ज की बात पता चलते ही आरोपी युवक सुब्रत मंडल घटना के बाद से फरार हो गया था। जिसकी पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही थी।विवेचना के दौरान आरोपी युवक की जानकारी यह प्राप्त हुई कि आरोपी सुब्रत मंडल मुराहरिपल्ली हैदराबाद तेलंगाना में गिरफ्तारी से बचने के लिये छिप कर रह रहा है। आरोपी की स्पष्ट

मतगणना के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स को दिया प्रशिक्षण

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनक प्रसाद पाठक के मार्गनिर्देशन मे नगरीय निकायवार नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स को आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। प्रत्येक नगरीय निकाय के लिए तीन-तीन मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति की गयी है। नगरी निकाय के मास्टर ट्रेनर मतगणना के लिए नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण देंगे। आज मास्टर ट्रेनर श्री चन्द्रजीत सिंह राठौर, डॉ एम के मधुकर और श्री रमाकांत पाण्डेय ने प्रशिक्षण में मतदान केन्द्र पर डाले गए मतपत्र और निर्वाचन कर्त्तव्य मतपत्र की गणना की तैयारी के संबंध में विस्तार से बताया।

केन्द्र प्रभारी गुणवत्तायुक्त धान क्रय करें: कलेक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक ने आज जांजगीर जिला मुख्यालय के निकट स्थित धान खरीदी केन्द्र पेण्ड्री का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें धान साफसुथरा और गुणवत्तापूर्ण क्रय करने के निर्देश केन्द्र प्रभारी को दिए। कलेक्टर ने केन्द्र प्रभारी से कहा कि वे धान तौलने के पूर्व ढेरी लगवाएं और धान साफ करने के बाद ही धान का तौल करवाएं। कलेक्टर ने कहा कि खरीदी केन्द्र प्रभारी शासन के निर्देशों का कड़ाई पालन करें और साफसुथरा धान क्रय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नए व पुराने बारदानो के उपयोग स्टाक कर हिसाब पंजी में दर्ज करने के निर्देश खरीदी केन्द्र प्रभारी को दिए। कलेक्टर ने पेण्ड्री धान उपार्जन केन्द्र में क्रय किए गए धान की गुणवत्ता और नमी परखी, धान की नमी की मात्रा 13.6 प्रतिशत पायी गयी।

निरीक्षण के दौरान खरीदी केन्द्र प्रभारी ने बताया कि आज दो ट्रक धान 360 क्विंटल का उठाव इस केन्द्र से किया गया है। कलेक्टर ने पानी से धान की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में कैप कव्हर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बारदाने का स्टाक पंजी का निरीक्षण किया और खरीदी केन्द्र प्रभारी का आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर से मिलने पहुंचे स्कूली बच्चें

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। जिले के अंदरूनी क्षेत्रों के आश्रम-छात्रावासों के बच्चों को जिला मुख्यालय कांकेर का प्रत्येक सोमवार को भ्रमण कराये जाने के निर्देश कलेक्टर श्री के.एल. चैहान द्वारा आदिवासी विकास विभाग के उपायुक्त को दिए गए हैं, जिसके परिपालन में आज कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के कन्या आश्रम बड़गांव के कक्षा पहली से 5वीं तक के बच्चों जिला मुख्यालय के विभिन्न कार्यालयों का भ्रमण कराया गया, इस अवसर पर बच्चों ने कलेक्टर से मुलाकात भी की। कलेक्टर ने सभी बच्चों से उनका परिचय पूछा और बड़गांव से कांकेर तक मार्ग में स्थित प्रमुख गांवों के बारे में जानकारी लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से प्रार्थना और पहाड़ा सुनाने को कहा, बच्चों द्वारा 17 एवं 19 का पहाड़ा पढ़कर सुनाया गया, जिस पर कलेक्टर श्री चैहान ने प्रसन्नता व्यक्त की और मन लगाकर पढ़ाई करने प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़-लिखकर प्रशासनिक अधिकारी बनें। उन्होंने बच्चों से आश्रम में दी जाने वाली खाद्य सामग्री एवं सब्जियों की विस्तृत जानकारी भी ली। बच्चों ने पहली बार जिला मुख्यालय कांकेर एवं कलेक्टर कक्ष में लगा मछली घर (एक्वेरियम) को देखा।

डॉ संजीव शुक्ला ने संभाला कांकेर रेंज डीआईजी का पदभार

कांकेर। 2004 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने कांकेर रेंज उप पुलिस महानिरीक्षक का पदभार ग्रहण कर लिया। डॉ संजीव शुक्ला ने आज सुबह 11.15 बजे कांकेर में डीआईजी का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कांकेर के पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर कीर्तन राटौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर राजेश जायसवाल उपस्थित थे। डॉ संजीव शुक्ला पुलिस मुख्यालय नया रायपुर में डीआईजी सीआईडी के पद पर पदस्थ थे।

रासेयो का शिविर संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर के राष्ट्रीय सेवा योजना की पुरुष व महिला दोनों इकाइयों की संयुक्त सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस स्वयंसेवकों ने दैनिक गतिविधियों व प्रभात फेरी के पश्चात् परियोजना कार्य के अंतर्गत शिविर स्थल बागोड़ ग्राम के माध्यमिक व प्राथमिक शाला में किचन गार्डन का निर्माण किया ढ्ढ इसमें जैविक खाद का उपयोग करके विद्यालय के बच्चों के लिए बनने वाले मध्यान्ह भोजन हेतु विभिन्न प्रकार की जैविक सब्जियों का उत्पादन किया जायेगा ढ्ढ इसी के साथ दो समूहों द्वारा गाँव के जल स्रोतों की सफाई व एक समूह द्वारा चौक-चौराहों की साफ-सफाई की गईढ्ढ भोजन के पश्चात् बौद्धिक चर्चा के दौरान प्राकृतिक चिकित्सा व स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय के प्रो. बी. समुंद और योग प्रशिक्षक श्री उपेश्वर ठाकुर का विशेषज्ञ वक्तव्य हुआ ढ्ढ वक्ताओं ने निर्गुन्डी, गिलोय, भृंगराज, पारिजात, अमलतास आदि औषधीय पौधों के गुणों की चर्चा करते हुए बताया कि हमारे आस-पास इस प्रकार के अनेक औषधीय गुणों से युक्त पेड़- पौधे मौजूद हैं जिनका उपयोग करके शुगर, बी.पी., पाईल्स, अल्सर आदि कई गंभीर बीमारियों का इलाज आसानी से किया जा सकता है ढ्ढ साथ ही उन्होंने कहा कि उचित जीवन शैली व खान-पान से स्वस्थ रहा जा सकता है ।

गोठानों में किसान कर रहे स्वस्फुर्त पैरादान

नवप्रदेश संवाददाता

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरूवा और बाड़ी के तहत जिले के गोठानों में पशुओं के चारे की व्यवस्था के लिए किसान धान की मिंजाई के बाद खलिहान से सीधे गोठानों में ट्रैक्टर एवं पारम्परिक वाहनों से पैरा लाकर दान कर रहे हैं। पैरादान करने में किसानों में भारी उत्साह है और वे स्वस्फुर्त पैरादान कर रहे हैं। किसानों द्वारा किये जा रहे पैरादान से जिले के सभी गोठानों में पशुओं के लिए चारा की पर्याप्त व्यवस्था हो गई है। सरगुजा जिले में गोठान निर्माण का कार्य कलेक्टर डॉ0 सारांश मित्तर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में तेजी से किया जा रहा है। द्वितीय चरण में निर्धारित लक्ष्य 104 के विरूद्ध, 108 नवीन गोठान स्वीकृत किया गया है जिसमें से 90 कार्य प्रगतिरत् है। प्रथत चरण में स्वीकृत 60 गोठानों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस प्रकार सरगुजा जिले में 168 गोठान बनाये जा रहे हैं। जिला पंचायत कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्ण सभी 60 गोठानों में ग्राम गोठान समिति का गठन कर लिया गया है ।

जलसंवर्धन में पोड़ी को मिलेगा मनरेगा का राष्ट्रीय पुरूस्कार : तूलिका

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कोरिया जिले की पोड़ी ग्राम पंचायत को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत उत्कृष्ट जलसंवर्धन कार्य करने के लिए आगामी 19 दिसम्बर को राष्ट्रीय पुरुस्कार दिया जाएगा। जिले के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जब किसी ग्राम पंचायत के द्वारा जलसंरक्षण सह आजीविका के लिए कराए गए कार्य विशेष को राष्ट्रीय स्तर का पुरूस्कार प्राप्त होगा। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत की सीईओ तूलिका प्रजापति ने बताया कि कोरिया के लिए यह गौरव का विषय है कि पोंड़ी ग्राम पंचायत में महिलाओं के सशक्तीकरण के साथ आजीविका के लिए हुआ महात्मा गांधी नरेगा कार्य राष्ट्र स्तर पर अपनी उपयोगिता साबित कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक डोमन सिंह के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत कई उत्कृष्ट कार्य निरंतर किए जा रहे हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार सराहना मिल रही है।

पुरूस्कार के लिए चयनित ग्राम पंचायत व कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होने कहा कि जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत पोंड़ी ग्राम पंचायत में मत्स्य बीज सम्वर्धन पोखरों का निर्माण कार्य गत वर्ष स्वीकृत किया गया था ताकि सभी मत्स्य पालकों को आसानी से मत्स्य बीज की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। विदित हो कि सोनहत जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत पोड़ी के ग्राम अमहर में जलसंसाधन विभाग के एक बड़े तालाब पर स्थानीय मनरेगा श्रमिकों के द्वारा महिला स्व सहायता समूह की मदद से मत्स्य पालन कार्य किया जा रहा था।

प्रतियोगिता | **दस दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया**

नैमेड में 10 दिवसीय जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। दंतेश्वरी क्रिकेट कल्ब नैमेड के तत्वावधान में जिला स्तरीय शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को नैमेड के मैदान किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर एवं कांग्रेस के प्रदेश सचिव अजय सिंह ठाकुर ने मैदान में फीता काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार माननीय बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं विधायक विक्रम शाह मंडावी की ओर से 41001 रू एवं ट्राफी एवं द्वितीय पुरस्कार जिला सदस्य उपाध्यक्ष शंकर कुडियम की ओर से 21001 रू नगद एवं ट्राफी प्रदत्त। दस दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। जिसमें ए ,बी ,सी ,डी चार ग्रुप है। चारों ग्रुप में 8 -8 टीमें है। टीम तोयनार,गंगालूर ,दूधेडा एवरग्रीन,मद्देड, चेरपल्ली,माटवाडा, फरसेगढ, भोपालपटनम ,उसूर बोरजे ईलमिडी, आवापल्ली, समरवीरा, भट्टीगुडा, भैरमगढ ,पापनपाल, पामगल, गोटाईगुडा, कुटरू, नैमेड, सेन्ड्रापल्ली,चिकटराज बीजापुर जांगला, संकनपल्ली स्टार बायज, मददेड, स्टारबायज भोपालपटनम एवं गुदमा की टीम है। उदघाटन मैच तोयनार एवं गंगालूर टीम के बीच हुआ। तोयनार की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर मे 07 विकेट खोकर 104 रन बनाया। तोयनार की टीम की ओर से शैलू ने 11 रन, किशोर 07 रन एवं सोनू ने सर्वाधिक 50 रन का योगदान दिया। गंगालूर की ओर से सर्वाधिक 04 विकेट नेहाल ने लिया। तोयनार की टीम ने गंगालूर की टीम को 105 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए गंगालूर की टीम 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 97 रन ही बना सकी और तोयनार की टीम 8 रन से मैच जीत लिया। गंगालूर की ओर से अजय ने 27 रन , कमलेश ने 11 रन, राजा ने 13 रन, दंतू ने 11 रन का योगदान दिया। तोयनार की टीम की ओर से सर्वाधिक 02 विकेट सोनू ने लिया। सोनू को मैन आफ द मैच का पुरस्कार मुख्यातिथि के हाथों दिया गया। दूसरा मैच दुधेडा एवं एवरग्रीन बीजापुर के बीच हुआ जिसमें दुधेडा की टीम ने 10 ओवर में 67 रन बनाये और एवरग्रीन की टीम को 68 रनों का लक्ष्य दिया। एवरग्रीन ने 09 ओवर में 07 विकेट खोकर 68 रन बना लिए और एवरग्रीन ने 3 विकेट से मैच जीत लिया। वासू के बेहतरीन आलरांउडर प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच मुख्यातिथि के हाथों दिया गया। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव ने दोनों टीमों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दोनों टीम के खिलाड़ी अनुशासित बनाये रखे एवं खेल को खेल भावना से खेले। कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष लालू राठौर ने दोनो टीमो को बधाई देते कहा कि दोनों टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन जीत तो किसी एक टीम की होती है हारे हुए टीम को निराश नहीं होना चाहिए आगे अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करनी चाहिए। पढ़ाई के साथ साथ खेलों को भी महत्व देना चाहिए ताकि हमारे जिले से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकले और देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अच्छा प्रर्दशन कर जिले का नाम रोशन करे। इस अवसर पर जिला सदस्य उपाध्यक्ष शंकर कुडियम, लच्छू ओयाम जनपद सदस्य सुरटी गीता, सरपंच नीला ओयाम, ओमेश्वरी देवांगन, कमेटी के सदस्यगण उमाशंकर जुमडे, दयाशंकर पटेल,आनंद राव, दीपक कोरसा,पुरुषोत्तम झाडी, सोमेन्द्र सिंह भदौरिया, प्रफुल्ल सलाम, सखाराम मौर्य, संजय देवांगन, योगेन्द्र सिन्हा, तुलसी राव, शंकर लाल सेन्ड्रा, नागेश निषाद, शंकरिया राव, सुरेन्द्र कुडियम, फागु उरसा, राज सिन्हा, संदीप सकनी, अशोक अवलम, विजय जंगम, राजू राव, मिठ्ठू कश्यप, सूरज उप्पल, दिलीप कोरसा, अखिलेश उप्पल, धरणीन्द्र यादव, पुजारी, इन्द्रपाल, सुजीत सुनील कुडियम,भैरमदेव आटोपार्टस राज टेंट एवं नैमेड के समस्त ग्रामीणवासी मौजूद थे।

■ न्यूज गैलरी

ओलंपिक शूटिंग दल में जगह बनाना मुश्किल: मेहुली

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता निशानेबाज़ मेहुली घोष ने कहा है कि अगले वर्ष होने वाले टोक्यो ओलंपिक के लिये भारत के निशानेबाज़ी दल में जगह बनाना उनके लिये काफी चुनौतीपूर्ण है। 19 साल की मेहुली ने कहा,÷भारत का ओलंपिक के लिये निशानेबाजी दल मार्च में विश्वकप के बाद चुना जाएगा। ऐसे में टीम में जगह बनाना बहुत मुश्किल है। लेकिन मैं सभी टूर्नामेंटों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये प्रयास कर रही हूं। उसके बाद देखते हैं क्या होता है। हालांकि मैं अच्छे की उम्मीद कर रही हूं। मेहुली ने कहा,÷मुझे लगता है कि 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा काफी उच्च स्तर का वर्ग है। अंजुम मुद्गिल, अपूर्वी चंदीला दोनों हर टूर्नामेंट में लगभग एक ही तरह का स्कोर कर रही हैं। हमारे बीच स्पर्धा काफी मुश्किल है और यह हमें और बेहतर खेलने में मदद करता है।

द.अफ्रीका ने उतारे छह नये चेहरे

जोहानसबर्ग (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड के खिलाफ बाक्सिंग डे से शुरू हो रही सीरीज़ के पहले दो टेस्टों के लिये अपनी राष्ट्रीय टीम में छह गैर अनुभवी खिलाड़ियों को मौका दिया है। तेज़ गेंदबाज़ बियुरन हैंडरिक्स और डेन पैटरसन, ओपनिंग बल्लेबाज़ पीटर मलान, ऑलराउंडर ड्वेन प्रिटोरियस, विकेटकीपर बल्लेबाज़ रूडी सेकंड और मध्यक्रम के बल्लेबाज़ रॉसी वेन डेर डुसेन सभी को इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ पदार्पण करने का मौका दिया गया है। एडेन मारक्रम को भारत दौरे में कलाई की चोट के बाद वापसी का मौका दिया गया है जबकि हैमस्ट्रिंग चोट लगा बैठे लुंगी एनगिदी पहले टेस्ट से बाहर हैं और रिहैबिलिटेशन के बाद ही उपलब्ध रह सकते हैं। टीम में केवल एक ही विशेषज्ञ स्पिनर केशव महाराज को मौका दिया गया है जबकि डेन पिएड और सेनुराम मुत्थुसामी दोनों को बाहर रखा गया है जो भारत दौरे पर टीम के साथ थे।

स्वीडन से 0-3 से हारी भारतीय टीम

मुंबई । भारत की अंडर-17 महिला टीम ने तीन देशों के फुटबाल टूर्नामेंट में अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की और उसे शुक्रवार को यहां अपने पहले मैच में ही स्वीडन से 0-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। स्वीडन की टीम ने भारतीयों की कमजोरी का पूरा फायदा उठाया। उसकी तरफसे मालटिडा विनबर्ग (चौथे मिनट), इडा वीनडेनबर्ग (25वें मिनट) और मोनिका जुसु बाह (90+1 मिनट) ने गोल किये। स्वीडन को चौथे मिनट में ही पेनल्टी किक मिली जिसे विनबर्ग ने गोल में बदला।

नंबर-1 विराट और स्मिथ में फासला बढ़ा, लाबुशेन टॉप-5 में

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग: विराट के बाद भारतीय बल्लेबाजों में पुजारा और रहाणे टॉप 10 बल्लेबाजों में

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली सोमवार को आईसीसी की जारी ताज़ा टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं और उनके तथा आस्ट्रेलिया के स्टीवन स्मिथ के बीच रेटिंग अंकों का फासला बढ़ गया है।

नई दिल्ली (वार्ता)। विराट 928 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुये हैं जबकि पर्थ टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफनिराशाजनक प्रदर्शन करने वाले स्टीवन स्मिथ को 12 अंकों का नुकसान उठाना पड़ा। विराट और स्मिथ के बीच अब 17 अंकों का फासला हो गया है। स्मिथ ने पर्थ में 43 और 16 रन बनाये थे।

आस्ट्रेलिया के लिये न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाने वाले मार्नस लाबुशेन को उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का फायदा पहुंचा है और वह बल्लेबाज़ों में शीर्ष पांच में शामिल हो गये हैं। लाबुशेन ने अपना लगातार तीसरा टेस्ट शतक बनाया। वह इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ दो टेस्टों की सीरीज़ में भी दो शतक जमा चुके थे। वाका स्टेडियम में प्रभावित नहीं कर सके केन विलियम्सन रैंकिंग में तीसरे और भारत के चेतेश्वर पुजारा चौथे नंबर पर हैं। लाबुशेन को न्यूजीलैंड के खिलाफमैच में अपनी 143 और 50 रन की पारियों की बदौलत रैंकिंग में फायदा पहुंचा है और उन्होंने हमवतन डेविड वार्नर को पीछे छोड़ शीर्ष पांच में जगह बना ली है, वार्नर दो स्थान गिर गये हैं। अन्य बल्लेबाज़ों में पाकिस्तान के बाबर आज़म को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। पाकिस्तान के बल्लेबाज़ ने आस्ट्रेलिया में अच्छे प्रदर्शन के बाद अपनी जमीन पर एक दशक बाद हो रहे टेस्ट मैच में श्रीलंका के खिलाफ शतक लगाया। उन्हें नाबाद 102 रन की पारी की बदौलत चार स्थान का फायदा हुआ है और वह नौवें नंबर पर पहुंच गये हैं। ट्वंटी 20 की बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक

खिलाड़ी आज़म ने करियर में पहली बार टेस्ट रैंकिंग में भी शीर्ष 10 में जगह बनाई है। पैट कमिंस और कैगिसो रबादा ने टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। न्यूज़ीलैंड के नील वेगनर पर्थ में अपने प्रदर्शन की बदौलत तीसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। पर्थ में प्लेयर ऑफद मैच बने मिशेल स्टार्क नौ विकेट की बदौलत करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग पर पहुंच गये हैं। उनके साथ ही करियर के सर्वश्रेष्ठ 809 रेटिंग अंक हो गये हैं। ऑलराउंडर रैंकिंग में जेसन होल्डर 473 अंकों के साथ नंबर एक स्थान पर बने हुये हैं।

- ■ ताजा जारी रैंकिंग में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी स्टीव स्मिथ से 17 अंक आगे हैं विराट
- ■ टेस्ट रैंकिंग के दुनिया के टॉप 10 बल्लेबाजों में पुजारा और अजिंक्य रहाणे भी शामिल
- ■ चोट के कारण इन दिनों क्रिकेट से बाहर जसप्रीत बुमराह बोलर्स की रैंकिंग में खिसके
- ■ बोलर्स की रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस पहले स्थान पर मौजूद

डीआरएस रेफरल में देरी पर विराट की नाराज़गी

चेन्नई (वार्ता)। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ पहले वनडे में रवींद्र जडेजा के रनआउट पर मैदानी अंपायर के डीआरएस रेफरल में देरी करने और अपने ही फैसले को पलटने पर नाराज़गी जताई है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रविवार को भारत और विंडीज़ के बीच वनडे में पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेज़बान टीम की पारी में जडेजा रनआउट हो गये थे, लेकिन मैदानी अंपायर ने इस दौरान अंपायर समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) लेने में देरी की जिससे भारतीय कप्तान काफी नाराज़ दिखे। विराट ने मैच के बाद कहा, हम 15-20 रन और बना सकते थे यदि आखिर में ऐसा न हुआ होता। मैच के 48वें ओवर में जडेजा एक रन के लिये भागे तभी नॉन स्ट्राइक छोर से रोस्टन चेज़ ने सीधे गेंद को स्टम्प्स पर मारा, लेकिन ऐसा लगा कि जडेजा तब तक लाइन पार कर चुके थे और अंपायर शॉन जार्ज ने उन्हें नॉट आउट घोषित कर दिया। हालांकि रिप्ले में दिखा कि जडेजा समय पर लाइन तक नहीं पहुंचे थे। इसके बाद वेस्टइंडीज़ ने दूसरी बार अपील कर दी जिससे अंपायर जार्ज को थर्ड अंपायर की मदद लेनी पड़ी। विराट इस घटनाक्रम के दौरान काफी नाराज़ दिखाई दे रहे थे और मैच के बाद उन्होंने यह साफ भी कर दिया। उन्होंने कहा,÷ यह काफी सरल था कि फील्डर ने पूछा और अंपायर ने कहा कि नॉटआउट। यह बात यहीं खत्म हो जाती है।

रन टू ब्रीथ गाज़ियाबाद मैराथन में अभिषेक ने जीता खिताब

उत्तर प्रदेश के गाज़ियाबाद में रविवार को रन टू ब्रीथ का पांचवां सफल आयोजन हुआ जिसमें 1800 धावक पर्यावरण की रक्षा को दौड़े और अभिषेक सोनी ने फुल मैराथन का खिताब जीता।

नई दिल्ली (वार्ता)। रोयन सामाजिक संस्थान द्वारा रन टू ब्रीथ गाज़ियाबाद मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन सुबह 4:30 बजे से शुरू हुयी जिसमें 42.2 किलोमीटर की फुल मैराथन के अलावा 21 किलोमीटर हाफ मैराथन, 10.5 किलोमीटर, पांच किलोमीटर और 2.5 किलोमीटर की दौड़ भी हुयी। फुल मैराथन का उद्घाटन डोली शर्मा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ने झंडी दिखा कर किया। उनके अलावा सुरेंद्र भारद्वाज समाज सेवी और दीपक शर्मा, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, रोटरी क्लब गाज़ियाबाद ने अलग अलग श्रेणी के धावकों को झंडी दिखाई। आलोक कुमार प्रेजिडेंट एओए भी कार्यक्रम में मौजूद थे। मैराथन में लगभग 1800 लोगों ने भाग लिया। मैराथन वसुंधरा से शुरू होकर इंदिरापुरम, वैशाली से होते हुए वापस वसुंधरा में ही समाप्त हुयी। मैराथन में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक पौधा दिया गया। सफाई एक्सप्रेस और सफाई मुहीम को और फैलाने के उद्देश्य से हुयी इस दौड़ का मुख्य मकसद लोगो में पर्यावरण के प्रति चेतना जाग्रत करना एवं हज़ारों की तादाद में पेड़ लगाना है। 42 किलोमीटर मैराथन पुरुष वर्ग में अभिषेक सोनी ने प्रथम, जीतेन्द्र यादव ने द्वितीय और राहुल यादव ने तृतीय प्राप्त किया।

यूपी के खिलाफ हरियाणा मजबूत

सहारनपुर (वार्ता)। पहली पारी में 82 रनों की महत्वपूर्ण लीड हासिल करने के बाद हरियाणा ने चार दिवसीय कूच बिहार ट्राफी क्रिकेट मुकाबले के तीसरे दिन रविवार को मेजबान उत्तर प्रदेश के खिलाफ दूसरी पारी में छह विकेट खोकर 123 रन बनाकर 215 रनों की बढत बना ली। ज्ञानकलश क्रिकेट ग्राउंड पर खेल खत्म होने के समय सर्वेश रोहिल्ला (27) और ए एस संधू बगैर खाता खोले क्रीज पर मौजूद थे। पहली पारी में जयंत लखन के बेजोड़ 72 रनों की बदौलत 240 रन बनाने में सफल हरियाणा के बल्लेबाज दूसरी पारी में खास कमाल नहीं दिखा सके। सागर दाहिया (30) के अलावा अन्य बल्लेबाज फ्लाप साबित हुये। मेहमान टीम की पहली पारी में मात्र सात रन देकर तीन विकेट चटकाने वाले यूपी के कृतज्ञ सिंह का खौफआज भी साफ दिखायी पड़ा।

मैं चाहूंगा कि फैन्स व्यक्तिगत रूप से मेरा समर्थन करें: पंत

युवा विकेटकीपर बल्लेबाज़ रिषभ पंत ने स्टेडियम में धोनी-धोनी के नारे पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा है कि वह चाहेंगे कि प्रशंसक उनका व्यक्तिगत रूप से समर्थन करें।

चेन्नई (वार्ता)। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारत और वेस्टइंडीज़ के बीच पहले वनडे के दौरान पंत के बल्लेबाज़ी के दौरान कुछ प्रशंसकों ने धोनी-धोनी के नारे लगाये। दरअसल अनुभवी भारतीय विकेटकीपर धोनी आईपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान हैं और यह उनका घरेलू मैदान भी है। वहीं काफी समय से पंत को धोनी का उत्तराधिकारी होने की चर्चा चल रही है, लेकिन खराब फार्म के कारण युवा बल्लेबाज़ इन दिनों प्रशंसकों के निशाने पर हैं।

पंत ने इस मैच में 71 रन की पारी खेली और टीम के सर्वोच्च स्कोरर भी रहे। हालांकि भारत इस मैच को आठ विकेट से गंवा बैठा। लेकिन पंत ने फार्म में वापसी के संकेत दे दिये। इससे पहले भी कई मौकों पर पंत को स्टेडियम में इसी तरह धोनी-धोनी के नारे सुनने पड़े हैं। मैच के बाद उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में इस बारे में कहा,÷ मैं चेन्नई के दर्शकों का मेरा समर्थन करने के लिये धन्यवाद करता हूं। लेकिन कई बार यह अहम होता है कि दर्शक आपका समर्थन करें। 22 वर्षीय बल्लेबाज़ ने कहा, कई बार यह अहम होता है कि लोग आपका समर्थन करें। व्यक्तिगत रूप से मैं निजीतौर पर अपने प्रदर्शन में सुधार करने का प्रयास कर रहा हूं, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर पा रहा। मैं नहीं कह रहा कि मेरा प्रदर्शन बहुत अच्छा हो गया है, लेकिन मैं लगातार प्रयास कर रहा हूं। पंत ने अपने खेल को लेकर कहा,÷मैंने कई अंतरराष्ट्रीय मैचों को खेलने के बाद समझा है कि आपका स्वाभाविक खेल जैसा कुछ नहीं होता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आपको स्थिति और टीम की मांग के अनुसार खेलना होता है और यही जरूरी है।

एनगिदी इंग्लैंड के खिलाफ बाक्सिंग डे टेस्ट से बाहर

दक्षिण अफ्रीका के तेज़ गेंदबाज़ लुंगी एनगिदी चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ आगामी सीरीज़ में बाक्सिंग डे टेस्ट से बाहर हो गये हैं।

जोहानसबर्ग (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीकी टीम जहां इंग्लैंड के खिलाफ अपने पिछले खराब प्रदर्शन को सुधारना चाहती है वहीं उसे आगामी सीरीज़ से पहले एनगिदी के बाहर हो जाने से बड़ा झटका लगा है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने पुष्टि करते हुये बताया कि एनगिदी की मांसपेशियों में खिंचाव है और उनकी चोट ग्रेड-1 की है। उन्हें यह चोट एमजांसी सुपर लीग प्लेऑफ से पूर्व अभ्यास के दौरान लगी थी। सीएसए के मुख्य मेडिकल अधिकारी शोएब मांजरा ने कहा,÷ एनगिदी को एमएसएल टी-20 लीग के प्लेऑफसे पहले अभ्यास के दौरान हैमस्ट्रिंग मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। उनके शनिवार को स्कैन किये गये थे जिसमें ग्रेड-वन चोट की पुष्टि हुई है और इस कारण से वह एमएसएल टी-20 फाइनल से भी बाहर हो गये हैं। मांजरा ने कहा,÷ उन्हें अपना रिहैब शुरू करना होगा और जनवरी 2020 से ही उनकी वापसी संभव है। उनकी रिकवरी से ही टीम में चयन के लिये उनकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी और तभी वह वापसी कर सकेंगे। दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच चार टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी-20 मैचों की सीरीज़ खेली जानी है।

मुंबई ने रोका बेंगलुरू का अजेयक्रम

रॉवलिन बोर्जेज के इंजुरी टाइम में किए गए निर्णायक गोल की मदद से मुंबई सिटी एफसी ने हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सत्र में अब तक अजेय चल रही मौजूदा चैंपियन बेंगलुरू एफसी को 3-2 से हरा उसका अजेयक्रम रोक दिया।

बेंगलुरू (वार्ता)। इस सीजन में अब तक अजेय चल रही बेंगलुरू की आठ मैचों में यह पहली हार है। टीम 13 अंकों के साथ अंकतालिका में तीसरे नंबर पर हैं। वहीं, मुम्बई सिटी एफसी की आठ मैचों में यह दूसरी जीत है। टीम के अब 10 अंक हो गए हैं और वह छठे नंबर पर पहुंच गई है। मुंबई सिटी ने शुरु से ही अपनी लय पकड़ ली और कुछ शुरुआती मौके बनाए। इन मौकों से उत्साहित मेहमान टीम ने 12वें मिनट में ही सुभाशीष बोस के गोल की मदद से 1-0 की बढ़त बना ली। मोहम्मद लार्बी ने कॉर्नर लिया ,जिस पर कि सुभाशीष ने शानदार हेडर लगाते हुए बॉल को अपने पूर्व क्लब बेंगलुरू एफसी के गोल पोस्ट में डाल दिया। मुंबई के पास 27वें मिनट और 43वें मिनट में भी अपनी 2-0 की बढ़त लेने का मौका था, लेकिन माउदो साउगो दोनों बार गोल दागने में विफल रहे। मैच में 45 मिनट पूरे होने के बाद तीन मिनट का इंजुरी टाइम जोड़ा गया, जहां मुम्बई को एक पेनल्टी मिली। मेहमान टीम को यह पेनल्टी जुआनन द्वारा शेरमीति को गिराने के कारण दी गई। इस पेनल्टी पर शॉट लेने आए लार्बी गोल करने से चूक गए और संधु ने इस पेनल्टी को बचाते हुये मुंबई की बढ़त को दोगुना

एफआईएच अवार्ड की होड़ में मनप्रीत, विवेक, लालरेमसियामी

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ(एफआईएच) ने वर्ष के अपने प्रतिष्ठित हॉकी स्टार पुरस्कारों के लिये उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है जिसमें भारतीय सीनियर पुरूष टीम से भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह और मिडफील्डर विवेक सागर तथा महिला टीम से स्ट्राइकर लालरेमसियामी शामिल हैं।

एफआईएच पुरस्कारों में कप्तान मनप्रीत को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की सूची में जगह मिली है जहां उनके साथ आस्ट्रेलिया के एडी ओकेनडेन और अरान जेलवेस्की, अर्जेंटीना के लुकास विला और बेल्जियम के विक्टर वेगनेज़ तथा आर्थर वान डोरेन शामिल हैं। राइजिंग स्टार ऑफद ईयर के पुरूष वर्ग में भारतीय टीम के मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद भी होड़ में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। उनके साथ अर्जेंटीना के माइको कैसेला, आस्ट्रेलिया के ब्लेक गोवर्स, ब्रिटेन के जैकरी वॉलेस तथा हॉलैंड के जोनस डी गियूस शामिल हैं। राइजिंग स्टार ऑफद ईयर के महिला वर्ग में भारतीय महिला टीम की स्टार स्ट्राइकर लालरेमसियामी ने दुनियाभर की कई बड़ी खिलाड़ियों के बीच जगह बनाई है। इस होड़ में अर्जेंटीना की जुलिएटा जानकुनास, चीन की झोंग जियाकी, जर्मनी की नाइक लोरेंज़ और हॉलैंड की फ्रेडरिक माटला शामिल हैं।

फिटनेस स्तर

‘विराट की फिटनेस का स्तर और मानसिक दृढता अविश्वसनीय है।’

क्रिकेट के रोनाल्डो हैं विराट कोहली-लारा

वेस्ट इंडीज के महानतम बल्लेबाजों में शुमार ब्रायन लारा ने कहा कि बल्लेबाजी को ‘अविश्वसनीय स्तर’ तक ले जाने के लिए अपनी प्रतिभा को निखारने के कोहली के फन के वह मुरीद हैं।

विशाखापत्तनम (ए.)। दुनिया के महान बल्लेबाजों में शुमार ब्रायन लारा का मानना है कि टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली खेल के प्रति अपने समर्पण के मामले में सुपरस्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह हैं। लारा ने साथ ही कहा कि भारतीय ओपनर लोकेश राहुल भी प्रतिभा के मामले में भारतीय कप्तान के समकक्ष ही हैं। लारा ने कहा कि बल्लेबाजी को ‘अविश्वसनीय स्तर’ तक ले जाने के लिए अपनी प्रतिभा को निखारने के कोहली के फन के वह मुरीद हैं। लारा ने कहा, ‘यह विराट की तैयारी के अलावा क्रिकेट के प्रति उनके असाधारण समर्पण की भी बात है। मुझे नहीं लगता कि वह केएल राहुल या रोहित शर्मा से ज्यादा प्रतिभाशाली हैं लेकिन खुद को तैयार करने के लिए उनका समर्पण ही उन्हें अलग बनाता है। वह क्रिकेट के क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं।’

उन्होंने कहा, ‘विराट की फिटनेस का स्तर और मानसिक दृढता अविश्वसनीय है।’ टेस्ट क्रिकेट में 11953 रन बनाने वाले लारा ने कहा कि कोहली किसी भी युग की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह बनाएंगे, चाहे वह क्लाइव लॉयड की 70 के दशक की अपराजेय टीम हो या सर डॉन ब्रैडमैन की 1948 की विश्व विजेता टीम। 50 वर्षीय लारा ने कहा, ‘विराट का बल्लेबाजी कौशल अविश्वसनीय है। उन्हें किसी भी दौर की टीम से बाहर नहीं रखा जा सकता। खेल के हर फॉर्मेट में जिनका औसत 50 हो, वह तो अविश्वसनीय ही होगा।’ लारा ने इंग्लैंड के हरफनमौला बेन स्टोक्स की भी तारीफ की जिन्होंने विश्व कप और एशेज में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने हेडिंग्ले में एशेज टेस्ट में स्टोक्स की 135 रन की नाबाद पारी के बारे में कहा, ‘वह असाधारण पारी थी। स्टोक्स को ना सिर्फ उस पारी का बल्कि विश्व कप फाइनल में 84 रन की नाबाद पारी का श्रेय भी दिया जाना चाहिए। इससे कुछ समय पहले ही उन्होंने काफी खराब दौर देखा था और उससे उबरकर एक मजबूत क्रिकेटर के तौर पर वापसी की।’

पंजाब एफसी ने इंडियन एरोज को 1-0 से हराया

पंजाब एफसी ने सोमवार को गुरु नानक स्टेडियम में खेले गए आई-लीग के 13वें सीजन के मुकाबले में इंडियन एरोज को 1-0 से हरा दिया।

लुधियाना (वार्ता)। विजेता टीम के लिए अतिरिक्त खिलाड़ी दीपांडा डिक्का ने 80वें मिनट में गोल किया। अपने पिछले मैच में मौजूदा विजेता चेन्नई एफसी को मात देने वाली पंजाब एफसी टीम ने अच्छी शुरुआत की और घरेलू मैदान का फायदा उठाना चाहा। टीम मिलकर काफी प्रयास भी कर रही थी जिन्हें एरोज का डिफेंस साफ तौर पर नकारे जा रहा था। एरोज के डिफेंस से जेसन हार्ट और सर्जियो बारबोजा जूनियर काफी परेशान हो गए थे क्योंकि काफी प्रयासों के बाद भी वह गोल नहीं कर पाए थे।

पहले हाफके अंतिम मिनट में अचानक से रोमांच आया। 45वें मिनट में पंजाब को फ्री किक मिली जिस पर गोल होने की उम्मीद जगी। संजू प्रधान ने यह फ्री किक ली लेकिन सीधे एरोज के गोलकीपर सामिक मित्रा के हाथों में गेंद के भेज दिया। वहीं, दूसरा हाफ कुछ अलग तरीके से शुरू हुआ। 56वें मिनट में काल्विन लोबो बारबोजा के शॉट पर हेडर लेने गए। उन्होंने हेडर लिया जिसमे इतना दम नहीं था कि वह गोल में जा सके। एक घंटे की समाप्ति के करीब पंजाब ने डिक्का को मैदान पर उतारा। डिक्का के लिए हार्ट ने मैदान छोड़ा। कैमरून के इस खिलाड़ी के आने के बाद ही मैदान पर जोश देखा जा सकता था।

77वें मिनट में संजू प्रधान ने डिक्का के पास पर बेहतरीन क्रॉस लिया लेकिन मित्रा ने बेहतरीन बचाव करते हुए पंजाब को गोल नहीं करने दिया। मित्रा हालांकि 80वें मिनट में डिक्का को गोल करने से रोक नहीं सके।

न्यूज गैलरी

रेल रोको आंदोलन से आज भी कुछ ट्रेनें रही रद्द

रायपुर। दक्षिण पूर्व रेलवे खड़गपुर रेल मंडल में रेल रोको आंदोलन का असर आज भी कई ट्रेनों पर पड़ा। कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द रहा, वहीं कुछ ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया जा रहा है। रेल मंडल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेल रोको आंदोलन के चलते आज कुर्ला से चलने वाली 18029 कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस, पुणे चलने वाली 12221 पुणे-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस, पुणे चलने वाली 12859 मुंबई-हावड़ा गीतांजलि एक्सप्रेस और पुणे से चलने वाली 20821 पुणे-सांतरागाछी हमसफर रद्द रही। इसके अलावा 12810 हावड़ा- मुंबई मेल, हावड़ा से चलने वाली 12906 हावड़ा - पोरबन्दर एक्सप्रेस, शालीमार से चलने वाली 22830 हावड़ा-शालीमार एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग हावड़ा-आसनसोल-चांडिल-चक्रधरपुर-राउरकेला-झारसुगुड़ा होकर परिचालन किया जा रहा है।

गुरू घासीदास जयंती पर भव्य शोभायात्रा आज

रायपुर। गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर आज अपरान्ह करीब 3 बजे राजधानी रायपुर में सात श्वेत वाहक संतों की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा आमापारा से प्रारंभ होकर आजाद चौक, कंकालीपारा, पुरानी बस्ती, बूढ़ापारा, इंडोर स्टेडियम होते हुए महिला थाना चौक, ओसीएम चौक होते हुए सुभाष स्टेडियम पहुंचकर समाप्त होगी। इस शोभायात्रा में समाज के सैकड़ों लोग शामिल होंगे।

19 से 21 तथा 24 दिसंबर को शराब दुकानें बंद रहेंगे

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए , जिला कलेक्टर, रायपुर ने 19 दिसंबर से 21 दिसंबर तथा 24 दिसंबर को जिले के समस्त देसी, विदेशी मंदिर की फुटकर दुकानें, बार, होटल, क्लब आदि बंद रहेंगी ।

बिना अनुमति बाइक स्टंट कराने मामले में एनआईटी प्रबंधन को नोटिस

रायपुर। राजधानी रायपुर में संचालित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी संस्थान (एनआईटी) को पुलिस विभाग द्वारा बिना अनुमति के छात्रों का बाइक स्टंट का प्रदर्शन कराये जाने के मामले में नोटिस जारी किया है। ज्ञात हो कि एनआईटी में समर एथलेटिक 2019 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के लिए 12 दिसंबर तक की अनुमति पुलिस विभाग द्वारा दी गई थी, लेकिन इसके वाबजूद नियमों को दरकिनार कर 13 दिसंबर को एनआईटी द्वारा छात्रों के जान को जोखिम में डालकर खतरनाक ढंग से बाइक स्टंट का प्रदर्शन कराया गया। पुलिस विभाग ने इस मामले में एनआईटी प्रबंधन को नोटिस जारी किया है जिसमें बिना अनुमति के छात्रों द्वारा खतरनाक बाइक स्टंट के प्रदर्शन के लिए अनुमति देने वाले एनआईटी के लोगों तथा स्टंट करने वाले छात्रों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर इसका जवाब मांगा है। एनआईटी प्रबंधन का जवाब आने के आधार पर जिम्मेदारों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

उपार्जन केंद्रों में हजारों बोरी धान उठाव का इंतजार, खुले आसमान में, 'चिंता'

- सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर केवल कुछ फटे केप कव्हर ही हैं
- खरीदी केंद्र में धान के बोरो का अंबार

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। इन दिनों मौसम में बदलाव के चलते पिछले दो दिनों से आ रही बदली एवं आज सुबह हुई बुंदाबांदी से सोसायटी प्रबंधकों की नींद उड़ गई हैं। धान का उठाव धीमी गति से होने के कारण जिले के सोसायटियों में लगभग 4 लाख 74 हजार क्विंटल धान खुले में पड़े हुए हैं। वहीं 30 हजार 860 क्विंटल धान का उठाव किया गया हैं। उठाव की गति काफी धीमी होने की वजह से खुले में पड़े हजारों क्विंटल धान पर पिछले साल की तरह मौसम का मिजाज बिगड़ने से खतरा बना हुआ हैं। वहीं खेतों एवं कोठार में पड़े धान को कृषक सहेजने में जुट गये है।

खरीदी के लिए 89 खरीदी केंद्र बनाए

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 1 दिसम्बर से की जा रही है। इस सीजन में अब तक 5 लाख 5 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई। खरीदी के लिए 89 खरीदी केंद्र बनाए गए है। इसमें लगभग 30 हजार 860 क्विंटल धान का उठाव किया गया हैं। लगभग 4 लाख 76 हजार क्विंटल धान अभी भी समितियों में खुले में पड़ा हैं। उपार्जन केंद्रों में अधिकतम बम्फर स्टाक 2 हजार से 4 हजार क्विंटल धान रखने का हैं। किंतु जिले के अनेक उपार्जन केंद्रों में 10 हजार क्विंटल से अधिक धान खुले में पड़ा हुआ है। जिले के पथरिया खरीदी केंद्र में सबसे ज्यादा 13 हजार 143 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। डोंगरिया में 11 हजार 14 क्विंटल धान खुले में पड़ा है। इसी प्रकार फुलझर में 9 हजार 563 क्विंटल, बोड़तरा में 8 हजार 927 क्विंटल, लोरमी में 10 हजार 305 क्विंटल, सरगांव में 7 हजार 128 क्विंटल, सुरेठा में 11 हजार 4 क्विंटल, खाम्ही में 9 हजार 205 क्विंटल, अखरार में 6 हजार 736 क्विंटल, गुरूवाईनडबरी में 7 हजार 58 क्विंटल धान खुले में पड़े है। खरीदी केंद्र में जिसका उठाव नहीं हो पा रहा हैं।

शासन की उदासीनता से किसान परेशान

बताया जाता है कि जिला विपणन कार्यालय से इस बार परिवहन के ठेके में लेट लतीफी ए वं अधिकारियों के ध्यान नहीं देने से परिवहन का काम शुरू नहीं हो पाया है। शुरू से ही परिवहन की लचर व्यवस्था हैं। जो आज तक दुरुस्त नहीं हो पायी हैं। इस वजह से कई केंद्रों में जाम के हालात बने हैं। उठाव की गति काफी धीमी होने की वजह से खुले में पड़े हजारों क्विंटल धान पर पिछले साल की तरह मौसम का मिजाज बिगड़ने का खतरा बना हुआ हैं। जिले के अधिकांश खरीदी केंद्रों में आज भी परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं रहने की वजह से अनेक उपार्जन केंद्रों में अभी भी हजारों बोरी धान उठाव के इंतजार में खुले आसमान में पड़ा हैं। सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर केवल कुछ फटे केप कव्हर ही हैं। पिछले दो दिनों से मौसम में परिवर्तन आने से धान की सुरक्षा को लेकर समिति प्रबंधक चिंतित हैं। आज सुबह से ही मौसम में बदली के साथ हल्की बूंदाबांदी होते रही। यदि मौसम खराब होता हैं तो काफी नुकसान शासन को हो सकता हैं। मौसम को देखते हुए किसान खेतों में कोठार में रखे धान को सहेजने में जुटे हुए है।

> **सभी खरीदी केंद्र प्रभारियों को कैप कवर की व्यवस्था के दिए निर्देश**
>
> बदली एवं बूंदाबांदी के मौसम को देखते हुए सभी खरीदी केंद्र प्रभारियों को कैप कवर की व्यवस्था रखने के लिए निर्देशित किया गया है।
>
> **रश्मि गुप्ता,** नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक मुंगेली

बीएसएफ के जवानों ने नाकाम किया नक्सलियों का मंसूबा

नवप्रदेश संवाददाता

पखांजूर। कोयलीबेड़ा क्षेत्र में नक्सलियों के 19 वां पीएलजीए सप्ताह के दूसरे दिन ही अत्याधुनिक रिमोट संचालित आईईडी बरामद हुई थी ,जिसे सर्चिंग पर निकले बीएसएफ4 थी वाहिनी व स्थानीय पुलिस के जवांनो ने खोज निकाला था व बीडीएस की टीम द्वारा नष्ट करवाया गया था।

तीन दिनों बाद पुनः उसी मार्ग कोयलीबेड़ा से पानीडोबीर पर धुट्टा के नजदीक 2 ऐसे ही कुकर आईईडी बीएसएफ व पुलिस की टीम द्वारा बरामद किया गया। जिसे मौके पर बीडीएस टीम द्वारा डिफ्यूज किया गया। नक्सली सप्ताह के दौरान इस मार्ग पर लगातार बेनर पोस्टर देखे जा रहे थे और आईईडी मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल साफदेखा जा सकता है। कोयलीबेड़ा स्थित बीएसएफ4 थी वाहिनी के समादेष्टा योगेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं सड़कें बन रही हैं जिन सड़कों को बनने नहि देने का फरमान नक्सलियों ने जारी किया था वो भी बीएसएफ की सुरक्षा में बन रही है इसका मुख्य उदाहरण कोयलीबेड़ा से धुट्टा तक सीसी रोड का निर्माण है इसमें नक्सलियों ने कई बार बाधा पहुंचाने का प्रयास किया पर सड़क आखिर बन ही गयी। बीएसएफ की टीम सदैव जनसरोकार को ध्यान में रखते हुए अपना कर्तव्य निभा रही है जहां कोयलीबेड़ा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को भी लगातार जिला स्तर पर पहुचाने का कार्य कर रही है।

समादेष्टा योगेश कुमार ने आगे बताया कि हमारा प्रयास होता है की स्कूली बच्चों से लेकर ग्रामीण किसान वर्ग को भी जागरूकता से जोड़कर विभिन्न प्रकार से लाभ दिया जा सके इसके तहत स्कूलों में खेल सामग्री व किसानों को बीज किट और कृषि उपकरण भी शिविर के माध्यम से हमने उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। इस प्रकार सुरक्षा बलों के साथ ग्रामीण भी आपसी तालमेल के साथ क्षेत्र के विकास में बराबर के सहभागी बन रहे हैं जो कुछ लोगों (नक्सलियों) को रास नही आ रहा और बौखलाहट में इस प्रकार दहशत फैलाने की साजिश के तहत कभी बेनर पोस्टर तो कभी आईईडी लगाने का प्रयास कर रहे हैं। पर हमारे बीएसएफ4थी वाहिनी के जवान किसी भी परिस्थिति से निपटने पूरी तरह से तैयार हैं और नक्सलियों के किसी भी साजिस को नाकाम करने मुस्तैद हैं। बीएसएफ4 थी वाहिनी क्षेत्र में विभिन्न जनसरोकार से जुड़ी हुई कार्यक्रम मेडिकल केम्प व शिविक एक्शन के तहत कराती रही है जो आगे भी जारी रहेगी और आमजन को इसका लाभ मिलता रहेगा। बीएसएफ 4थी वाहिनी का सामरिक मुख्यालय कोयलीबेड़ा में हैं जहां से सैकड़ों जवान छः केम्पों उदनपुर, धुट्टा, सुलंगी, सिकसोड़, चारगांव व एटेबालका में अपनी सेवाएं दे रहे हैं ।

मंदिरहसौद में गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर शोभायात्रा आज

मंत्री डॉ. शिव डहरिया और ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्रकुमार होंगे शामिल

झांकी, पंथी नर्तक दल, अखाड़ा दल करेंगे कला और शौर्य-प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। गुरू घासीदास बाबा जी की 263वीं जयंती के उपलक्ष्य पर 17 दिसम्बर को रायपुर जिले के मंदिर हसौद में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया और ग्रामोद्योग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार शोभायात्रा में शामिल होंगे। शोभायात्रा का आयोजन प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ सतनाती युवा महासंगठन के तत्वाधान में होगा। महासंगठन के प्रातांध्यक्ष भानुप्रताप डहरिया के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधीमंडल द्वारा मंत्रियों से सौजन्य मुलाकात शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।

बाबा गुरू घासीदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सात संतों के समूह श्वेत ध्वज लेकर शोभायात्रा का अगुवानी करेंगे। इस दौरान भव्य झांकी निकाली जाएगी। प्रदेश भर से आए पंथी दल, अखाड़ा दल, मंगल भजन दल कला और शौर्य प्रदर्शन करेंगे। शोभायात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी नारायण कुर्रे, बेदराम मनहरे करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में गुरू खुशवंत साहेब, पूर्व विधायक संजय ढ़ीढ़ी, नवीन मारकण्डेय, जिला पंचायत सदस्य पीयूष कोसरे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमानंद जांगड़े, मंदिरहसौद की सरंपच श्रीमती धनपत गायकवाड़ शामिल होगे।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास का नया अध्याय गढ़ रही महिलाएं

विभिन्न आर्थिक योजनाओं से जुड़कर बन रहीं आत्मनिर्भर

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के आकांक्षी जिला दंतेवाड़ा की महिलाएं विकास की दौड़ में अपने कदम बढ़ा रही हैं। दंतेवाड़ा में ई रिक्शा चलाकर यात्रियों को मंजिल तक पहुंचाने वाली महिलाओं की तारीफ तो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी कर चुके हैं। आत्मनिर्भरता का पर्याय बन चुकी महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं यहां ई-रिक्शा चलाने के साथ कड़कनाथ मुर्गी पालन, सेनिटरी पैड निर्माण, मध्यान्ह भोजन जैसे कई कार्य कर अपने परिवार को संबल प्रदान कर रहीं हैं। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा शुरू किये गए 'मेहरार चो मान' कार्यक्रम के तहत किशोरियों और ग्रामीण महिलाओं को निःशुल्क सेनिटरी पैड वितरण कर जागरूक कर रहीं है।

नई दिशा महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष निकिता मरकाम ने बताया कि ग्राम संगठन के माध्यम से सेनिटरी पैड का निर्माण का काम किया जाता है, ग्राम संगठन में कुल 19 महिला स्व-सहायता समूह जुड़े हैं। उनके समूह की 10 महिलाएं सेनेटरी पैड बनाने का काम करती है,अन्य महिलाएं कड़कनाथ मुर्गीपालन,मध्यान भोजन और चूड़ी खरीद कर बेचने का काम करती है,जिससे उन्हें 5 से 6 हजार महीने की कमाई हो जाती है। उन्होंने बताया कि

उनके समूह ने बैक लिंकेज के माध्यम से पहले 3 लाख,उसके बाद दोबारा 1 लाख रूपए का लोन लिया था जिसका पूरा भुगतान कर दिया है। अब काम के लिए वो फिर से 3 लाख रूपये लेने की योजना बना रहीं हैं। निकिता कहती हैं कि पहले थोड़ी घबराहट थी पर अब उन्हें विश्वास है कि वो मिलकर बैंक का पूरा पैसा समय पर वापस कर देंगी। 12 वीं तक पढ़ी निकिता ने बताया कि उसके समूह की 3-4 महिलाएं ही 8वीं से 12 वीं तक पढ़ी लिखी हैं। कम पढ़ी लिखी होने के कारण उनके पास रोजगार की समस्या थी लेकिन समूहों और ग्राम संगठन से जुड़ने के बाद उनकी आर्थिक स्थिति सुधरी है और महिलाएं बहुत खुश हैं। श्रीमती निकिता ने बताया कि हमारे समूह को जिला पंचायत की तरफसे ई-रिक्शा मिला हुआ है। रिक्शे के लिए सिर्फ50 हजार रूपए ही किश्तों में जमा करना है। जिला पंचायत की ओर से लाइवली हुड कॉलेज की से हमें ई रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। दो-चार महिलाओं के सीखने के बाद उन लोगों ने खुद एक दूसरे को रिक्शा चलाना सिखा दिया। ई रिक्शा मिल जाने से हमारी बहुत सी मुश्किलें आसान हो गई हैं। अब वे यात्रियों को लाने ले जाने के साथ ही, सामान लाने ले जाने के लिए भी रिक्शे का उपयोग करती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम संगठन के माध्यम से 1 प्रतिशत की दर से और समूह के द्वारा महिलाओं को 2 प्रतिशत की दर से लोन उपलब्ध कराया जाता है। इससे समूह की आय भी होती है और जरूरत के समय महिलाओं को पैसे भी मिल जाते हैं। मां दंतेश्वरी स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती अनिता ठाकुर ने बताया कि जिले के सेनेटरी पैड निर्माण से महिलाएं हर माह 4-5 हजार रूपए की कमाई कर लेती हैं। समूह की दूसरी महिलाएं ईंट बनाने, साग-सब्जी उत्पादन और बेचने,मध्यान भोजन और कड़कनाथ मुर्गी पालन का काम करती हैं।